CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 20°C

देहरादून, बुधवार 22 अप्रैल 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 254 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2083 | 3 जिलकदा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

UPES
UNIVERSITY OF TOMORROW
India's AI-FIRST University

Transdisciplinary and Experiential Pedagogy
Eminent faculty from IITs, IIMs, and Ivy League
Economists, CEOs, Diplomats, and Thought Leaders in the Classroom

BA (HONS.) ADMISSIONS 2026
BA (Hons.) Political Science | BA (Hons.) Philosophy
BA (Hons.) History | BA (Hons.) Sociology
BA (Hons.) English

Upto 25% FEE WAIVER for Uttarakhand Domicile Students*
Upto 30% SCHOLARSHIP for Girl Students*

SCAN TO APPLY

LAST DATE TO APPLY - APRIL 29, 2026

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रम्प व वेंस पर टिप्पणी करने वाला CDS का वीडियो फर्जी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के दुष्प्रचार नेटवर्क ने इंटरनेट पर भ्रामक सामग्री प्रसारित करते हुए छेड़छाड़ किया गया डाक्टर्ड वीडियो साझा किया गया है, जिसमें झूठा दावा किया गया है कि भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यापक रूप से साझा किए गए इस क्लिप में संदर्भ को बिगाड़कर पेश किया गया है। यह राजनयिक संबंधों में तनाव पैदा करने और जनता को गुमराह करने के समन्वित प्रयासों का हिस्सा लग रहा है। जनरल अनिल चौहान के एक पुराने साक्षात्कार से निकाले गए इस जोड़-तोड़ वाले क्लिप में उन्हें कथित तौर पर ईरान के साथ युद्धविराम वार्ता के सिलसिले में जेडी वेंस की पाकिस्तान यात्रा पर टिप्पणी करते हुए दिखाया गया है।

### पाक ने नई 'तैमूर' क्रूज मिसाइल का किया सफल परीक्षण

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने समुद्री मारक क्षमताओं को और धार देते हुए स्वदेश विकसित 'तैमूर' एयर-लॉन्च क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। देश की सैन्य-मीडिया विंग, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के जारी एक बयान के अनुसार, पाकिस्तानी नौसेना ने तैमूर मिसाइल का परीक्षण किया। यह एक ऐसी जहाज-रोधी हथियार प्रणाली है, जो लंबी दूरी तक सटीक हमला करने में सक्षम है। बयान में कहा गया है कि मिसाइल ने अपने मिशन को असाधारण सटीकता के साथ पूरा किया है। यह समुद्री खतरों का पता लगाने, उन पर नजर रखने और उन्हें बेअसर करने की क्षमता रखती है।

### पाकिस्तानी अपराधी मॉड्यूल के दो सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक बड़ी खुफिया कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान स्थित गैंगस्टर और आईएसआई के कथित गुर्गे शहजाद भट्टी से जुड़े एक अपराधी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने दो युवा गुर्गों को गिरफ्तार किया है, जो कथित तौर पर दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में लक्षित हत्याओं (टारगेट किलिंग) और हमलों की योजना बना रहे थे। पुलिस उपायुक्त (स्पेशल सेल) प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी शहजाद भट्टी के निर्देश पर काम कर रहे थे और गोलीबारी तथा ग्रेनेड हमले करने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थे।

### रक्षा मंत्रालय ने किए 975 करोड़ के अनुबंध पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने टी-72, टी-90 टैंकों के लिए ट्रॉल असेंबली की खरीद के लिए भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) और इलेक्ट्रो न्यूमेटिक्स एंड हाइड्रोलिक्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के साथ लगभग 975 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में इन अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए गए।

# शांतिवार्ता पर सस्पेंस खत्म

## ईरान का प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान जाने के लिए राजी

इस्लामाबाद, वार्ता

**पश्चिम एशिया** में जारी तनाव के बीच दो क्षेत्रीय अधिकारियों ने मंगलवार को जानकारी दी है कि अमेरिका और ईरान ने इस्लामाबाद में युद्धविराम वार्ता के नए दौर के लिए संकेत दिए हैं। हालांकि, अभी तक अमेरिका या ईरान ने सार्वजनिक रूप से बातचीत के समय की पुष्टि नहीं की है।

अधिकारियों की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब, ईरान के सरकारी टेलीविजन ने भी इस बात से इन्कार किया है कि उनका कोई अधिकारी अभी पाकिस्तान की राजधानी में मौजूद है। पाकिस्तान की अगुवाई कर रहे मध्यस्थों को इस संबंध में पुष्टि मिल गई है। अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मुख्य वार्ताकार बुधवार सुबह इस्लामाबाद पहुंचेंगे। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर गालिबाफ अपनी-अपनी टीमों का नेतृत्व करेंगे। यह बातचीत ऐसे समय में हो रही है जब दो हफ्ते का युद्धविराम खत्म होने वाला है। इस कूटनीतिक हलचल के बीच वाशिंगटन से काफी कड़े बयान आ रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर समझौता नहीं हुआ, तो वह ईरान के बिजली संयंत्रों को निशाना बनाएंगे। ट्रम्प ने ऑपरेशन मिडनाइट हैमर का जिक्र करते हुए इसे परमाणु ठिकानों को पूरी तरह खत्म करने वाली कार्रवाई बताया। वहीं ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद गालिबाफ ने इन धमकियों का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह बातचीत की मेज को आत्मसमर्पण की मेज में बदलना चाहता है। गालिबाफ ने साफ किया कि ईरान धमकियों के साये में बातचीत स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि पिछले दो हफ्तों में ईरान ने युद्ध के मैदान में नए पत्ते खोलने की पूरी तैयारी कर ली है।



- मुख्य वार्ताकार आज सुबह इस्लामाबाद पहुंचेंगे
- अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर गालिबाफ अपनी-अपनी टीमों का नेतृत्व करेंगे

### शानदार समझौते के साथ होगा अंत, शांति वार्ता पर बोले ट्रम्प, युद्धविराम बढ़ाने से किया इन्कार

**वाशिंगटन।** दुनिया भर की निगाहें इस समय अमेरिका और ईरान के बीच मंडरा रहे युद्ध के बादलों पर टिकी हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस तनावपूर्ण माहौल में अपनी स्थिति साफ कर दी है कि शांति की समय सीमा अब समाप्त हो चुकी है। ट्रम्प ने स्पष्ट कर दिया है कि 22 अप्रैल की आधी रात के बाद वह किसी भी कीमत पर युद्धविराम को आगे नहीं बढ़ाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सीएनबीसी को दिए एक साक्षात्कार में बहुत स्पष्ट शब्दों में कहा है कि कूटनीति के लिए अब और समय देना मुमकिन नहीं है। ट्रम्प ने कहा कि हमारे पास इतना समय नहीं है। समय सीमा 22 अप्रैल है और मैं युद्धविराम को बढ़ाना नहीं चाहता। जब उनसे पूछा गया कि क्या समझौता न होने पर वह फिर से सैन्य कार्रवाई करेंगे, तो ट्रम्प ने बिना झिझक कहा कि वह बमबारी की उम्मीद कर रहे हैं, क्योंकि उनका मानना है कि इसी रवैये के साथ आगे बढ़ना बेहतर है।

### पाक ने भारतीय विमानों के लिए अपना एयरस्पेस 24 मई तक किया बंद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने मंगलवार को भारतीय विमानों के लिए अपना एयरस्पेस 24 मई तक बंद रखने का फैसला किया है। अब ये पाबंदियां एक साल से भी ज्यादा समय तक लागू रहेंगी। पिछले साल 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान ने एक-दूसरे के विमानों के लिए अपना-अपना एयरस्पेस बंद कर दिया था। हमले में 26 लोग मारे गए थे। 24 अप्रैल, 2025 से भारतीय विमानों के लिए पाकिस्तान का एयरस्पेस पेस बंद है, वहीं दूसरी तरफ पिछले साल 30 अप्रैल से पाकिस्तानी विमानों को भारतीय एयरस्पेस इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं है।

# छूने से देवता अपवित्र कैसे होते हैं: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सबरीमाला मंदिर की सुनवाई के दौरान उठा सवाल, छठे दिन परंपरा व प्रथा पर हुए तर्क
- सबरीमाला के वकील बोले: भगवान अयप्पा ब्रह्मचारी, इसलिए पूजा की प्रथा भी वैसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में केरल के सबरीमाला मंदिर समेत विभिन्न धर्मों और धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ कथित भेदभाव से जुड़े मामलों पर सुनवाई जारी है। इसके लिए अदालत ने 9 न्यायाधीशों की संविधान पीठ का गठन किया है, जो 2018 के फैसले के खिलाफ दायर समीक्षा याचिकाओं पर विचार कर रही है।

सुनवाई के दौरान अदालत ने पूछा कि यदि किसी आस्थावान भक्त को देवता को छूने से रोका जाता है, तो क्या ऐसे में संविधान उसकी रक्षा के लिए आगे नहीं आएगा? यह टिप्पणी जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने उस समय की, जब यह चर्चा चल रही थी कि जन्म या परंपरा के आधार पर किसी को पूजा-अधिकार से वंचित किया जा सकता है या नहीं। कोर्ट ने पूछा, 'मूर्ति छूना ईश्वर का अपमान कैसे हो सकता है और वे अपवित्र कैसे हो जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि क्या संविधान उस भक्त की मदद के लिए आगे नहीं आएगा, जिसे केवल उसके वंश और जन्म के कारण देवता को छूने से रोक दिया जाता है। इस पर सबरीमाला के वकील एडवोकेट वी. गिरी ने कहा किसी भी मंदिर में होने वाले रीति-रिवाज उस धर्म का अभिन्न हिस्सा होते हैं। पूजा देवता की विशेषताओं के उलट नहीं हो सकती। भगवान अयप्पा 'नैष्ठिक ब्रह्मचारी' हैं, इसलिए वहां की परंपराएं उसी के अनुरूप तय की गई हैं। मामले में मंदिर के प्रमुख पुजारी की ओर से कहा गया कि पूजा की परंपराएं और अनुष्ठान धर्म का अभिन्न हिस्सा हैं और इन्हें धार्मिक अधिकार माना जाना चाहिए। उनके अनुसार, भक्त जब मंदिर आता है तो उसे देवता के स्वरूप और उसकी परंपराओं को स्वीकार करना होता है। सबरीमाला मामले के साथ-साथ अदालत अनुच्छेद 25 के तहत धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़े कई अहम मुद्दों की भी जांच कर रही है। इनमें मस्जिदों और दरगाहों में मुस्लिम महिलाओं के प्रवेश, अंतरधार्मिक विवाह के बाद पारसी महिलाओं के अग्नि मंदिर में प्रवेश का अधिकार, बहिष्कार की प्रथाओं की वैधता और दाऊदी बोहरा समुदाय में महिला जननांग विकृति से जुड़े कानूनी सवाल शामिल हैं। सुनवाई के पहले दिन संविधान पीठ ने स्पष्ट किया कि सभी पक्षकारों को तय समयसीमा के भीतर ही अपनी दलीलें प्रस्तुत करनी होंगी। अदालत ने कहा कि अन्य महत्वपूर्ण मामले भी लंबित हैं, इसलिए अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। सभी वकीलों को अपने तर्क और दस्तावेज समय पर पेश करने के निर्देश दिए गए हैं।



मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई का पूरा कार्यक्रम पहले ही तय कर दिया था। इसमें समीक्षा याचिकाओं के समर्थन में दलीलें 7 से 9 अप्रैल तक सुनी गईं। विरोधी पक्ष की दलीलें 14 से 16 अप्रैल तक रखी गईं। जवाबी दलीलें 21 अप्रैल को और अंतिम बहस एमिकस क्यूरी की ओर से 22 अप्रैल तक पूरी होने की संभावना है।

### तमिलनाडु व पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार थमा गुरुवार को होगा मतदान

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में गुरुवार को होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान मंगलवार शाम पांच बजे थम गया। तमिलनाडु की सभी 234 सीटों और पश्चिम बंगाल के पहले चरण के लिए 152 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान होगा। चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार मतदान समाप्त होने से 48 घंटे पहले जनसभाएं रोक दी जाती है। प्रचार थमने के बाद उम्मीदवार और उनके कार्यकर्ता मतदाताओं से घर-घर जाकर संपर्क साधते हैं। दोनों राज्यों में 23 अप्रैल को मतदान सुबह सात बजे शुरू होगा। पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण का चुनाव 29 अप्रैल को होगा, जिसमें 142 सीटों पर मतदान कराया जाएगा। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार तमिलनाडु में कुल 4,023 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे हैं। वहां मुख्य मुकाबला वर्तमान सत्तारूढ़ द्रविड़ मनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले गठबंधन और उसके मुख्य प्रतिद्वंदी अन्नाद्रमुक, गैर-भारतीय जनता पार्टी बीच है।

# केरल में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 13 की मौत

**त्रिशूर।** केरल के त्रिशूर जिले के मुंडथिक्कोडु इलाके में मंगलवार को एक पटाखा निर्माण यूनिट में भीषण विस्फोट हो गया। इस विस्फोट में 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब शहर में आयोजित होने वाले वार्षिक हिंदू मंदिर उत्सव त्रिशूर पूरम की तैयारियां चल रही थीं। इस घटना पर पीएम मोदी ने दुख जताया है।

घटनास्थल पर पहुंचे राज्य सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट के समय यूनिट में करीब 40 लोग काम कर रहे थे, क्योंकि आयोजकों द्वारा कर्मचारियों के लिए दोपहर का भोजन लाया गया था। अधिकारी ने कहा कि हमें सूचना मिली है कि सात लोग वहां से भागने में सफल रहे। बताया जा रहा है कि यह विस्फोट उस पटाखा इकाई में हुआ, जहां त्रिशूर पूरम के थिरुवंबाडी गुट के लिए आतिशबाजी के सैंपल तैयार किए जा रहे थे। इस घटना में अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है और 5 लोगों की हालत बेहद ही गंभीर बताई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, घटनास्थल पर बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री रखी हुई थी, जिसमें आग लगने के बाद जोरदार धमाका हुआ। प्रारंभिक जानकारी में लगभग 40 लोगों के घायल होने की बात सामने आई थी, जिनमें से कम से कम पांच की हालत गंभीर बताई गई थी। घटना के तुरंत बाद एंबुलेंस मौके पर पहुंचीं और प्रशासन ने त्रिशूर मेडिकल कॉलेज सहित आसपास के अस्पतालों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए, ताकि आपात स्थिति से निपटा जा सके। विस्फोट के बाद इलाके में घना धुआं और आग फैल गई, जिससे बचाव कार्यों में भी कठिनाई आई। घटनास्थल पर मौजूद अधजले और बिना फटे विस्फोटकों के कारण राहत एवं बचाव कार्य प्रभावित हुआ।पुलिस और आपातकालीन सेवाओं की टीमें मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गईं। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि इसकी आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनी गई, जिससे धमाके की तीव्रता और वहां मौजूद विस्फोटक सामग्री के पैमाने का अंदाजा लगाया जा सकता है। राज्य संचालित केआईएलए के कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने तेज धमाके की आवाज सुनी और पहले उन्हें लगा कि यह भूकंप है।



- कई अन्य लोग घायल, पीएम ने जताया दुख

### मध्य प्रदेश में रात में लू का अलर्ट, महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ में ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी का समय बदला

**नई दिल्ली।** देश के मैदानी इलाकों में तेज गर्मी जारी है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, यूपी, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, ओडिशा और दिल्ली में कई जगह पारा 44 डिग्री के पार पहुंच गया है। कई जगह लू का भी अलर्ट है। मध्य प्रदेश के भोपाल में पहली बार रात में लू चलने की चेतावनी दी गई है। भोपाल, छिंदवाड़ा, मंडला, नर्मदापुरम, ग्वालियर, रतलाम और छतरपुर समेत 16 जिलों में लू चलने के आसार हैं। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज में 44.4 डिग्री के साथ देश में सबसे गर्म रहा। गर्मी को देखते हुए 8वीं तक के स्कूलों का टाइम बदल दिया गया है। झारखंड में भी आज से स्कूलों के समय में बदलाव किया है। महाराष्ट्र के गोंदिया और छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में पारा 43 डिग्री दर्ज हुआ। दोनों जिलों में दोपहर 12:30 बजे से 4 बजे तक ट्रैफिक सिग्नल बंद कर दिए गए हैं, ताकि लोगों को चौराहों पर धूप में खड़ा न रहना पड़े। दोनों ही राज्यों में दोपहर 12 से 4 बजे तक धूप में काम करने पर रोक लगा दी गई है।

# पहलगाम हमले के एक साल बाद भी बैसारन मैदान बंद

पहलगाम, वार्ता

**कश्मीर के** प्रमुख पर्यटन स्थल पहलगाम में पर्यटकों की वापसी शुरू तो हुई है, लेकिन संख्या अब भी कम बनी हुई है। इसका बड़ा कारण बैसारन घास का मैदान अब भी बंद होना है, जहां पिछले वर्ष आतंकवादियों ने 25 पर्यटकों और एक स्थानीय व्यक्ति की हत्या कर दी थी।

बैसारन में 22 अप्रैल को हुए हमले में कुल 26 लोगों की जानें गई थी, जिससे भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया था। हालात अब सामान्य हुए हैं, लेकिन 'मिनी स्विट्जरलैंड' के नाम से मशहूर बैसारन अब तक बंद है, जिससे पर्यटकों का भरोसा पूरी तरह बहाल नहीं हो पाया है। हमले के बाद बंद किए गए कई पर्यटन स्थलों को फिर से खोल दिया गया है, लेकिन बैसारन बंद ही रहा है। प्रवेश द्वार पर सरकार ने एक स्मारक बनाया है, जहां हमले में मारे गए 26 लोगों के नाम दर्ज हैं। पर्यटक वहां तस्वीरें लेते हैं, नाम पढ़ते हैं और फिर लिद्दर नदी के किनारे घूमकर लौट जाते हैं। पहलगाम टैक्सी ड्राइवर संघ के अध्यक्ष गुलाम नबी लोन ने कहा कि पर्यटक आ तो रहे हैं, लेकिन रात नहीं रुक रहे। इससे टैक्सी, घुड़सवारी और होटल व्यवसाय पर असर पड़ रहा है। अधिकारियों के अनुसार, पिछले साल पहलगाम में करीब चार लाख पर्यटक आए, जो सामान्य 12.15 लाख की तुलना में काफी कम है। स्थानीय कारोबारी इस गिरावट के लिए बैसारन और आसपास के स्थलों के बंद रहने को जिम्मेदार मानते हैं। स्थानीय पर्यटन से जुड़े लोगों का कहना है कि बैसारन पहले कभी बंद नहीं रहा और इसे जल्द खोलने की मांग लंबे समय से की जा रही है। उन्होंने चंदनवाड़ी के बंद होने पर भी चिंता जताई और कहा कि प्रमुख स्थल बंद होने से पर्यटक ठहरने के बजाय जल्दी लौट जाते हैं। फिलहाल मुख्य पहलगाम के बाहर केवल बेटाब वैली ही पर्यटकों के लिए खुली है। यहां करीब 5000 पोनीवाले और होटल व्यवसाई इस स्थिति से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने टैक्सी चालकों, पोनीवालों और होटल कर्मचारियों को क्यूआर कोड जारी करना शुरू किया है। अब तक करीब 7000 लोगों को सत्यापन के बाद यह कोड दिया जा चुका है, और लक्ष्य 25,000 लोगों को शामिल करने का है। यह देश का पहला ऐसा स्थान है, जहां पहचान के लिए क्यूआर आधारित प्रणाली लागू की जा रही है। पोनीवाला एसोसिएशन के अध्यक्ष अब्दुल वहीद वानी ने कहा कि सुरक्षा इंतजाम बेहतर हुए हैं, लेकिन बैसारन के बंद रहने से पर्यटन को भारी नुकसान हो रहा है। पर्यटक भी बैसारन को खोलने की मांग कर रहे हैं। मुंबई से आए एक पर्यटक ने कहा कि मैं यहां घूमने आया हूं, डर नहीं है, लेकिन बैसारन बंद देखना निराशाजनक है। बैसारन जाने वाले रास्ते पर सुरक्षा बलों ने नाके लगाए हैं और एक सीमा से आगे किसी को जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है।



- 'मिनी स्विट्जरलैंड' के नाम से मशहूर है बैसारन, पर्यटकों का भरोसा पूरी तरह बहाल नहीं हो पाया

# कांग्रेस ने पीएम के खिलाफ दिया विशेषाधिकार हनन का नोटिस

- लोकसभा स्पीकर को लेटर लिखा
- कहा: सांसदों के वोट पर टिप्पणी नियमों के खिलाफ

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ लोकसभा में विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को लेटर लिखकर कहा कि पीएम ने 'राष्ट्र के नाम संबोधन' में विपक्षी सांसदों के वोट और उनके इरादों पर सवाल उठाए थे। यह नियमों के खिलाफ है।

वेणुगोपाल ने लिखा कि पीएम ने करीब 29 मिनट के संबोधन में विपक्षी दलों पर महिला आरक्षण बिल रोकने का आरोप लगाया। सांसदों के वोटिंग पैटर्न पर सवाल उठाए। उनके फैसलों के पीछे की मंशा पर भी टिप्पणी की। कांग्रेस सांसद ने मांग की है कि इस मामले को लोकसभा की विशेषाधिकार समिति को भेजा जाए और पीएम के खिलाफ कार्रवाई शुरू की जाए। स्पीकर को लिखे लेटर में कहा कि इस तरह के बयान चुने हुए सांसदों की स्वतंत्रता और उनकी ईमानदारी पर सवाल खड़े करते हैं। इससे संसद की गरिमा और अधिकार कमजोर होते हैं। संविधान सांसदों को स्वतंत्र रूप से काम करने का अधिकार देता है। कोई भी व्यक्ति यहां तक कि प्रधानमंत्री भी, उनके वोट या आचरण पर सवाल नहीं उठा सकता।

## संक्षिप्त समाचार

### आप है ड्रामा पार्टी व केजरीवाल उसके निर्देशक: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने आबकारी नीति से संबंधित मामले को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को लेकर आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा है और उसे ड्रामा पार्टी करार देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को उसका निर्देशक बताया है। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बताया कि केजरीवाल ने गत 13 मार्च को न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा के समक्ष अर्जी लगाई और कहा कि हमें आप पसंद नहीं हैं, आप स्वयं ही इस मामले को त्याग दीजिए। इसके बाद इस देश की न्यायपालिका के खिलाफ सोचा समझा षड्यंत्र शुरू हुआ।

### पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर गरजेंगे वायुसेना के लड़ाकू जहाज

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर 22 और 23 अप्रैल को एक बार फिर वायुसेना का युद्धाभ्यास होने जा रहा हैं, जहां लड़ाकू जहाज हवाई पट्टी को छूते हुए उड़ान भरेंगे। भारतीय वायुसेना सुलतानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर स्थित अरवल कीरी-करवत हवाई पट्टी पर कल 22 और 23 अप्रैल को युद्धाभ्यास आयोजित करेगी। इस अभ्यास में अत्याधुनिक लड़ाकू विमान अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगे। वायुसेना के अधिकारियों ने आपातकालीन हवाई पट्टी पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया है। यूपीडा के प्रोजेक्ट मैनेजर इमरान खान ने बताया कि लड़ाकू विमानों के उतरने, उड़ान भरने और विशेष युद्धाभ्यास के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वायुसेना ने हवाई पट्टी के परीक्षण के लिए 22 अप्रैल का कार्यक्रम तय किया है।

### 25 अप्रैल तक दिन के समय लू चलने की चेतावनी जारी

# उप्र में अगले पांच दिन आसमान से बरसेगी 'आग'

शाह टाइम्स ब्यूरो



- कई जिलों में पारा 44 डिग्री के पार
- वेस्ट यूपी में 27 को कहीं-कहीं गरज चमक के साथ बौछारें पड़ेंगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले कई दिनों तक भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी रहने के आसार हैं। मौसम विभाग ने पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के अनेक हिस्सों में 25 अप्रैल तक दिन के समय लू चलने की चेता. वनी जारी की है।

राज्य के अधिकांश भागों में फिलहाल मौसम शुष्क रहने की संभावना है, जबकि 27 अप्रैल को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की बारिश अथवा बौछार पड़ सकती है। मौसम विभाग के लखनऊ केंद्र द्वारा जारी दैनिक बुलेटिन के अनुसार 21 से 26 अप्रैल तक पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में सामान्यत: मौसम शुष्क रहेगा। इस दौरान तेज धूप, गर्म हवाएं और तापमान में वृद्धि के कारण जनजीवन प्रभावित हो सकता है।

27 अप्रैल को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं वर्षा अथवा गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना व्यक्त की गई है, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। राजधानी लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, झांसी, आगरा, मेरठ, गोरखपुर, बरेली, मुरादाबाद और अयोध्या समेत अनेक जिलों में अधिकतम तापमान 40 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। बुंदेलखंड और दक्षिणी हिस्सों में गर्मी का प्रभाव अधिक रह सकता है, जहां झांसी, बांदा, हमीरपुर और आसपास के क्षेत्रों में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर पहुंचने के आसार हैं। वहीं प्रयागराज, कानपुर और वाराणसी मंडल में भी गर्म हवाओं के कारण तीखी गर्मी महसूस की जाएगी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आगरा, अलीगढ़, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, सहारनपुर और मुरादाबाद मंडल में दिन के समय तेज धूप और गर्म हवाओं का असर बना रहेगा। मौसम विभाग ने 22 से 25 अप्रैल के बीच पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं लू चलने की संभावना जताई है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, बस्ती, आजमगढ़, देवरिया, बलिया, गाजीपुर, जौनपुर और वाराणसी मंडल में 21 अप्रैल से 25 अप्रैल के बीच कई स्थानों पर लू की स्थिति बन सकती है। विभाग ने 23 और 24 अप्रैल को पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर लू चलने की विशेष चेतावनी दी है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे के बीच बाहर निकलने से बचना चाहिए। पर्याप्त पानी पीना, हल्के सूती वस्त्र पहनना, बच्चों और बुजुर्गों को धूप से बचाना तथा आवश्यक होने पर ही यात्रा करना उचित रहेगा।

### किसानों व श्रमिकों को धूप से बचने की सलाह

खेतों में कार्य करने वाले किसान और श्रमिकों को भी धूप से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग ने कहा है कि 26 और 27 अप्रैल को अधिकांश क्षेत्रों में लू से राहत मिल सकती है, हालांकि तापमान ऊंचा बना रह सकता है। राज्य सरकार और जिला प्रशासन को भीषण गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं और पेयजल आपूर्ति पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होगी।

## पीएम मोदी 29 को करेंगे गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन

लखनऊ, वार्ता

- 120 किमी होगी स्पीड, मेरठ-प्रयागराज सफर सिमटेगा 6-7 घंटे में

उत्तर प्रदेश की महत्वाकांक्षी परियोजना गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। 594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे शुरू होने के बाद मेरठ से प्रयागराज के बीच यात्रा समय घटकर महज 6 से 7 घंटे रह जाएगा, जो अभी 10 से 12 घंटे लगता है।

अधिकारियों के अनुसार एक्सप्रेसवे को 120 किमी प्रति घंटा की अधिकतम गति के अनुरूप डिजाइन किया गया है। यह छह लेन का एक्सप्रेसवे है, जिसे भविष्य में आठ लेन तक विस्तारित करने की व्यवस्था की गई है। परियोजना का निर्माण उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा कराया गया है। एक्सप्रेसवे को 120 मीटर राइट-ऑफ-वे के साथ चार पैकेज में विकसित किया गया है, जिससे निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से और उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरा किया जा सके। प्रवेश बिंदुओं पर मेरठ और प्रयागराज में मुख्य टोल प्लाजा बनाए गए हैं, जबकि मार्ग पर 19 रैंप टोल प्लाजा स्थापित किए गए हैं, जिससे यात्रियों को सुविधाजनक आवागमन मिल सके। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मार्ग पर नौ पब्लिक यूटिलिटी कॉम्प्लेक्स विकसित किए गए हैं। इनमें ईंधन स्टेशन, फूड कोर्ट, विश्राम स्थल और स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे लंबी दूरी की यात्रा अधिक आरामदायक बनेगी।

## महिला सशक्तिकरण को प्रतिबद्ध सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो



- हर पात्र महिला तक योजना पहुंचाने का लक्ष्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार महिला सशक्तिकरण को लेकर लगातार सक्रिय है। महिलाओं को आर्थिक, सामा. जिक और सुरक्षा के स्तर पर मजबूत बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

इसी कड़ी में विधवा पेंशन योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस योजना के तहत प्रदेश में 40.32 लाख से अधिक निराश्रित महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। महिला कल्याण विभाग की इस पहल के माध्यम से उन महिलाओं तक सीधे मदद पहुंचाई जा रही है, जिन्हें पति के निधन के बाद आजीविका संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार अब तक कुल 40,32,629 महिलाएं इस योजना से लाभान्वित हो चुकी हैं। योजना के अंतर्गत पेंशन राशि वर्ष में चार किस्तों में जारी की जाती है, जिसमें अप्रैल-जून, जुलाई-सितम्बर, अक्टूबर-दिसम्बर और जनवरी-मार्च की तिमाहियां शामिल हैं। वर्ष 2021 में सरकार ने एक अहम निर्णय लेते हुए पेंशन राशि को 500 से बढ़ाकर 1,000 कर दिया था। यह धनराशि लाभार्थियों के आधार से जुड़े बैंक खातों में पीएफएमएस के माध्यम से सीधे हस्तांतरित की जाती है, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होती है। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2016-17 से पहले इस योजना का लाभ करीब 17.31 लाख महिलाओं को मिल रहा था, जो अब बढ़कर 40-32 लाख से अधिक हो गया है। यह वृद्धि दर्शाती है कि सरकार लगातार अधिक से अधिक जरूरतमंद महिलाओं को योजना से जोड़ रही है। योजना के तहत वही महिलाएं पात्र हैं, जो उत्तर प्रदेश की स्थाई निवासी हों, जिनके पति का निधन हो चुका हो, जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो तथा परिवार की वार्षिक आय 2 लाख से कम हो। इस संबंध में महिला कल्याण निदेशालय की निदेशक डा. वंदना वर्मा ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के समग्र सशक्तिकरण के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र महिला योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने यह भी कहा कि यह योजना केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और सम्मानपूर्वक जीवन जीने के लिए प्रेरित भी करती है।

## सीएम की अगुवाई में लखनऊ में महिला जनाक्रोश रैली

शाह टाइम्स ब्यूरो

- संसद में महिला बिल पास न होने पर सड़क पर उतरीं महिलाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से महिला आरक्षण बिल के समर्थन में 'महिला जन आक्रोश रैली' आयोजित की गई। योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में यह पदयात्रा मुख्यमंत्री आवास (कालीदास मार्ग) से शुरू होकर विधान भवन तक निकाली गई।

पदयात्रा में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह भी शामिल रहे। इसके अलावा महिला आयोग की अध्यक्ष व आयोग की टीम और सरकार के कई मंत्री भी पदयात्रा में मौजूद रहे। भाजपा महिला मोर्चा की सैकड़ों कार्यकर्ताओं समेत बड़ी संख्या में महिलाओं ने इस मार्च में भागीदारी की। शहर के लगभग सभी वार्डों से महिलाओं की उपस्थिति देखने को मिली, जिससे यह रैली एक बड़े शक्ति प्रदर्शन के रूप में सामने आई। पार्टी नेताओं के अनुसार यह पदयात्रा 'आधी आबादी' के अधिकारों की लड़ाई को लेकर निकाली गई है और इसका उद्देश्य महिला आरक्षण बिल के समर्थन में जनसमर्थन जुटाना है।

संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक के पारित न होने के बाद भाजपा ने विपक्ष के खिलाफ देशभर में अभियान चलाने का ऐलान किया था, जिसके तहत यह रैली आयोजित की गई। पदयात्रा सीएम आवास से निकलकर सिविल अस्पताल मार्ग होते हुए विधानसभा पहुंची, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यकर्ताओं और आमजन को संबोधित किया। भाजपा ने संकेत दिए हैं कि इस मुद्दे पर ब्लॉक स्तर से लेकर जिला मुख्यालयों तक इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित कर राजनीतिक माहौल को तेज किया जाएगा।

### महिला आरक्षण क्रियान्वयन की इच्छुक नहीं है मोदी सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व हमेशा महिला आरक्षण के पक्ष में रहा है और इसके लिए वह समय-समय पर वह सरकार पर दबाव भी बनाती रही है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार रणनीति के तहत इसको लागू नहीं कर रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि उनकी पार्टी करीब 10 साल से सरकार पर महिलाओं को आरक्षण देने का दबाव बना रही है और इस विधेयक को संसद में पारित कराने में भी अपना समर्थन दिया, लेकिन मोदी सरकार ने जानबूझकर और रणनीतिक तरीके से इसे परिसीमन विधेयक से जोड़ दिया, जिससे इसे लागू करने में अड़चन आई। उन्होंने कहा कि 2017 में तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भी महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के संबंध में श्रो मोदी को पत्र लिखा था। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी 16 जुलाई, 2018 को प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर महिला आरक्षण को तुरंत लागू करने की मांग की थी। रमेश ने कहा कि कांग्रेस का रुख महिला आरक्षण को लेकर अड़िग और अपरिवर्तित रहा है। गांधी के लिखे पत्र के आठ साल बाद भी, प्रधानमंत्री-परिस. ीमन से जोड़कर आरक्षण के कार्यान्वयन में देरी करने के इच्छुक हैं और इसलिए वह इस मांग पर कोई कार्रवाई नहीं की है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79273.33 |
| निफ्टी | 24576.60 |
| सोना (प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)) | 153594 |
| चांदी रु. (प्रति किलो) | 250210 |



## अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की उम्मीद में सेंसेक्स 753 अंक चढ़ा

मुंबई, वार्ता



अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते को जल्द अंतिम रूप मिलने की उम्मीद में मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी देखी गई और बीएसई का सेंसेक्स 753.03 अंक (0.96 प्रतिशत) चढ़कर 79,273.33 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचक. ांक भी 211.75 अंक यानी 0.87 प्रतिशत ऊपर 24,576.60 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का 5 मार्च के बाद का उच्चतम स्तर है। अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए आगे की वार्ता के उद्देश्य से भारतीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिका गया है। निवेशकों को उम्मीद है कि इस समझौते के लागू होने से दोनों देशों के लिए नए अवसर खुलेंगे और द्विपक्षीय व्यापार बढ़ेगा। बाजार में लिवाली चौतरफा रही और निवेशकों ने मझौली तथा छोटी कंपनियों में भी विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0. 47 प्रतिशत औघ स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.88 प्रतिशत चढ़ा। फार्मा और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों की हल्की गिरावट को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों के सूचकांक ऊपर रहे। एफएमसीजी समूह का सूचकांक ढाई प्रतिशत, रियलटी का दो प्रतिशत और निजी बैंकिंग समूह का डेढ़ फीसदी ऊपर बंद हुआ। वित्त, मीडिया, सार्वजनिक बैंकिंग, आईटी और रसायन समूहों के सूचकांक भी मजबूती में रहे। संसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट का शेयर साढ़े तीन प्रतिशत से अधिक चढ़ा। हिदुस्तान यूनीलिवर में भी तीन फीसदी से अधिक की तेजी रही। आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस और एचडीएफसी बैंक के शेयर दो से ढाई प्रतिशत तक मजबूत हुए। इटरनल, एक्सिस बैंक, आईटीसी, बजाज फिनसर्व, टीसीएस, एशियन पेंट्स, अडानी पोर्ट्स और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर एक से दो प्रतिशत की बढ़त में रहे।

### सोना और चांदी की कीमतों में फिर गिरावट

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी की कीमतों में फिर से गिरावट आई है। मंगलवार को एमसीएक्स पर दोनों कीमती धातुएं और सस्ती हो गई हैं। अब चांदी अपने हाई लेवल से 1. 89 लाख रुपये कम दाम पर मिल रही है। वायदा कारोबार में 5 मई की एक्सपायरी वाली चांदी का भाव अपने पिछले बंद 2,52,545 रुपये प्रति किलो की तुलना में ओपनिंग के साथ ही फिसलकर 2,50,210 रुपये प्रति किलो पर आ गया और इस हिसाब से चांदी 2,335 रुपये सस्ती हो गई। चांदी की तरह सोना भी लगातार टूटता जा रहा है। एमसीएक्स पर मंगलवार को सोना की कीमत भी फिसली है। बीते कारोबारी दिन 5 जून की एक्सपायरी वाला सोना 1,53,943 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था और ये खुलने के सात ही गिरकर 1,53,594 रुपये पर आ गया।

## चावल, दालों, खाद्य तेलों में नरमी गेहूं और चीनी के भाव में बढ़ोतरी

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल का औसत भाव टूट गया। चावल के साथ दालों और खाद्य तेलों में भी गिरावट रही। वहीं गेहूं और चीनी के दाम बढ़ गए। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 11 रुपये गिरकर 3,832 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं तीन रुपये महंगा हुआ और 2,783 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत पांच रुपये बढ़ गई। दाल-दलहनों में नरमी रही। उड़द दाल की औसत कीमत 14 रुपये घट गई। मूंग दाल 12 रुपये और मसूर दाल आठ रुपये सस्ती हुई। चना दाल का भाव सात रुपये और तुअर दाल का तीन रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जुलाई का पाम ऑयल वायदा 63 रिंगिट चढ़कर 4,561 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0. 82 प्रतिशत की मजबूती के साथ 69.87 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया।

स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 35 रुपये और वनस्पति की 28 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। सोया तेल 23 रुपये और मूंगफली तेल 16 रुपये सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल 14 रुपये और सरसों तेल छह रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 16 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। वहीं चीनी दो रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7673. 66 रुपये, मसूर काली 8080.20 रुपये, मूंग दाल 10160.65 रुपये, उड़द दाल 10793.48 रुपये, तुअर दाल 11250.43 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2782.62 रुपये और चावल 3832.41 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3264.78 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4302.53 रुपये और गुड़ 4991.99 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## यूपी बोर्ड 10वीं-12वीं परिणाम की तैयारी अंतिम चरण में, मूल्यांकन पूरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- 25 अप्रैल के बाद कभी भी जारी हो सकते हैं नतीजे

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के परिणाम घोषित करने की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंचा दी हैं। बोर्ड से जुड़े सूत्रों के अनुसार परिणाम 25 अप्रैल के बाद किसी भी दिन जारी किए जा सकते हैं। मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है और अब डेटा एंट्री, अंकों का मिलान तथा अंतिम सत्यापन का कार्य तेजी से चल रहा है।

इस वर्ष हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में 52 लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने भाग लिया। परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च तक प्रदेश भर के 8033 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गईं। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई तथा लखनऊ और प्रयागराज स्थित कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से लाइव मॉनिटरिंग की गई। बोर्ड सचिव भगवती सिंह ने बताया कि छात्र-छात्राएं अपना परिणाम आधिकारिक वेबसाइट upmsp.edu.in पर रोल नंबर के माध्यम से देख सकेंगे। इसके अतिरिक्त डिजीलॉकर और उमंग ऐप पर भी डिजिटल मार्कशीट उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे छात्रों को त्वरित सुविधा मिल सके। यूपी बोर्ड ने इस वर्ष उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए प्रदेश भर में 254 केंद्र बनाए थे। करीब 1.52 लाख शिक्षकों को मूल्यांकन कार्य में लगाया गया, जिनमें हाईस्कूल के लिए लगभग 96 हजार और इंटरमीडिएट के लिए 55 हजार से अधिक परीक्षक शामिल रहे। बोर्ड ने लगभग 2.80 करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन निर्धारित समय में पूरा कराया। परिणाम जारी होने के बाद स्क्रूटनी, अंक सुधार और अन्य औपचारिक प्रक्रियाएं भी शुरू कर दी जाएंगी। सफल छात्रों के लिए उच्च कक्षाओं और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया तेज होगी, जबकि असफल छात्रों के लिए पूरक परीक्षा एवं विशेष सहायता कक्षाओं की व्यवस्था की जाएगी। शिक्षा विभाग ने सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि परिणाम घोषित होते ही जिला स्तर पर समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएं और परीक्षा परिणाम का विश्लेषण किया जाए।

## सिंडिकेट, माफिया और गुंडाराज का अंत: शाह



- बंगाल में ममता सरकार पर जमकर बरसे

**वर्धमान।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। साथ ही बंगाल को घुसपैठियों से मुक्त कराने की बात कही है। अमित शाह ने कहा कि इस बार बंगाल में बीजेपी की सरकार बनने जा रही है। सरकार बनने के बाद बंगाल में यूसीसी लाएंगे। इसे कोई रोक नहीं पाएगा। शाह ने कहा कि इसके जरिए बंगाल में 4 शादियों पर भी बैन लगाया जाएगा।

अमित शाह ने कहा कि प्रदेश की टीएमसी सरकार में माफियाओं का बोल-बाला है। उन्होंने कहा कि नई सरकार राज्य में पनप रहे सिंडिकेट, माफिया और गुंडाराज का भी अंत करेगी। साथ ही बड़े माफियाओं का पर्दाफाश कर उन्हें सलाखों के पीछे डाला जाएगा। अमित शाह ने कुलटी में चुनावी रैली में कहा ये समय राज्य को घुसपैठियों से मुक्त कराने का है। बंगाल की जनता के पास ये सुनहरा अवसर है। अगर इस बार भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आई, तो योग्यता के आधार पर युवाओं को हर साल एक लाख नौकरियां दी जाएंगी। शाह ने आगे कहा कि भाजपा देश के लौह अयस्क उत्पादन केंद्र की औद्योगिक पहचान बहाल करेगी और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार सुनिश्चित करेगी।

## खड़गे ने पीएम मोदी को बताया 'आतंकवादी', भाजपा भड़की



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तमिलनाडु में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीएम मोदी को 'आतंकवादी' कहा। हालांकि बाद में सफाई देते हुए इसे 'आतंकित करने' के संदर्भ में बताया। बीजेपी ने इसे कांग्रेस की सोची-समझी साजिश करार दिया और तीखी निंदा की। बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि ये कोई जुबान फिसलना नहीं, बल्कि राहुल गांधी के इशारे पर कहा गया है। हालांकि खड़गे ने कहा कि उनके कहने का ये मतलब नहीं था। वो कहना चाह रहे थे कि पीएम आतंकित करते हैं। खड़गे के इस बयान पर बीजेपी आगबबूला है.

बीजेपी नेता संबित पात्रा ने कहा कि यह न सिर्फ निंदनीय है, बल्कि कांग्रेस पार्टी की मानसिकता को भी दिखाता है। भले ही वह कोई सफाई दे रहे हों, लेकिन याद रखिए कि यह कांग्रेस पार्टी की एक सोची-समझी साजिश है। हर रोज राहुल गांधी अपने भाषणों में प्रधानमंत्री के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल करते हैं और आज राहुल के इशारे पर खड़गे ने प्रधानमंत्री को आतंकवादी कह दिया। उन्होंने कहा कि यह वही कांग्रेस पार्टी है, जो ओसामा बिन लादेन को 'ओसामा जी' कहती है। यह वही कांग्रेस पार्टी है जो बड़े-बड़े आतंकवादियों के साथ खड़ी नजर आती है, फिर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आतंकवादी कहती है। संबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को याद रखना चाहिए कि जब भी कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल किया है, भारत की जनता ने उसे सजा दी है। इस बार भी भारत की जनता इसका जवाब देगी।

**खड़गे ने क्या कहा था?**- कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने तमिलनाडु में कहा कि ये एआईएडीएमके के लोग जो खुद अन्नादुरई की फोटो लगाते हैं, वो मोदी के साथ कैसे जुड़ सकते हैं? वह एक आतंकवादी हैं। उनकी पार्टी समानता और न्याय में विश्वास नहीं करेगी। इसके बाद अपनी टिप्पणी पर सफाई देते हुए कहा कि पीएम मोदी लोगों और राजनीतिक पार्टियों को डरा रहे हैं। मैंने कभी आतंकवादी नहीं कहा।

# आज खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** आस्था के विश्व विख्यात केंद्र केदारनाथ धाम के कपाट आज प्रात: 08:00 बजे शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। इसी के साथ बहुप्रतीक्षित केदारनाथ यात्रा का विधिवत शुभारंभ होगा।

कपाट उद्घाटन के इस पावन अवसर पर सूबे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी धाम पहुंचेंगे और पारंपरिक पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठानों में सम्मिलित होंगे। कपाट खुलने को लेकर देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में भक्त धाम पहुंच रहे हैं और बाबा के दर्शन के लिए उत्सुक हैं। कपाट खुलने से पूर्व बाबा केदारनाथ की पंचमुखी उत्सव डोली के धाम पहुंचने के साथ ही पूरे क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का माहौल चरम पर पहुंच गया है।

**व्यापक तैयारियां, श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं:** जिला प्रशासन ने यात्रा को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। यात्रा मार्गों की मरम्मत, यातायात प्रबंधन, पैदल मार्ग पर शौचालय, पेयजल, भोजन और आवास की सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। साथ ही विद्युत और सोलर लाइट की व्यवस्था भी की गई है। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करते हुए प्रत्येक दो किलोमीटर पर चिकित्सा सहायता केंद्र स्थापित किए गए हैं। वहीं, स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए आधुनिक शौचालयों के साथ गर्म पानी की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

**कड़े सुरक्षा इंतजाम:** यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह सतर्क हैं। यात्रा मार्ग से लेकर धाम परिसर तक व्यापक सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



■ सूबे के सीएम पुष्कर सिंह धामी रहेंगे मौजूद

### श्रद्धालुओं ने की व्यवस्थाओं की सराहना

देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रशासन की व्यवस्थाओं पर संतोष जताया है। उन्होंने स्वच्छता, सुविधाओं और बेहतर प्रबंधन की सराहना करते हुए यात्रा अनुभव को सुखद बताया। आज कपाट खुलने के साथ ही केदारनाथ धाम एक बार फिर आस्था, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर होने जा रहा है।

# उत्तराखंड में तीन दिन में 6 बार आया भूकंप, दहशत

**देहरादून।** भूकंप के लिहाज से संवेदनशील उत्तराखंड में बीते तीन दिनों के अंदर 6 बार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। उत्तराखंड में मंगलवार को फिर से धरली डोली है। उत्तराखंड के बागेश्वर जिले में मंगलवार को फिर से भूकंप आया है, हालांकि भूकंप की तीव्रता बहुत कम थी। इसीलिए झटके महसूस नहीं किए गए. नेशनल सेंटर फॉर सेइस्मोलॉजी के अनुसार बागेश्वर में भूकंप सुबह 10 बजकर 6 मिनट पर आया था. इस भूकंप की तीव्रता 2.6 मैग्नीट्यूड थी।

भूकंप के लिहाज से उत्तराखंड संवेदनशील क्षेत्र में आता है. यहीं कारण है कि बीते तीन दिनों में उत्तराखंड के अंदर 6 बार भूकंप आया है मंगलवार को जहां बागेश्वर में भूकंप आया तो कल 20 अप्रैल को भी बागेश्वर के अलावा पौड़ी गढ़वाल में भी भूकंप आया था। इससे पहले 19 अप्रैल को भी बागेश्वर में तीन बार भूकंप आया था. राहत की बात है कि भूकंप की तीव्रता बहुत कम की थी, लेकिन भविष्य में उत्तराखंड में बड़े भूकंप की आशंका बनी हुई है।

# कार्ड बदलकर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** एटीएम बदलकर लोगों के साथ धोखाधड़ी करने वाले तीन आरोपियों को थाना प्रेमनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरो. पियों के कब्जे से अलग-अलग बैंकों के 66 एटीएम बरामद किए गए है, आरोपी एटीएम से पैसे निकालने आये लोगों की सहायता के बहाने धोखे से उनके एटीएम बदलकर उनसे पिन की जानकारी लेकर घटना को अंजाम देते थे।

आरोपी अधिकांश अकेले बुजुर्ग व्यक्तियों को टारगेट बनाते थे, पुलिस के मुताबिक प्रेम नगर थाना क्षेत्र में चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था, तभी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि इलाके में एक गैंग सक्रिय है, जो लोगों की सहायता करने के नाम पर उनसे एटीएम से संबंधित गोपनीय जानकारी प्राप्त कर धोखे से उनका एटीएम बदल लेते हैं और बाद में उनके एटीएम से धनराशि निकाल लेते हैं।

सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने आपरेशन प्रहार के अन्तर्गत इलाके में चेकिंग अभियान चलाया. इस दौरान पुलिस ने सफेद रंग की कार रोकी, जिसमें तीन लोग सवार थे. कार सवार लोगों ने अपना नाम इमरान, नसीरुद्दीन और खालिद बताया। पुलिस ने जब कार और उन लोगों की तलाशी ली तो उनके पास से अलग-अलग बैंको के 66 एटीएम कार्ड बरामद हुए। पुलिस ने जब आरोपियों ने इस कार्ड के बारे में जानकारी मांगी तो वो कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए, जिसके सम्बन्ध में कोतवाली प्रेमनगर पर मुकदमा दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रेमनगर प्रभारी नरेश राठौर ने बताया कि तीनों आरोपी अलग-अलग एटीएम में जाकर वहां सीधे साधे और बुजुर्ग व्यक्तियों को अपना शिकार बनाते थे। आरोपी पहले उन लोगों को अपनी बातों में उलझाते और फिर हेल्प करने के नाम पर उनका एटीएम पिन देख लेते थे. इसी बीच बड़ी चालाकी से वो लोगों के एटीएम को बदल देते थे। पुलिस के अनुसार इस तरह आरोपियों ने विक. ासनगर के हरबर्टपुर क्षेत्र से एक व्यक्ति का एटीएम बदलकर उसके खाते से 50 हजार रूपए निकाल लिए थे, जिसके सम्बन्ध में कोतवाली विकासनगर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपियों द्वारा इसी प्रकार कई लोगों के साथ ठगी करते हुए अभी तक लगभग 25 लाख रुपए से अधिक की धनराशि अलग-अलग खातों से निकालने की जानकारी मिली है, जिसके सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है।



■ 25 लाख की हेराफेरी आई सामने

# मुख्यमंत्री ने दी विकास योजनाओं के लिए 59.72 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 59.72 करोड़ का अनुमोदन प्रदान किया है। इन निर्णयों से आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने, आपदा प्रबंधन को प्रभावी बनाने तथा पेयजल एवं बाढ़ सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं को सशक्त करने में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा।



मुख्यमंत्री द्वारा जनपद चम्पावत के विकासखण्ड चम्पावत की तामली ग्राम समूह पम्पिंग पेयजल योजना के लिए 14.57 करोड़ की धनराशि का अनुमोदन प्रदान किये जाने के साथ ही देहरादून के वार्ड संख्या-89 हरभजवाला में चन्द्रबनी से हरभजवाला तक आसन नदी के दोनों ओर पुश्ता निर्माण हेतु कुल धनराशि 6.11 करोड़ के सापेक्ष प्रथम किस्त में 2.43 करोड़ तथा ऊखीमठ नगर पंचायत पेयजल योजना हेतु ₹25.78 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा जनपद देहरादून के धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में सुसवा नदी के दोनों तटों पर दूधादेवी पुल के अपस्ट्रीम में बाढ़ सुरक्षा कार्य हेतु कुल धनराशि लागत 3.22 करोड़ के सापेक्ष प्रथम किस्त में 1.29 करोड़ स्वीकृत करने के साथ ही जनपद उत्तरकाशी के भटवाड़ी विकासखण्ड के झाला गांव में भागीरथी नदी के दाहिने तट पर बाढ़ सुरक्षा कार्य हेतु प्रस्तावित लगात 7.57 करोड़ के सापेक्ष प्रथम किस्त के रूप में 3.03 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री द्वारा जनपद चमोली के बद्रीनाथ विधानसभा क्षेत्रांतर्गत विकासखंड ज्योतिर्मठ में जोशीमठ-नीति मार्ग पर वर्ष 2021 की आपदा से क्षतिग्रस्त 80 मीटर स्पान पैदल स्टील ट्रस पुल के पुनर्निर्माण के प्रस्ताव कुल लागत 4.34 करोड़ के सापेक्ष प्रथम किस्त में 1.74 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा पिथौरागढ़ जनपद के धारचूला क्षेत्र में खोटिला एवं घाटधार में स्लोप प्रोटेक्शन एवं मिटीगेशन कार्यों हेतु कुल प्रस्तावित लागत ₹ 36.10 करोड़ के सापेक्ष प्रथम किस्त में ₹ 1 करोड़ तथा जनपद हरिद्वार में मनसा देवी हिल बाईपास रोड पर स्लोप प्रोटेक्शन कार्यों हेतु प्रस्तावित धनराशि 39.17 करोड़ के सापेक्ष 1.74 करोड़ स्वीकृत करने के साथ ही नैनीताल स्थित चार्टन लॉज क्षेत्र में स्लोप प्रोटेक्शन मिटीगेशन कार्यों के लिए प्रस्तावित धनराशि ₹6.18 करोड़ के सापेक्ष 77 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

# आपदा का कारण न बनें विकास कार्य: असवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य डॉ. दिनेश कुमार असवाल ने कहा कि आपदाओं में जीरो डेथ का लक्ष्य तभी हासिल किया जा सकता है, जब जोखिम के प्रभाव को न्यूनतम किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास आवश्यक है, लेकिन यह सुनिश्चित करना भी उतना ही जरूरी है कि विकास कार्य किसी नई आपदा का कारण न बनें।

मंगलवार को यूएसडीएमए में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में डॉ. असवाल ने आपदा प्रबंधन विभाग एवं राज्य के सभी 13 जनपदों की तैयारियों का व्यापक आकलन किया। उन्होंने जनपदों की क्षमताओं का परीक्षण करते हुए तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया, साथ ही निर्देश दिए कि आपदा प्रबंधन के तहत आपदा जोखिम न्यूनीकरण को केंद्र में रखते हुए कार्य किया जाए तथा आपदा पूर्व तैयारी, जोखिम पहचान और न्यूनीकरण उपायों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने एसडीएमपी और डीडीएमपी की सराहना करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड में आपदा जोखिम न्यूनीकरण में यह मील का पत्थर साबित होंगे।

उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में लैंडस्लाइड अर्ली वार्निंग सिस्टम का विकास समय की आवश्यकता है। उन्होंने इसके लिए एनडीएमए स्तर पर हर संभव तकनीकी एवं संस्थागत सहयोग का भरोसा दिलाया। डॉ. असवाल ने राज्य के सभी जनपदों में मोबाइल कनेक्टिविटी के लिहाज से शैडो एरिया को चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों की सूची एनडीएमए को भेजी जाए। इन क्षेत्रों में संचार सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए एनडीएमए टेलीकॉम सेवा प्रदाताओं को आवश्यक दिशा निर्देश देगा। बैठक के दौरान सचिव विनोद कुमार सुमन ने नदियों के चौनलाइजेशन के लिए ड्रेजिंग कार्यों के लिए एसडीआरएफ फंड में छूट प्रदान किए जाने का अनुरोध किया। इस पर डॉ. असवाल ने कहा कि राज्य सरकार प्रस्ताव प्रस्तुत करे, जिसे एनडीएमए स्तर पर प्राथमिकता के साथ विचार कर आवश्यक छूट दिलाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में सचिव खाद्य आनंद स्वरूप, एसीईओ प्रशासन महावीर सिंह चौहान, एसीईओ क्रियान्वयन डीआईजी राजकुमार नेगी, जेसीईओ मो. ओबैदुल्लाह अंसारी, निदेशक डॉ. शांतनु सरकार आदि उपस्थित रहे।



■ एनडीएमए सदस्य ने आपदा की तैयारियों को परखा ■ कहा, जीरो डेथ का लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में करें कार्य

### पिरूल से बनाएं ब्रिकेट, एनडीएमए फंडिंग को तैयार

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य डॉ. दिनेश कुमार असवाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में वनाग्नि की घटनाओं का एक प्रमुख कारण पिरूल है, जिसे यदि सही तरीके से उपयोग में लाया जाए तो यह समस्या के बजाय एक उपयोगी संसाधन बन सकता है। उन्होंने बताया कि पिरूल से ब्रिकेट (ईंधन के ठोस ब्लॉक) बनाने की पहल को बढ़ावा देने के लिए एनडीएमए बड़े स्तर पर फंडिंग करने के लिए भी तैयार है। इस दिशा में उन्होंने सभी जनपदों से प्रस्ताव तैयार कर एनडीएमए को भेजने को कहा। डॉ. असवाल ने यह भी सुझाव दिया कि पिरूल के प्रभावी और बड़े पैमाने पर एकत्रीकरण के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से रोबोटिक्स जैसी अत्याधुनिक तकनीक अपनाने पर जोर दिया, जिससे कार्य अधिक तेज, सुरक्षित और दक्ष तरीके से किया जा सके।

### आपदा सुरक्षित नए गांव और कस्बे बसाए जाएं

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य डॉ. दिनेश कुमार असवाल ने कहा कि उत्तराखण्ड के अत्यधिक संवेदनशील गांवों से लोगों का चरणबद्ध विस्थापन सुरक्षित स्थानों पर नए गांव और कस्बे बसाकर किया जाए। उन्होंने हर जिले में एक मॉडल गांव/कस्बा बसाने का सुझाव दिया जो हर प्रकार की आपदा के लिहाज से पूर्णत: सुरक्षित हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्वतीय क्षेत्रों की भौगोलिक परिस्थितियां बेहद नाजुक हैं, इसलिए बसावट और निर्माण की योजना उसी के अनुरूप बनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पहाड़ों में ऐसे निर्माण को प्रोत्साहित किया जाना जरूरी है।

# महिला आरक्षण के नाम पर लोकतंत्र से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं: श्रीनेत

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** कांग्रेस महिला आरक्षण के पूरी तरह पक्ष में हैं, मगर महिलाओं के नाम पर देश को बांटने की साजिश को कभी स्वीकार नहीं किया जाएगा। मोदी सरकार ने महिला आरक्षण के नाम पर देश के लोकतंत्र, संघीय ढांचे और संविधान के साथ खिलवाड़ करने की को. शिश की, जिसे संसद में करारी हार मिली है। यह बात मंगलवार को राजीव भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की अध्यक्ष और प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कही।

उन्होने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 2023 में पारित महिला आरक्षण कानून को जानबूझकर परिसीमन और पुरानी जनगणना से जोड़ दिया गया, जबकि उसमें ओबीसी वर्ग की महिलाओं के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया। यह स्पष्ट था कि ऐसा कानून लागू करना असंभव बनाया जा रहा है।

उन्होने कहा कि यह महिला आरक्षण नहीं, बल्कि देश के राजनीतिक नक्शे को बदलने और संविधान पर हमला करने की को. शिश थी। प्रेस वार्ता में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल, मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी, नेशनल कोऑर्डिनेटर सोशल मीडिया सरदार अमरजीत सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अभिनव थापर व शीशपाल सिंह बिष्ट मौजूद रहे।




■ देश को बांटने की साजिश को कभी स्वीकार नहीं किया जाएगा: कांग्रेस ■ 2023 में पारित महिला आरक्षण कानून को परिसीमन व जनगणना से जोड़ा जा रहा

### 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन अव्यावहारिक

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन करना न केवल अव्यावहारिक है, बल्कि इससे लो. कतांत्रिक संतुलन बिगड़ेगा और संघीय ढांचे पर सीधा प्रहार होगा। बिना जातिगत जनगणना के न्यायसंगत आरक्षण संभव नहीं है। कहा कि भाजपा का महिला आरक्षण विरोध का लंबा इतिहास रहा है और कांग्रेस ने 73वें व 74वें संविधान संशोधन के जरिए महिलाओं को वास्तविक प्रतिनिधित्व दिया है।

### उन्नाव, हाथरस, महिला खिलाड़ियों व अंकिता भंडारी मामले में भाजपा ने चुप्पी ओढ़ ली

**देहरादून।** सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि, चाहे उन्नाव हो या हाथरस, महिला खिलाड़ियों का मामला हो या अंकिता भंडारी हो महामानव ने हमेशा न्याय करने की बजाय चुप्पी ओढ़ ली। मणिपुर पिछले तीन सालों से जल रहा है, मगर केंद्र सरकार मौन है। वहां की महिलाएं सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं, क्या यही आपका महिला सशक्तिकरण है?।

### सीएम विशेष सत्र बुलाकर महिला आरक्षण का प्रस्ताव लाएं, कांग्रेस सहयोग करेगी: गोदियाल

इस मौके पर उत्तराखंड कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा यदि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर महिला आरक्षण का प्रस्ताव लाते हैं, तो कांग्रेस पार्टी पूरी तरह सहयोग करेगी। उन्होंने आगे कहा अगर परिसीमन के बाद मेरी विधानसभा सीट महिला के लिए आरक्षित होती है, तो मैं खुशी-खुशी अपनी सीट महिला प्रत्याशी के लिए छोड़ने को तैयार हूं। महिलाओं को आगे लाना हमारी प्रतिबद्धता है।

# उत्तराखंड स्पोर्ट्स कॉलेजों में कक्षा 6 में प्रवेश प्रारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड के स्पोर्ट्स कॉलेजों में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

इससे राज्य के प्रतिभाशाली बालक एवं बालिकाओं को खेल क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य बनाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक आवे. दन कर सकते हैं।

राज्य के प्रमुख आवासीय खेल विद्यालयों में विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर से ही पेशेवर खेल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, देहरादून में एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, बैडमिंटन, क्रिकेट, फुटबॉल, जूडो, हॉकी, वॉलीबॉल, शूटिंग, जिम्नास्टिक्स, तैराकी एवं आइस स्पोर्ट्स जैसी विविध खेल विधाओं में प्रशिक्षण की व्यवस्था है।

प्रकार श्री हरि सिंह थापा स्पोर्ट्स कॉलेज, पिथौरागढ़ में एथलेटिक्स, फुटबॉल एवं बॉक्सिंग तथा बालिका स्पोर्ट्स कॉलेज, चंपावत में बालिकाओं के लिए एथलेटिक्स, बैडमिंटन एवं बॉक्सिंग की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

इस संबंध में महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश ममगाई ने बताया कि इन राज्य वित्तपोषित आवासीय खेल विद्यालयों में चयनित विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं, आधुनिक उपकरण तथा अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन का अवसर मिल सके।

■ निर्धारित पात्रता मानदण्डों में आवेदक की आयु 11 से 13 वर्ष के बीच होनी चाहिए

इसके लिये निर्धारित पात्रता मानदण्डों में आवेदक की आयु 11 से 13 वर्ष के बीच होनी चाहिए (जन्म तिथि 01 जुलाई 2013 से 01 जुलाई 2015 के मध्य) तथा वह उत्तराखंड का मूल/स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। चयन प्रक्रिया के तहत प्रारंभिक चयन शारीरिक दक्षता परीक्षा, खेल कौशल एवं खेल प्रवीणता के आधार पर किया जाएगा।

इच्छुक अभ्यर्थी पंजीकरण के लिए निर्धारित क्यूआर कोड स्कैन कर सकते हैं अथवा वेबसाइट ॰ उचेबवसससमहम.पद से ऑफलाइन आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। दक्षता परीक्षा पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 मई, 2026 निर्धारित की गई है। इस संबंध में अधिक जानकारी के अनुसार 91 135-2788142 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

# विकास कार्यों के लिए धनराशि का अनुमोदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद उत्तरकाशी में लोक निर्माण विभाग द्वारा हर्षिल-मुखवा मोटर मार्ग के सुरक्षात्मक कार्यों के लिए प्रस्तावित कुल लागत 4.72 करोड़ के सापेक्ष प्रथम किस्त में 1.89 करोड़ की स्वीकृत प्रदान करने के साथ ही जनपद देहरादून के डोईवाला विधानसभा क्षेत्र में दुल्हनी नदी के विभिन्न स्थानों निर्मल कॉलोनी, वनस्थली पुरम, दिल्ली फार्म, लक्ष्मणसिद्ध मंदिर एवं नकरौंदा रोड (विवेक विहार, वायु विहार) में सुरक्षात्मक कार्यों के लिए प्रस्तावित धनराशि 4.13 करोड के सापेक्ष प्रथम किस्त में 1.65 करोड की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

सीएम नेजनपद देहरादून के रायपुर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत डिफेंस कॉलोनी एवं जोगीवाला बद्रीपुर क्षेत्र में बहने वाले नाले में बाढ़ सुरक्षा कार्य के लिए प्रस्तावित लागत 4.60 करोड के सापेक्ष प्रथम किस्त में 1.84 करोड की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया।है। सीएम ने राज्य सेक्टर के अंतर्गत जनपद नैनीताल के विकासखंड हल्द्वानी/भीमताल क्षेत्र में जमरानी बांध से हल्द्वानी-काठगोदाम पेयजल योजना हेतु प्रस्तावित धनराशि 4.98 करोड के सापेक्ष प्रथम किस्त में 1.99 करोड की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा जनपद चमोली में राजकीय पीएमश्री आदर्श इण्टर कॉलेज, भराडीसैंण, गैरसैंण में 05 नवीन कक्षों के निर्माण किये जाने का भी अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री ने राजकीय पीएमश्री आदर्श इण्टर कॉलेज, भराडीसैंण, गैरसैंण में भूतपूर्व सैनिक एवं नवनियुक्त अग्निवीरों से संवाद करते हुए राजकीय पीएमश्री आदर्श इण्टर कॉलेज में 05 नवीन कक्षों के निर्माण की घोषणा की थी।

### मुख्यमंत्री ने किया सूचना विभाग के बजट के साथ ही अधिकारियों की पदोन्नति का अनुमोदन

मुख्यमंत्री ने सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग के अंतर्गत राजस्व लेखा में 299.18 करोड़, अनुसूचित जाति कल्याण को 1.00 करोड़ तथा जनजाति क्षेत्र उपयोजना के लिए 50 लाख की धनराशि, महानिदेशक सूचना के निर्वतन पर रखे जाने के अनुमोदन के साथ ही सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग में कार्यरत सहायक निदेशक अर्चना एवं बद्री चन्द को उप निदेशक पद पर पदोन्नत किए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन प्रदान किया है।

# महिला आरक्षण पर किए पाप से पर्दा डालने की कोशिश में कांग्रेस: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने कांग्रेस पर सदन में महिला आरक्षण को लेकर किए पाप पर पर्दा डालने और गुम. राह करने की कोशिश का आरोप लगाया है।

प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि जो अब विधानसभा के सामने सीनाजा. ेरी करना चाहते हैं, सदन में महिला अधिकारों पर की गई उनकी चोरी देश ने पकड़ी है। राहुल के नेतृत्व में विपक्ष के विरोध और बेशर्मी से उसपर मनाए जश्न से जनता बहुत नाराज है। यही वजह है कि अब उनके दिल्ली देहरादून के नेता एक बार फिर जनता के बीच भ्रम फैलाने और ध्यान भटकाने में जुट गए हैं।

कांग्रेस से सफाई पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण के लिए विधानसभा के सामने धरने के बजाय अपनी पार्टी नेतृत्व को समझाना चाहिए था। क्योंकि नारी शक्ति वंदन अधिनियम तो संसद के विशेष सत्र में 2029 से आरक्षण देने के लिए ही लाया गया था, जिसका विरोध कर विपक्ष द्वारा गिराया गया। अब उत्तराखंड में अलग से महिला आरक्षण को लेकर असंवैधानिक प्रक्रिया का मांग करके कांग्रेस अध्यक्ष किसे गुमराह करना चाहते हैं? या तो उन्हें संवैधानिक प्रक्रियाओं की जानक. ारी नहीं है या फिर वह देवभूमि जनता की समझ को कमतर आंक रहे हैं। उनका यह धरना महिला अधिकारों पर वह सीनाजोरी है, जिसकी संसद में चोरी करते देश लाइव देख चुका है। प्रदेश की जनता बहुत समझदार है और कांग्रेस के ऐसे राजनीतिक पाखंडों के झांसे में नहीं आने वाली है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज इस अधिनियम में आरक्षण में आरक्षण की असंवैधानिक मांग कर रही है। जबकि मनमोहन सरकार द्वारा पेश तत्कालीन महिला आरक्षण अध्यादेश में इसका जिक्र तक नहीं था। पहले कांग्रेस और विपक्ष भी एकमत था कि इस कानून को 2029 में लागू किया जाए। अब उसके लिए पूर्व में पारित कानून अनुसार पहले जनगणना, फिर परिसीमन की शर्त अनिवार्य है। उसमें भी जाति गणना शामिल होने से इस प्रक्रिया का 2029 से पहले किसी भी तरह से पूरा होना संभव नहीं था। यही वजह है कि संसद में महिला आरक्षण और परिसीमन को लेकर आवश्यक संशोधन लाए गए थे, जिसको विपक्ष ने पारित नहीं होने दिया।



■ महिला अधिकारों की हार पर कांग्रेसी जश्न से झलकी कांग्रेस की मंशा

### महिला अपराधों पर कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता की टिप्पणियों को बेबुनियाद बताया

भट्ट ने महिला अपराधों पर की गई कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता की टिप्पणियों बेबुनियादी बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक महिला अपराध की घटना पर तत्काल और कठोर कार्रवाई हुई है, जिससे जनता संतुष्ट ही है। लेकिन कांग्रेस सरकारों में तो अपराध तक दर्ज नहीं होते हैं। खुद कांग्रेस के अंदर महिला नेत्रियां अपने शोषण के विरोध में पार्टी छोड़ कर जा रही हैं। जिन्होंने आज महिला मुद्दों पर ज्ञान दिया, उनको मंडी की महिला सांसद का भाव पूछते दुनिया ने देखा।

### जनता ने संसद में देखा विपक्ष व राहुल गांधी का आचरण

भट्ट ने तंज कसा कि दिल्ली से आए कांग्रेस आलाकमान के दूत जो कह रहे हैं, उसके उलट आचरण जनता ने संसद में देखा है। इसी महिला विरोधी नीयत के साथ वे संसद में महिला अधिकारों को बाधित करने के किए पाप को छुपाना चाहती हैं। देश ने देखा है जब संसद के विशेष सत्र में विपक्ष के बड़े-बड़े नेताओं और राहुल गांधी ने नारी शक्ति अधिनियम के खिलाफ वोट दिया। उससे भी दुख और शर्म की बात है, सदन में महिला अधिकारों पर हुई इस हार को विपक्ष द्वारा जीत बताकर जश्न मनाना।

# देव पूजा का समापन, 'नर पूजा' का आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** हिमालय की गोद में बसे विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम के कपाट आज विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। कपाट खुलने को लेकर देश-विदेश से पहुंचे भक्तों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। बाबा केदार के जयकारों से पूरा धाम गुंजायमान है और वातावरण पूरी तरह भक्ति के रंग में रंग चुका है।

केदारनाथ धाम को द्वादश ज्योतिर्लिंगों में ग्यारहवें ज्यातिर्लिंग के रूप में पूजा जाता है। ग्रीष्मकाल के छह माह नर तो शीतकाल के छह माह में देवता भगवान केदारनाथ की पूजा-अर्चना करते हैं। केदारनाथ धाम उत्तराखंड के चार धामों में से एक और पंच केदार में प्रथम केदार के रूप में पूजा जाता है। शीतकाल में केदारनाथ धाम में बर्फबारी होने के बाद कपाट छह माह के लिये कपाट बंद हो जाते हैं और शीतकालीन पूजा-अर्चना शीतकालीन गददीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में संपंन की जाती है।



■ भक्ति के रंग में डूबी केदारपुरी, उमड़ा आस्था का सैलाब

मेरू-सुमेरू पर्वत की तलहटी के बीच केदार सिंह पर्वत और मंदाकनी के तट पर भगवान केदारनाथ का भव्य मंदिर विराजमान है। मान्यता है कि द्वापर युग में पांडव गौत्र हत्या की मुक्ति से केदारनाथ धाम आये थे। भगवान शिव ने पांडवों को यहां महिष रूप में दर्शन दिये थे। जिसके बाद यहां पांडवों ने भगवान शिव के केदारनाथ के रूप में ज्योतिर्लिंग की स्थापना की। मंदिर के गर्भ गृह में भगवान शिव का त्रिकोणीय आकार में शिव लिंग स्थित है। यह भी मान्यता है कि यह ज्योतिर्लिंग सतयुग का है और सतयुग में यहां नर-नारायण भगवान केदारनाथ की तपस्या करते थे। केदारनाथ धाम मंदाकिनी नदी का उदगम स्थल भी है। प्रत्येक वर्ष अप्रैल-मई माह में छह माह ग्रीष्मकाल के लिये भगवान केदारनाथ के कपाट आम भक्तों के दर्शनों के लिये खुले रहते हैं। जबकि शीतकाल में दीपावली के बाद भैयादूज के पर्व पर केदारनाथ के कपाट बंद किये जाते हैं।

**आपदा के बाद बदली तस्वीर:** 2013 केदारनाथ आपदा ने केदारनाथ धाम और आसपास के क्षेत्र को गहरा आघात पहुंचाया था। भारी तबाही के बाद जहां एक ओर यात्रा को लेकर आशंकाएं थीं, वहीं दूसरी ओर पुनर्निर्माण और व्यवस्थाओं में व्यापक सुधार ने इस तीर्थ को नए आयाम दिए। आधुनिक सुविधाओं, बेहतर सड़क और पैदल मार्ग, हेलीकॉप्टर सेवाओं और सुरक्षा व्यवस्थाओं के चलते आज यात्रा पहले से कहीं अधिक सुगम और सुरक्षित हो गई है।

**हर साल बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या:** आपदा के बाद जहां यात्रा पर असर पड़ा था, वहीं अब हर साल श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। लाखों की संख्या में भक्त बाबा केदार के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। सरकार और प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं के चलते यात्रा का स्वरूप अधिक संगठित और व्यवस्थित हुआ है।

**आस्था के साथ आर्थिक मजबूती:** केदारनाथ यात्रा अब केवल धार्मिक आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी बन चुकी है। हर साल रिकॉर्ड संख्या में पहुँच रहे श्रद्धालुओं के कारण स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं और क्षेत्रीय पर्यटन को नई ऊंचाइयों मिली हैं।

### 6 माह 'नर' तो 6 माह 'देव' पूजा का विधान

केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही धार्मिक परंपराओं का एक अनूठा क्रम शुरू हो जाता है। मान्यता है कि यहां वर्ष के छह माह 'नर पूजा' और शेष छह माह 'देव पूजा' का विधान है। कपाट खुलने के बाद अगले छह महीनों तक मंदिर में पूजा-अर्चना मनुष्यों यानी 'नर' द्वारा की जाती है। इस दौरान देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा करते हैं और बाबा केदार का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। वहीं शीतकाल में कपाट बंद होने के बाद यह मान्यता है कि देवता स्वयं यहां 'देव पूजा' करते हैं। इस अवधि में केदारनाथ धाम मानव गतिविधियों से विरक्त रहता है और पूजा का आध्यात्मिक क्रम देव शक्तियों द्वारा संचालित माना जाता है। यह परंपरा केदारनाथ धाम की विशेष धार्मिक पहचान है, जो इसे अन्य तीर्थ स्थलों से अलग बनाती है। कपाट खुलने के साथ ही शुरू होने वाली 'नर पूजा' का यह छह माह का काल श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत शुभ और पुण्यदायी माना जाता है।

### भुकुंट भैरव: केदारपुरी के क्षेत्ररक्षक

केदारनाथ धाम में भुकुंट भैरव की भी विशेष मान्यता है। धार्मिक परंपराओं के अनुसार भुकुंट भैरव को केदारपुरी का रक्षक देवता माना जाता है, जो पूरे क्षेत्र की निगरानी करते हैं और धाम की रक्षा करते हैं। मान्यता है कि जब शीतकाल में केदारनाथ धाम के कपाट बंद हो जाते हैं और पूरा क्षेत्र बर्फ से ढक जाता है, तब भी भुकुंट भैरव यहां विराजमान रहते हैं और केदारपुरी की रक्षा करते हैं। इस दौरान भगवान शिव के धाम की सुरक्षा की जिम्मेदारी इन्हीं पर होती है। कपाट खुलने के बाद श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन से पहले या बाद में भुकुंट भैरव के मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना करते हैं। ऐसा माना जाता है कि भैरव बाबा के दर्शन किए बिना केदारनाथ यात्रा पूर्ण नहीं मानी जाती। स्थानीय पुजारियों के अनुसार भुकुंट भैरव की कृपा से ही केदारपुरी हर संकट से सुरक्षित रहती है। यही कारण है कि श्रद्धालुओं में इनके प्रति गहरी आस्था देखने को मिलती है।

# केदारनाथ धाम परिसर में मोबाइल फोन पर पूर्ण प्रतिबंध

■ रील बनाने पर होगी कानूनी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग भगवान केदारनाथ धाम की पवित्रता और मर्यादा बनाए रखने के लिए बीकेटीसी ने एक बड़ा निर्णय लिया है। अब मंदिर परिसर के भीतर मोबाइल फोन ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

बीकेटीसी के सदस्य विनीत पोस्ती ने बताया कि केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और मोबाइल के अनियंत्रित उपयोग से मंदिर की आध्यात्मिक शांति प्रभावित हो रही थी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि अब कोई भी श्रद्धालु मंदिर के भीतर मोबाइल फोन लेकर प्रवेश नहीं कर सकेगा। परिसर में फोटो खींचना, वीडियो बनाना या सोशल मीडिया के लिए रील बनाना'' पूरी तरह प्रतिबंधित है। नियमों की अनदेखी करने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

> इस निर्णय का मुख्य उद्देश्य मंदिर की प्राचीन मर्यादा को सुरक्षित रखना है। हम चाहते हैं कि श्रद्धालु जब धाम आएं, तो उनका ध्यान केवल भक्ति और दर्शन पर हो, न कि सोशल मीडिया और फोटोग्राफी पर
>
> **- विनीत पोस्ती, सदस्य, मंदिर समिति**

**श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील:** मंदिर प्रशासन ने देश-विदेश से आने वाले शिवभक्तों से अपील की है कि वे धाम की गरिमा और धार्मिक परंपराओं का सम्मान करें। प्रशासन का मानना है कि इस कदम से दर्शनार्थियों को बिना किसी व्यवधान के एक दिव्य और शांतिपूर्ण वातावरण प्राप्त होगा, जिससे उनकी आध्यात्मिक यात्रा और भी सुगम हो सकेगी।

**क्यों जरूरी था यह कदम?:** पिछले कुछ समय से केदारनाथ धाम से ऐसे कई वीडियो वायरल हुए थे, जिससे तीर्थ की गरिमा को ठेस पहुँच रही थी। साथ ही, रील बनाने और फोटो खींचने की होड़ के कारण दर्शन की कतारों में भी अनावश्यक देरी होती थी। नए नियमों के लागू होने से अब भीड़ प्रबंधन में भी सुधार होने की उम्मीद है।

# महापौर शैलेन्द्र रावत ने निर्माणाधीन बुद्धा पार्क का किया स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** नगर निगम कोटद्वार के महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत ने मंगलवार को निर्माणाधीन बुद्धा पार्क का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पार्क में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्योंकृजैसे पाथवे निर्माण, हरित क्षेत्र का विकास, सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था एवं जल निकासी प्रणाली का विस्तार से अवलोकन किया।

महापौर रावत ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं तथा समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए, ताकि बुद्धा पार्क को शीघ्र ही आमजन के लिए समर्पित किया जा सके। महापौर रावत ने कहा कि बुद्धा पार्क क्षेत्रवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां नागरिकों को स्वच्छ, हरित एवं शांत वातावरण प्राप्त होगा। इस अवसर पर नगर आयुक्त पीएल शाह, अधिशासी अभियंता, सह नगर आयुक्त चंद्रशेखर शर्मा उपस्थित रहे।

# बीएसएनएल को बेहतर कनेक्टिविटी देने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी गढ़वाल के दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में जनसंचार सेवाओं को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में कमजोर मोबाइल नेटवर्क एवं कनेक्टिविटी से संबंधित समस्याओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े दिशा-निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने विशेष रूप से विकासखण्ड भिलंगना के अंतर्गत ग्राम गंगी, पिनस्वाड़, सेमल्थ, गेवली, सेन्दुल, द्वारी, देवलंगी, मुयालगांव, गेंवाली एवं नैल बौंसला सहित अन्य दूरस्थ क्षेत्रों में नेटवर्क समस्या पर गंभीरता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जनसंचार व्यवस्था का सुदृढ़ होना आपदा प्रबंधन, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं एवं समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। बैठक में बीएसएनएल के अधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों शिकायतकर्ताओं के साथ विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने बीएसएनएल अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिन्हित क्षेत्रों में तकनीकी टीम भेजकर स्थलीय निरीक्षण करें तथा 30 अप्रैल 2026 तक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। । उन्होंने यह भी कहा कि नेटवर्क समस्याओं के समाधान हेतु सभी सेवा प्रदाता कंपनियों के बीच समन्वय स्थापित कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों को बेहतर संचार सुविधाएं उपलब्ध हो सकें उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि जनसंचार सेवाओं में सुधार हेतु समयबद्ध एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को बेहतर कनेक्टिविटी सुविधा प्राप्त हो सके। बैठक में ग्राम प्रधान सेन्दुल केमरा अमित जोशी, सेमल्थ के अमित गौड़, पिनस्वाड़ के दिनेश बिष्ट, द्वारी अनुसूया देवी, नैल बौंसला कुसुम नौटियाल, धर्म सिंह जखेड़ी, सुरेन्द्र सिंह सहित कई शिकायतकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### नशे में धुत चालक गिरफ्तार, बस सीज

**उत्तरकाशी।** चारधाम यात्रा को सुरक्षित, और व्यवस्थित बनाने को लेकर उत्तरकाशी पुलिस पूरी तरह सतर्क है। मंगलवार को यातायात पुलिस टीम ने धरासू -यमुनोत्री हाईवे पर ओरछा बैंड के पास चेकिंग के दौरान हरिद्वार से यमुनोत्री जा रही बस (यूके14 पीए 7997) को रोका गया। जांच में बस चालक नशे की हालत में पाया गया। पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया और बस को सीज कर दिया। बस में सवार राजस्थान के 28 तीर्थयात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पुलिस ने संबंधित ट्रैवल एजेंसी से समन्वय कर वैकल्पिक वाहन की व्यवस्था करवाई। उत्तरकाशी पुलिस ने स्पष्ट किया है कि चारधाम यात्रा के दौरान यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उधर पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी श्रीमती कमलेश उपाध्याय के निर्देशन में उत्तरकाशी पुलिस चार धाम यात्रा के दौरान लगातार मुस्तैद है। यात्रा को सुचारु एवं व्यवस्थित यातायात प्रबन्धन के साथ पुलिस के लिए तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सर्वोत्तम प्रयास किये जा रहे है।

### शहीद गबर सिंह नेगी की जयंती पर पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित

**नई टिहरी।** शहीद गबर सिंह नेगी की जयंती पर पूर्व सैनिक संगठन की ओर से शहीद को श्रद्धांजलि देने के साथ-साथ विभिन्न युद्धों में देश के लिए लड़ने वाले पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। शहीद स्मारक पर शहीद गबर सिंह नेगी को श्रद्धांजलि देने के बाद पूर्व सैनिक संगठन की ओर से नई टिहरी रोड स्थित सैनिक कार्यालय में सन 1962, 1965 और 1971 में देश के लिए लड़ने वाले प्रतापनगर विकासखंड के कंगसाली गांव निवासी कमल सिंह चौहान और गुल्डी गांव निवासी सोभन सिंह सजवाण को शाल और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्हें मेजर अवनीत कुमार और पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष संजय रावत के ने सम्मानित किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष रावत ने कहा कि जिन पूर्व सैनिकों ने अपने देश की सुरक्षा के लिए दुश्मन देशों के साथ लड़ाई लड़ी और आज वह सकुशल हमारे बीच में है। उनसे हम बहुत कुछ सीख सकते हैं। मैंने कहा कि इस तरह के लोगों का सम्मान करना जरूरी है। इस अवसर पर संगठन के संरक्षक देव सिंह पुंडीर, सचिव महिपाल सजवाण, कृष्णा मंमगाई, गबर सिंह नेगी, मातवर सिंह, शूरवीर सिंह भंडारी, शूरवीर तड़ियाल, भूपेंद्र धनोला आदि मौजूद रहे।

### विशेष व्याख्यान का किया आयोजन

**लैंसडाउन।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल परिसर में वंदे मातरम राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ संयोजक डॉ शिप्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ अजय रावत द्वारा वंदे मातरम के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला ।अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों के लिए प्रेरणा और उत्साह का स्रोत रहा है। यह गीत बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित है, जिसे उनके प्रसिद्ध उपन्यास आनंदमठ में शामिल किया गया था। इस गीत ने स्वतंत्रता आंदोलन केए दौरान क्रांतिकारियों में देशभक्ति की भावना को प्रबल किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की संरक्षिका प्राचार्य प्रोफेसर एलआर राजवंशी द्वारा बताया गया कि वंदे मातरम ने भारतीयों को एकता के सूत्र में बांधने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आज भी यह गीत देशप्रेम की भावना को जागृत करता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया, जिससे पूरे परिसर में देशभक्ति का वातावरण बन गया। इस अवसर पर हिंदी विभाग प्रभारी डॉ उमेश ध्यानी, डॉ सुमन कुकरेती, राजनीति विज्ञान से डॉ वदंना ध्यानी बहुगुणा, अर्थशास्त्र विभाग से डॉ नेहा शर्मा एवं डॉ दुर्गा रजक, इतिहास विभाग प्रभारी डॉ अभिषेक कुकरेती एवं भुगोल विभाग से विभाग प्रभारी डॉ अर्चना नौटियाल एवं डॉ वसीम अहमद एवं अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

# बीस मई से बौराडी स्टेडियम में होगी रामलीला, तैयारियां शुरू

■ नई टिहरी में रामलीला की तैयारियों में जुटी समिति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी नई टिहरी में रामलीला का भव्य आयोजन किया जाएगा। रामलीला में हाईटेक तकनीक का प्रयोग कर इस आकर्षक बनाया जाएगा। रामलीला समिति इसकी तैयारियों में जुट गई है। समिति की ओर से जन सहयोग के लिए संपर्क अभियान भी शुरू किया गया है।

मास्टर प्लान नई टिहरी में इस बार 20 मई से रामलीला का आयोजन बौराडी स्टेडियम रामलीला मंच में आयोजित की जाएगी। इसके लिए समिति ने बीती 19 अप्रैल को शहरभर में भव्य झांकी निकालकर बौराडी रामलीला मंच में हनुमान ध्वजा की स्थापना की। और अब समिति इसके प्रचार-प्रसार में जुट गई है।

रामलीला के लिए रिहर्सल भी शुरू की गई है। समिति के अध्यक्ष देवेंद्र नौडियाल व सचिव अमित पंत ने बताया कि इस बार भी नई टिहरी में हाईटेक तकनीकी से रामलीला का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछली बार भी बडी संख्या में लोग रामलीला देखने पहुंचे थे और उम्मीद है कि इस बार भी बडी संख्या में लोग रामलीला को देखने के लिए पहुंचेंगे। इसके लिए लोगों को रामलीला पंडाल तक पहुंचाने व घर छोडने के लिए बस की व्यवस्था की जाएगी। साथ जन लोगों से भी अपील की जा रही है कि वे रामलीला के इस भव्य आयोजन में समिति का सहयोग करें। उन्होंने बताया कि रामलीला की तैयारियां शुरू कर दी गई है और 2 मई से इसकी शुरूआत की जाएगी। पिछले साल भी मई माह में इसकी शुरूआत की गई थी। रामलीला सांय आठ बजे से शुरू होगी।

# नव प्रवेशित छात्रों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** उ०मु०वि०वि० अध्ययन केन्द्र 15029, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नई टिहरी में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं हेतु दीक्षांरम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य प्रो. राज कुमार त्यागी, समन्वयक डॉ. तनु मित्तल एवं सह-समन्वयक डॉ. हर्ष सिंह नेगी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।



कार्यक्रम में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रणाली, पाठ्यक्रम संरचना, अध्ययन पद्धति एवं परीक्षा संबंधी प्रक्रियाओं से विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं अध्ययन केन्द्र के समन्वयकों द्वारा छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान किया गया तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी प्राचार्य प्रो. राज कुमार त्यागी ने विद्यार्थियों को अनुशासन एवं नियमित अध्ययन के महत्व से अवगत कराया। समन्वयक डॉ. तनु मित्तल एवं सह-समन्वयक डॉ. हर्ष सिंह नेगी द्वारा विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली एवं अध्ययन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। सदस्य डॉ. कमलेश पांडेय एवं डॉ. हेमलता बिष्ट द्वारा भी छात्र-छात्राओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर डॉ. कमलेश पांडेय, डॉ. हेमलता बिष्ट, गौरव कुमार, अमित चमोली, अंकित कुमार, मान सिंह, छात्र संघ अध्यक्ष मनजीत शाह, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष युवराज शाह, जिशान, प्रेरणा, शालिनी, उपकार, आदित्य, विकास एवं शोभा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# प्रदेश के आवासीय खेल छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

■ 10 मई तक करें आवेदन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** जनपद के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए खेल विभाग द्वारा शैक्षिक सत्र 2026-27 हेतु प्रदेश के आवासीय खेल छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। इच्छुक बालक एवं बालिकाएं 10 मई 2026 तक आवेदन कर सकते हैं।

जिला क्रीड़ा अधिकारी जयबीर सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि देहरादून स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, बैडमिंटन, क्रिकेट, फुटबॉल, जूडो, हॉकी, वॉलीबॉल, शूटिंग, जिम्नास्टिक्स एवं तैराकी केवल बालक वर्ग में अवसर उपलब्ध हैं। इसी प्रकार, पिथौरागढ़ स्थित हरि सिंह थापा स्पोर्ट्स कॉलेज में फुटबॉल, बॉक्सिंग एवं एथलेटिक्स, जबकि चंपावत के बालिका स्पोर्ट्स कॉलेज में एथलेटिक्स, बैडमिंटन एवं बॉक्सिंग में प्रवेश की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि कक्षा 6 में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी की आयु 11 से 13 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इसके लिए जन्मतिथि 1 जुलाई 2013 से 1 जुलाई 2015 के मध्य निर्धारित की गयी है।

# एसएसपी ने चारधाम यात्रा मार्गों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

■ आवश्यक दिशा निर्देश किए जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुचारु व व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जनपद टिहरी पुलिस की ओर से व्यापक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक टिहरी श्वेता चौबे लगातार यात्रा मार्गों, प्रमुख पड़ाव स्थलों व संवेदनशील क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

बीते दो दिनों में एसएसपी श्वेता चौबे ने चारधाम यात्रा मार्ग में पड़ने वाले प्रमुख थाना, चौकी व पर्यटन पुलिस केंद्रों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान चौकी पीपल डाली, पर्यटन बूथ मलेथा, थाना देवप्रयाग, चौकी बछेलीखाल, आपदा राहत, पर्यटन पुलिस चौकी साकनीधार, चौकी ब्यासी, चौकी गूलर व चौकी शिवपुरी का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग प्रबंधन व आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र की बारीकी से समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों से फीडबैक लेकर व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से मुनिकीरेती क्षेत्र में आधुनिक तकनीक को सुदृढ़ करते हुए 60 सीसीटीवी कैमरे व 12 आईपी आधारित पब्लिक एड्रेस सिस्टम स्थापित किए गए हैं। एसएसपी ने सभी पुलिस अधिकारी व कर्मचारी पूर्ण सतर्कता, अनुशासन व जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि भीड़भाड़ व संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाए, सीसीटीवी कैमरों व तकनीकी संसाधनों की नियमित मानिटरिंग हो और आपातकालीन परिस्थितियों के लिए रेस्क्यू टीम, एम्बुलेंस व आपदा प्रबंधन इकाइयों के साथ समन्वय बनाए रखा जाए। साथ ही यात्रा मार्गों पर अवैध पार्किंग व अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय, संवेदनशीलता व सेवा भावना के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि प्रत्येक श्रद्धालु को सुरक्षित, सहज व सुखद यात्रा अनुभव मिल सके।

# तृतीय केदार तुंगनाथ की डोली पहुंची चोपता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग/ऊखीमठ।** पंच केदारों में तृतीय केदार के नाम से विख्यात भगवान तुंगनाथ के कपाट आज ग्रीष्मकाल के लिए खोल दिए जाएंगे। इस पावन अवसर की पूर्व संध्या पर भगवान तुंगनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली अपने शीतकालीन प्रवास भूतनाथ मंदिर मक्कूमठ से भव्य धार्मिक अनुष्ठानों के बीच तुंगनाथ धाम के लिए रवाना हुई। डोली के प्रस्थान के दौरान पूरा क्षेत्र बाबा के जयकारों और भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा।



■ भक्ति और उल्लास के साथ आज खुलेंगे कपाट

मंगलवार को सुबह ब्रह्म बेला में विद्वान आचार्यों ने पंचांग पूजन और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए। इसके बाद भगवान तुंगनाथ और तैंतीस कोटि देवी-देवताओं का आवाहन किया गया। सुबह ठीक 10 बजे डोली का भव्य श्रृंगार कर आरती उतारी गई और मंदिर की तीन परिक्रमाओं के बाद डोली को कैलाश के लिए विदा किया गया। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक मांगल गीत गाए, जबकि श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के उद्घोष से पूरे क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया।

**जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत:** मक्कूमठ से प्रस्थान के बाद डोली पाव गांव पहुंची, जहां ग्रामीणों ने पारंपरिक अर्घ्य अर्पित कर क्षेत्र की खुशहाली की मन्नत मांगी। यात्रा मार्ग में चिलियाखोड़, पगेर और बनियाकुंड होते हुए देर शाम डोली चोपता पहुंची। चोपता में स्थानीय व्यापारियों और देश-विदेश से आए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर डोली का भव्य स्वागत किया।

### आज वेद ऋचाओं के साथ खुलेंगे कपाट

आज उत्सव डोली चोपता से प्रस्थान कर सुरम्य बुग्यालों से होते हुए तुंगनाथ धाम पहुंचेगी। वहां शुभ मुहूर्त पर वेद ऋचाओं और विधि-विधान के साथ मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। इस अवसर पर डोली प्रभारी प्रकाश पुरोहित, प्रबंधक बलवीर सिंह नेगी, चंद्र मोहन बजवाल सहित विभिन्न गांवों के सैकड़ों हक-हकूकधारी, पंच पुरोहित और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर सियासी संग्राम कांग्रेस की भूमिका पर भाजपा का तीखा हमला

■ महिला आरक्षण बिल पर विवाद गहराया, डॉ. स्वराज विद्वान ने जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर सियासत तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुश्री स्वराज विद्वान ने मंगलवार उत्तरकशी लोनिवि विश्राम गृह में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की भूमिका पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

उन्होंने बताया कि उत्तराखंड की महिलाएं आगामी 24 अप्रैल को देहरादून में एक विशाल जनाक्रोश रैली आयोजित होगी । यह रैली नारी शक्ति वंदन अधिनियम और संसद में 33% महिला आरक्षण बिल को लेकर जताए गए विरोध के संदर्भ में आयोजित की जा रही है। उन्होंने इस विधेयक को महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताते हुए इसके विरोध को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। डॉ. विद्वान ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी को राजनीतिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने का माध्यम है। उन्होंने बताया कि इस विधेयक के जरिए महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में बराबरी का अवसर मिलता, जिससे देश के विकास को नई दिशा मिल सकती थी।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लंबे समय से लंबित 33 प्रतिशत महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को संसद में लाने को ऐतिहासिक पहल बताया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष नागेंद्र सिंह चौहान, महावीर नेगी, अध्यक्ष महिला मोर्चा ललिता सेमवाल तथा सरिता पडियार राजेन्द्र गंगाडी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीएम ने किया मसूरी रोड स्थित शिव मंदिर के निर्माणाधीन पुल का स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मसूरी रोड स्थित शिव मंदिर के निर्माणाधीन पुल का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने बारिश से क्षतिग्रस्त हुए पुल की कार्य प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुल निर्माण का कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को आवागमन में सुविधा मिल सके।



मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पुल देहरादून और मसूरी को जोड़ने वाला एक अत्यंत महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, जिस पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों एवं पर्यटकों का आवागमन होता है। उन्होंने कहा कि यातायात को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से दोनों ओर से आवागमन के लिए वैली ब्रिज का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है, जो दूसरी ओर से भी शीघ्र ही पूर्ण होकर संचालित हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस स्थान पर स्थायी पुल का निर्माण कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है, जिसे आगामी 2 से 3 माह के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में सड़कों एवं पुलों के सुदृढ़ीकरण हेतु निरंतर प्रयासरत है।

■ लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को पुल निर्माण का कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर शीघ्र पूर्ण पूरा करने के निर्देश

उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में सड़क एवं पुल निर्माण से संबंधित अनेक परियोजनाएं तेजी से क्रियान्वित की जा रही हैं, जिससे प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी चारधाम यात्रा एवं आदि कैलास यात्रा को ध्यान में रखते हुए सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि आवश्यक अवसंरचनात्मक कार्यों को समय पर पूर्ण किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को सुरक्षित एवं सुगम यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा कार्यों की प्रगति की निरंतर समीक्षा करने के निर्देश भी दिए।

# कृषि मंत्री जोशी को सौंपा वेतन भुगतान के संबंध में ज्ञापन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी से आज उनके कैंप कार्यालय में दैनिक श्रमिक कर्मचारियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की। इस दौरान श्रमिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से विभागीय मंत्री को अवगत कराया।

प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि जनपद टिहरी के अंतर्गत राजकीय उद्यान मगरा में वे पिछले 6 से 7 वर्षों से लगातार कार्यरत हैं, उन्हें विगत 7 से 8 माह से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। इस संबंध में उन्होंने कृषि मंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए लंबित वेतन शीघ्र दिलाने की मांग की। इसके साथ ही प्रतिनिधि मंडल ने विशेष अभियान के तहत दैनिक श्रमिकों को तीन माह का माली प्रशिक्षण रानीखेत चौपटिया में उपलब्ध कराने का भी आग्रह किया।



■ दैनिक श्रमिकों के प्रतिनिधिमंडल ने कैंप कार्यालय में की मुलाकात

कृषि मंत्री जोशी ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि श्रमिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा और लंबित वेतन का भुगतान जल्द सुनिश्चित कराया जाएगा। इस अवसर पर दैनिक श्रमिक अरविंद, नरेश चंद्र, विक्रम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड वन संसाधन प्रबंधन समिति के कई प्रस्तावों को संस्तुति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में उत्तराखंड वन संसाधन प्रबंधन समिति की उच्चाधिकार समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान उत्तराखंड वन संसाधन प्रबंधन समिति के विभिन्न कार्यकलापों की जानकारी समिति के समक्ष रखी गयी एवं विभिन्न प्रस्तावों को संस्तुति प्रदान की गयी।

मुख्य सचिव ने अखरोट विकास कार्यक्रम के तहत् लगाए गयी अखरोट की पौध की अद्यतन स्थिति की जानकारी मांगी। उन्होंने सम्बन्धित प्रभाग के डीएफओ से इसका मूल्यांकन कर अवगत कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना के अंतर्गत किसानों द्वारा इससे होने वाले फलोत्पादन की भी अद्यतन स्थिति की जानकारी मांगी। उन्होंने कहा कि इस योजना के मूल्यांकन से आगे की कार्ययोजना बनायी जा सकेगी।

■ सीएस की अध्यक्षता में हुई उच्चाधिकार समिति की बैठक

मुख्य सचिव ने योजना के अंतर्गत जापान के तकनीकी

# उच्च शिक्षा के 80 शिक्षक लेंगे आईआईएससी बेंगलुरु में प्रशिक्षण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत राजकीय विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के 80 चयनित शिक्षकों को देश के प्रतिष्ठित संस्थान इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस बेंगलुरू (आईआईएससी) में प्रशिक्षण दिया जायेगा। जहां विज्ञान संवर्ग के इन सभी शिक्षकों को नवीनतम वैज्ञानिक अनुसंधान, प्रयोगात्मक दृष्टिकोण सहित व्यावहारिक शिक्षण विधियों से अवगत कराया जायेगा, ताकि वह छात्रों में विज्ञान के प्रति रूचि पैदा कर सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी 24 अप्रैल से 9 मई 2026 तक आयोजित किया जायेगा।

■ नवीन वैज्ञानिक शोध व नवाचार आधारित शिक्षण पद्धति की सीखेंगे बारीकियां
■ आगामी 27 अप्रैल से 9 मई 2026 तक आयोजित होगा प्रशिक्षण कार्यक्रम



उच्च शिक्षा के अंतर्गत शिक्षकों को प्रतिष्ठित संस्थानों में विशेष प्रशिक्षण देकर शिक्षा को और अधिक गुणवत्तापूर्ण, नवोन्मेषी और भविष्य उन्मुख बनाया जा रहा है। निश्चित तौर पर प्रशिक्षण के उपरांत शिक्षक अपने अनुभव व ज्ञान का लाभ अधिकाधिक छात्रों तक पहुंचाएंगे तथा प्रदेश में विज्ञान आधारित शिक्षा को नई दिशा देंगे।

**डॉ. धन सिंह रावत, उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड।**

उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन एवं ज्ञानवर्धन प्रशिक्षण योजना के तहत उच्च शिक्षा विभाग एवं इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस बेंगलुरू के साथ एमओयू साइन हुआ है। जिसका मकसद शिक्षकों को प्रशिक्षित कर शिक्षण संस्थानों में प्रयोगात्मक व शोधात्मक गति. विधियों को विकसित करना है। योजना के तहत विज्ञान संवर्ग के शिक्षकों को समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में इस बार विभिन्न राजकीय विश्व. विद्यालयों एवं शासकीय महाविद्यालयों के 80 विज्ञान शिक्षकों का चयन प्रशिक्षण हेतु किया गया है, जिन्हें आगामी 24 अप्रैल से 9 मई 2026 तक आईआईएससी में प्रशिक्षण दिया जायेगा। चयनित शिक्षकों में भौतिक विज्ञान के 16, रसायन विज्ञान के 19, गणित के 13, वनस्पति विज्ञान के 16 तथा जन्तु विज्ञान के 16 शिक्षक शामिल है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागी शिक्षक अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

## एक नजर .......

### सीएम ने सीकर में बाबा खाटू श्याम मंदिर पहुंचकर किए दर्शन व पूजा

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज राजस्थान के सीकर जनपद में स्थित आस्था के प्रमुख केंद्र बाबा खाटू श्याम मंदिर पहुंचकर विधिवत दर्शन एवं पूजन किया। इस दौरान उन्होंने बाबा खाटू श्याम के श्रीचरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री धामी ने इस अवसर पर बाबा श्याम से समस्त प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और उन्नति की कामना की। उन्होंने देवभूमि उत्तराखंड की निरंतर प्रगति, शांति और खुशहाली के लिए भी प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा खाटू श्याम की कृपा से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आस्था का संचार होता है।



### श्रमिकों की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही सरकार: गोदियाल

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा हल्द्वानी में मदरसन कंपनी के श्रमिक अपने हक और अधिकारों के लिए शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे। लोकतंत्र में अपनी आवाज उठाना हर नागरिक का अधिकार है, मगर जिस तरह से आज कांग्रेस नेता हरीश पनेरू को श्रमिकों की समस्याएँ सुनने जाते समय काठगोदाम पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया, वह बेहद चिंताजनक है। उन्होने कहा कि यह सिर्फ एक व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं, बल्कि श्रमिकों की आवाज को दबाने का प्रयास है। सत्ता में बैठे लोगों को यह नहीं भूलना चाहिए कि सरकारें स्थायी नहीं होतीं, लेकिन जनता की आवाज हमेशा कायम रहती है। प्रशासन को भाजपा के इशारों पर लोकतंत्र का गला नहीं घोंटना चाहिए।

### हिमालया व उत्तरांचल कॉलेज के बीच एमओयू

**देहरादून।** हिमालया वेलनेस कंपनी की देहरादून यूनिट और उत्तरांचल आयुर्वेदिक कॉलेज, राजपुर के बीच सोमवार को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य आयुर्वेदिक शिक्षा को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ना और छात्रों को आधुनिक प्रयोगशाला सुविधाओं से लाभान्वित करना है। एमओयू के तहत हिमालया वेलनेस कंपनी अपनी अत्याधुनिक गुणवत्ता मूल्यांकन/गुणवत्ता नियंत्रण टेस्टिंग लैब की सुविधाएं आयुर्वेदिक स्नातकोत्तर के छात्रों को उपलब्ध कराएगी। छात्र इन सुविधाओं का उपयोग शैक्षणिक उद्देश्यों, शोध कार्यों और प्रयोगात्मक अध्ययन के लिए कर सकेंगे। एमओयू पर हिमालया वेलनेस कंपनी देहरादून के प्रेसिडेंट डॉ. एस. फारूक और उत्तरांचल आयुर्वेदिक कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. अश्वनी काम्बोज ने हस्ताक्षर किए और औपचारिक रूप से इसका आदान-प्रदान किया।

# राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस पर विचार गोष्ठी आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के अवसर पर पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया (च्त्ैप्), देहरादून चौप्टर द्वारा राजपुर रोड स्थित हुडको सभागार में "लो. कतंत्र में जनसंपर्क का महत्व" विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई।




कार्यक्रम में चैप्टर के अध्यक्ष एवं उपनिदेशक रवि बिजारनिया ने कहा कि लोकतंत्र में जनसंपर्क सरकार और जनता के बीच एक सशक्त सेतु का कार्य करता है। प्रभावी जनसंपर्क के माध्यम से संवाद स्थापित होता है और इसी संवाद से विश्वास का निर्माण होता है, जो समाज में आशाओं को साकार करता है। हुडको के क्षेत्रीय प्रमुख संजय भार्गव ने कहा कि जनसंपर्क केवल शासन-प्रशासन तक सीमित नहीं है, बल्कि परिवार और समाज के स्तर पर भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने वर्तमान समय में संचार के बढ़ते माध्यमों के बीच जिम्मेदार संवाद की आवश्यकता पर जोर दिया।

■ लोकतंत्र में जनसंपर्क का महत्व" विषय पर वक्ताओं ने रख अपने विचार
■ कहा, संवाद ही विश्वास की नींव

चैप्टर के सचिव अनिल सती ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए च्त्ैप् की गति. विधियों और उद्देश्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में सदस्य मनीता हरि ने फेक न्यूज और डीप फेक जैसी चुनौतियों के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता बताई। वक्ताओं ने जनसंपर्क के सकारात्मक, प्रामाणिक और प्रभावी स्वरूप पर बल देते हुए इसे संस्थागत के साथ-साथ व्यक्तिगत स्तर पर भी राष्ट्र और समाज सेवा का सशक्त माध्यम बताया। गोष्ठी का संचालन वरिष्ठ पत्रकार संजीव कंडवाल ने किया। इस अवसर पर राकेश डोभाल, प्रियांक वशिष्ठ, सुशील कुमार, मनोज सती, रितिक, वैभव गोयल, विमल डबराल, दिनेश कुमार, दीपक शर्मा, संजय पांडेय, पुष्कर नेगी, मनोज कुमार, शिव सहित अन्य सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# राजपुर रोड स्थित मंसाराम बिल्डिंग विवाद: सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजपुर रोड स्थित मंसाराम बिल्डिंग विवाद में आज महत्वपूर्ण कानूनी राहत मिली है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने साकेत भामरी बनाम उत्तराखंड राज्य एवं अन्य मामले में सुनवाई करते हुए संबंधित आदेश के प्रभाव और क्रियान्वयन पर अंतरिम रोक लगा दी है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ एवं न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए सभी पक्षों को नोटिस जारी किया है तथा स्पष्ट किया है कि अगली सुनवाई तक पूर्व आदेश प्रभावी नहीं रहेगा। साथ ही, प्रतिवादियों को जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया गया है। इस आदेश के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि बिना निष्पक्ष जांच और उचित कानूनी प्रक्रिया के किसी भी संपत्ति के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं की जा सकती।

■ मामले की सुनवाई कर नोटिस किया जारी

अधिवक्ता शिव भट्ट ने स्पष्ट किया कि "किसी भी निजी बिल्डर को यह अधिकार नहीं है कि वह किसी संपत्ति को जर्जर घोषित करे। यह केवल सक्षम तकनीकी एजेंसियों और प्रशासन का अधिकार क्षेत्र है।"नगर निगम द्वारा दिए गए नोटिस के अनुपालन में साकेत भामरी द्वारा भवन की मरम्मत कराई जा चुकी है और इसकी सूचना भी संबंधित विभाग को दे दी गई है।

# विद्यालय प्रबंधन ने कैबिनेट मंत्री जोशी का जताया आभार

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के प्रयासों से ब्लूमिंग बड्स स्कूल, गढ़ीकैंट देहरादून को हाईस्कूल की मान्यता प्राप्त हो गई है। इस संबंध में शासन द्वारा आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। विद्यालय प्रबंधन ने कैबिनेट मंत्री जोशी के प्रयासों के लिए आभार भी व्यक्त किया है।

गौरतलब है कि कैबिनेट मंत्री जोशी ने पूर्व में एक कार्यक्रम के दौरान विद्यालय को हाईस्कूल स्तर तक मान्यता दिलाने का आश्वासन दिया था। उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप अब यह विद्यालय, जो पहले कक्षा 8 तक ही सीमित था, हाईस्कूल स्तर तक उन्नत हो गया है। इस उपलब्धि पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने विद्यालय प्रबंधन को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

■ ब्लूमिंग बड्स स्कूल, गढ़ीकैंट देहरादून को हाईस्कूल की मान्यता, आदेश हुआ जारी

उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार और विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। इस मान्यता से क्षेत्र के विद्यार्थियों को अब उच्च शिक्षा के लिए अन्यत्र जाने की आवश्यकता नहीं होगी और उन्हें स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सकेगी।

# नेशनल गेम्स में पदकों की संख्या बढ़ाने पर करें फोकस: रेखा आर्या

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** नॉर्थ ईस्ट राज्यों में होने वाले 39 वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के पदकों की संख्या 38वें नेशनल गेम्स के मुकाबले और ज्यादा बढ़ाने पर फोकस किया जाएगा। मंगलवार को सचिवालय के एफआरडीसी सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में खेल मंत्री रेखा आर्या ने इसके निर्देश जारी किए।

बैठक के बाद कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि उन्होंने 24 घंटे के अंदर अधिकारियों को 39वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारी की पूरी कार्य योजना बनाकर देने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत खिलाड़ियों को गहन प्रशिक्षण दिए जाने, विभिन्न खेल संघों के साथ समन्वय बनाकर तैयारी करने और राष्ट्रीय खेलों से पहले विभिन्न खेलों की नेशनल चौंपियनशिप ज्यादा से ज्यादा संख्या में उत्तराखंड में आयोजित कराने के लिए कहा गया है।

■ विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों के लिए गहन प्रशिक्षण शिविर लगाने पर जोर
■ आगामी नेशनल चौंपियनशिप जैसे आयोजन उत्तराखंड में कराने की तैयारी



कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने अधिकारियों से कहा कि मेघालय व अन्य नॉर्थ ईस्ट राज्यों के पास अगर साइकिलिंग, शूटिंग जैसे खेलों के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी हो तो उन्हें इसकी सुविधा उत्तराखंड में देने पर विचार किया जाए।

बैठक में हल्द्वानी की गौलापार में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की तैयारी की भी समीक्षा की गई। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि जुलाई से शैक्षिक सत्र शुरू करने के लिए आवश्यक करिकुलम कमेटी व परिनियमावली कमेटी बना दी गई है और पद सृजित करने की प्रक्रिया को भी तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न सरकारी नौकरी के मामले में खेल विभाग चाहता है कि खेल विभाग में ही अधिसंख्य पद सृजित किए जाएं। इसके लिए तेजी से कार्रवाई करने के निर्देश बैठक में अधिकारियों को दिए गए। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना, मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना और संविदा प्रशिक्षक नीति के शासनाद. ेश में भी कुछ संशोधन करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे कि इन योजनाओं के वास्तविक लक्ष्यों को तेजी से प्राप्त करने में मदद मिल सके।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या बताया कि केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुरूप उत्तराखंड में ष्एक जनपद एक खेलष नीति का प्रारूप तैयार कर लिया गया है और इस पर जल्द ही अमल शुरू कर दिया जाएगा। बैठक में विशेष प्रमुख खेल सचिव अमित सिन्हा, अपर निद. ेशक अजय अग्रवाल, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज के प्राचार्य राजेश मंमगाई, उपनिदेशक शक्ति सिंह आदि उपस्थित रहे।

यूजेवीएन लिमिटेड
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष संख्या: 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763508
CIN No. U4101UR2001SGC025866 Website: www.ujvnl.com
पत्रांक: 326 ई-निविदा सूचना दिनांक 21.04.2026
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनुरक्षण), मनेरी भाली-।।, चिन्यालीसौड़ (उत्तरकाशी) इच्छुक निविदादाताओं से ऑन लाईन निविदा आमन्त्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है।
निविदा संख्या- 15/अ0अ0(अनु0)/म0भा0-।।/26-27,
कार्य /पूर्ति/सेवायें का नाम : धरासू विद्युत गृह पर 76 मे0वा0 टरबाइन की रोटेटिंग साट सीलीव की आपूर्ति हेतु।
अनुमानित मूल्य : रू0 11,34,000/- मात्र (जी०एस०टी० अतिरिक्त),
वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि: 23.04.2026 साय: 16:00 बजे से
वेबसाइट पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि :14.05.2026 साय: 16:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://uktenders.gov.in" देखें।
अधिशासी अभियन्ता (अनुरक्षण)
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लि०
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
विक्टोरिया क्रॉस विजेता गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड, देहरादून-248001,
कारपोरेट आइडेन्टीटी नं0. UA40109UP2001SGC025867/2358
दूरभाष संख्या: 0135-2763672-76, वैबसाईट: www.uktenders.gov.in
ई-निविदा विस्तार सूचना
इस कार्यालय द्वारा पूर्व में प्रकाशित ई-निविदा विशिष्टीकरण संख्या सी.सी.पी.-II /20/2025-2026 के पावर परचेज के क्लाउड आधारित स्वचालित मासिक बीजक सत्यापन हेतु सॉफ्टवेयर/एप्लिकेशन के डिजाइन, डेवलपमेंट एवं कार्यान्वयन हेतु एक वर्ष के लिए एजेंसी की नियुक्ति एवं पावर परचेज के पिछले पाँच वर्षों के बीजकों का सत्यापन एवं प्रमाणीकरण की तिथि को अपरिहार्य कारणों से विस्तारित किया जाता है।
ई-निविदा क्रय एवं जमा दिनांक 06.05.2026 को 17:00 बजे तक की जा सकती है।
ई-निविदा का भाग-एक दिनांक 07.05.2026 को 15:30 बजे खोला जायेगा ।
अन्य नियम व शर्तें मूल ई-निविदा के अनुसार रहेंगी। अन्य विवरण के लिए कृपया वेवसाईट www.uktenders.gov.in को देखें।
अधीक्षण अभियन्ता
No.: 282/EE(CM)/UPCL/A-2 Dt. 21.04.2026 कारपोरेट (अनुबंध एवं क्रय-द्वितीय)
"राष्ट्र हित में बिजली बचायें।" बिजली बचाने हेतु एल०ई०डी० बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं० 1912)
विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं० 18001804185/फैक्स नं0 0135-2760911 पर दें)

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।
सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# विभिन्न सामाजिक संगठनों ने मंत्री खजान दास को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** दून शहर में पिछले दिनों कब्रिस्तान में मुर्दों को दफन करने को लेकर विवाद सामने आया था, जिसके बाद कई समाजिक संगठनों ने एतराज जताया तो वक्फ बोर्ड ने रास्ता निकालने की बात कही थी, अब देहरादून के विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों ने अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री खजान दास से भेंट कर एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मांग की गई कि इस तरह के भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।



■ न्याय की लगाई गुहार, कब्रिस्तान में मुर्दों को दफन करने को लेकर उठा विवाद थमने का नाम नही ले रहा

मंत्री खजान दास ने इस प्रकरण को गंभीरता लेते हुए कहा कि शीघ्र उच्च स्तरीय बैठक बुलाकर इस प्रकरण का समाधान किया जाएगा। उन्होने जिलाधिकारी देहरादून से इस प्रकरण की रिपोर्ट भी मांगी है।

प्रतिनिधि मंडल में पूर्व राज्य मंत्री हाजी याकूब सिद्दीकी, सदस्य उत्तराखंड बार काउंसिल रजिया बेग कार्यकारिणी सदस्य उत्तराखंड क्रांति दल लताफत हुसैन, सेवा. निवृत्ति डिप्टी डायरेक्टर इनाम अली, इमरान अहमद, हर्षपति बामसेफ व इब्राहिम खान, सादिक, सैयद मिराज मेहंदी व डॉ रशीद आदि लोग उपस्थित रहे।

### लोहिया नगर कब्रिस्तान में की जा सकेगी तदफीन

वहीं, लोहिया नगर कब्रिस्तान कमेटी के अध्यक्ष इसरार अहमद, सचिव अब्दुल वहाब, उप सचिव मास्टर आबिद आदि ने कमेटी की बैठक बुलाकर निर्णय लिया कि लोहिया नगर कब्रिस्तान में सभी के लिये तदफीन की अनुमति रहेगी।

देहरादून में तेजी से बढ़ती आबादी के कारण लोगों को दफनाने में हो रही दिक्कतों को देखते हुए वक्फ संख्या 447 हरिद्वार बाईपास रोड, देहरादून कबाड़ी बाजार स्थित कब्रिस्तान को खोला दिया गया है। तत्कालीन मेयर विनोद चमोली ने मुस्लिम समाज की दिक्कतों को देखते हुए यह भूमि कब्रिस्तान के लिए आवंटित की थी। इस मामले में अब कोई सियासत नही की जानी चाहिए...



**शादाब शम्स, अध्यक्ष**
**उत्तराखण्ड वक्फ बोर्ड**

यूजेवीएन लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालय: "उज्जवल" महारानी बाग, जी० एम० एस० रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763508,
CIN No. U40101UR2001SGC025866 वेबसाइट: www.ujvnl.com
पत्रांक: 324 निविदा सूचना दि0: 21.04.2026
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनु0 एवं उत्पा0), मौहम्मदपुर विद्युत गृह, गुरुकुल नारसन, हरिद्वार इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता हैं। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है।
**निविदा सं0: 01/अधि.अभि./मौ0वि0गृह/2026-27** - मौहम्मदपुर विद्युत गृह के high-pressure piston Accumulators के मरम्मत का कार्य।
**अनुमानित लागत:** रू. 7,22,000.00 (जीएसटी रहित)
**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि :** 21.04.2026
**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि :** 12.05.2026, 15:00 बजे तक।
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाईट **"www.ujvnl.com"** से डाउनलोड किये जा सकते है।
अधिशासी अभियन्ता (अनु0एवंउत्पा0)
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर एनएमओपीएस की विशाल बाइक रैली

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन (NMOPS) उत्तराखंड के संयोजन में मंगलवार को हरिद्वार में पुरानी पेंशन बहाली, निजीकरण के विरोध और टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर विशाल बाइक रैली निकाली गई। रैली जटवाड़ा पुल, ज्वालापुर से प्रारंभ होकर रानीपुर मोड़, चिन्मय डिग्री कॉलेज होते हुए रोशनाबाद स्थित जिलाधिकारी कार्यालय तक पहुंची।

रैली में विभिन्न विभागों के हजारों शिक्षक, कर्मचारी और अधिकारी शामिल हुए। प्रतिभागियों ने "पुरानी पेंशन बहाल करो", "एनपीएस खत्म करो", "निजीकरण बंद करो" और "टीईटी अनिवार्यता समाप्त करो" जैसे नारे लगाते हुए अपनी मांगों को जोरदार ढंग से उठाया। पूरे मार्ग में रैली को व्यापक जनसमर्थन मिला।



समापन पर प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर पुरानी पेंशन व्यवस्था की बहाली, सरकारी विभागों के निजीकरण पर रोक और 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्त करने की मांग की। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष जीतमणि पैन्यूली ने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों का अधिकार है और इसे हर हाल में बहाल कराया जाएगा। महामंत्री मुकेश रतूड़ी ने एनपीएस को कर्मचारियों के भविष्य के लिए असुरक्षित बताते हुए इसे समाप्त करने की मांग की। गढ़वाल मंडल अध्यक्ष विकास कुमार शर्मा ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। जिलाध्यक्ष सुखदेव सैनी ने कहा कि कर्मचारी अपने अधिकारों के लिए एकजुट हैं और संघर्ष जारी रहेगा। कर्मचारी नेता जे.पी. चाहर ने कहा कि "यह आंदोलन कर्मचारियों के सम्मान और भविष्य से जुड़ा है, और इसमें सभी कर्मचारी तन, मन और धन से सहयोग कर रहे हैं तथा आगे भी करते रहेंगे।" डॉ. शिवा अग्रवाल ने कहा कि "टीईटी अनिवार्यता जैसे मुद्दों पर सरकार को व्यावहारिक निर्णय लेना चाहिए, ताकि लंबे समय से कार्यरत शिक्षकों के साथ न्याय हो सके।" रैली में शांतनु शर्मा, चंद्रहास सिंह, मुकेश चौहान, मनोज सैनी, वीरसिंह पंवार, सदाशिव भास्कर, दीपक चौहान, अश्वनी चौहान, हेमेंद्र चौहान, राजेश सैनी, ललित मोहन जोशी, अनिल चौधरी, ईश्वर दत्त, दर्शन सिंह पंवार, मनोज बरछीवाल, विनय कुमार, खीमानंद भट्ट, अरुण कुमार, मोहित मनोचा, कुलदीप सैनी मुकाशी, रघुवंशी, तारा सिंह, चंद्रकांत बिष्ट, ज्योतिराम, बबलू अधाना, सतेन्द्र कुमार, बृजमोहन मौर्य, सोमपाल सिंह, राजीव शर्मा, तेजवीर सिंह, कृष्णपाल सिंह, इकराम अहमद, संदीप पाराशर, मदनपाल सिंह, अखिलेश धारीवाल, मीनाक्षी बालियान, निरोम चौधरी, रवि कुमार, अमित कुमार, अतुल कुमार, निशांत चौहान, अर्चना, नीलम, प्रतिमा सिंह, बबीता शर्मा, जॉनी प्रकाश, शिवकुमार पाल, कुलदीप सिंह, विनोद उपाध्याय, विधि गुप्ता, मनोजचंद, सचिन पवार, कुलदीप सैनी, सरिता मलिक, चंद्रपाल सिंह धीमान, राजकुमार सैनी, ओमप्रकाश सोनकर, यशपाल सिंह, अर्चना सहित सैकड़ों शिक्षक-कर्मचारी मौजूद रहे। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

### उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय का 21वां स्थापना दिवस

# संस्कृत को रोजगार से जोड़ना आवश्यक : रावत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय का 21 वां स्थापना दिवस समारोह भव्य और गरिमामय वातावरण में आयोजित हुआ। दीप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अतिथियों का स्वागत भाषण विश्वविद्यालय की प्रो० विन्दुमती द्विवेदी ने दिया। विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर "केदार मानस पंचांग' का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड प्राचीन काल से ही ज्योतिष और संस्कृत विद्या की भूमि रहा है और यह पंचांग उस गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने का कार्य करेगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री और हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत रहे, जबकि विशिष्ट अति विशिष्ट अतिथि कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक, रानीपुर विधायक आदेश चौहान, संस्कृत शिक्षा सचिव दीपक कुमार गैरोला रहे।

मुख्य अतिथि त्रिवेंद्र सिंह रावत ने संस्कृत को "वसुधैव कुटुंबकम" की भावना का आधार बताते हुए कहा कि यह भाषा विश्व को जोड़ने की क्षमता रखती है। उन्होंने बताया कि आज दुनिया के कई देशों में संस्कृत के अध्ययन के प्रति रुचि बढ़ रही है और विदेशों में भी इसके माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आधुनिक शोध के साथ संस्कृत को जोड़कर इसे और अधिक प्रासंगिक बनाया जा सकता है। कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने अपने संबोधन में कहा कि संस्कृत का व्यापक विकास तभी संभव है जब इसे रोजगार से जोड़ा जाए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे संस्कृत के अध्ययन को अपनाएं और इसे आधुनिक जीवन में उपयोगी बनाएं। कार्यक्रम में संस्कृत शिक्षा सचिव दीपक कुमार कैरोलाइना ने कहा कि राज्य सरकार संस्कृत के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रमाकान्त पाण्डेय ने अध्यक्षीय वक्तव्य देते हुए कहा कि संस्कृत भाषा में अपार ज्ञान सन्निहित है। उसको जनमानस के सामने प्रकाशित करने की आवश्यकता है। विश्वविद्यालय इस भूमिका को जिम्मेदारी के साथ निभा रहा है । इसके अलावा योग, ज्योतिष, श्रीमद्भागवत और तीर्थाटन से जुड़े नए पाठ्यक्रम शुरू करने की घोषणा की गई। इस अवसर पर यह भी प्रस्ताव रखा गया कि स्थापना दिवस समारोह को भविष्य में तीन दिवसीय कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसमें सहभागिता कर सकें। कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय के कुलसचिव दिनेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया ।इस अवसर पर लंदन से पधारे दिवाकर शुक्ल, प्रोफेसर आरएवं यादव पूर्व कुलपति, पूर्णिया विश्वविद्यालय, बिहार, देशराज शर्मा , गौरव शास्त्री, प्रोफेसर दिनेश चमोला, प्रोफेसर मोहन चंद्र बलोदी,प्रोफेसर अरविंद नारायण मिश्र सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# सांसद व कैबिनेट मंत्री का हुआ भव्य स्वागत



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** जया मैक्सवेल अस्पताल में मंगलवार को हरिद्वार सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत व कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक पहुंचने पर निदेशक डॉ. कुमार प्रशांत ने दोनों गणमान्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर अस्पताल प्रबंधन एवं स्टाफ ने भी उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना की। उन्होंने क्षेत्र में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अस्पताल प्रबंधन के प्रयासों की प्रशंसा की। इस मौके पर अस्पताल के चिकित्सकगण, स्टाफ एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने भाजपा पर लगाया महिला आरक्षण के नाम गुमराह करने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग ने भाजपा पर महिला आरक्षण के मुद्दे पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। प्रैस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए अमन गर्ग ने कहा कि भाजपा महिला आरक्षण के मुद्दे पर देश की जनता को गुमराह कर रही है। जबकि सच्चाई यह है कि महिला आरक्षण बिल 2023 में ही संसद में सर्वसम्मति से पारित हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपने राजनीतिक लाभ के लिए महिला आरक्षण के नाम पर डीलिमिटेशन बिल पास कराना चाहती थी। ताकि मनमाने तरीके से सीटों की संख्या बढ़ाने के साथ परिसीमन कर सके। लेकिन एकजुट विपक्ष ने नहीं ऐसा नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि बिल पारित नहीं होने पर सरकार कांग्रेस और विपक्ष पर महिला





विरोधी होने का झूठा नेरेटिव गढ़ने का प्रयास कर रही है। अमन गर्ग ने कहा कि भाजपा महिलाओं के प्रति दोहरी मानसिकता रखती है। उत्तराखंड में चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड, हरिद्वार में शांतरशाह कांड, उन्नाव और हाथरस मामले इसका उदाहरण हैं। कुछ समय पूर्व ही हरिद्वार की एक भाजपा की महिला नेत्री द्वारा मां बेटी के रिश्ते को कलंकित करने का मामला भी सामने आ चुका है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुरली मनोहर कहा कि सरकार उत्तर और दक्षिण के राज्यों को आपस में लड़ाना चाहती थी। कांग्रेस की मांग है कि सरकार 2023 में पारित महिला आरक्षण बिल को लागू करे और संसद और विधानसभाओं की वर्तमान सीटों के आधार पर महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दे। पूरा विपक्ष इसमें सरकार का सहयोग करेगा। राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष संतोष चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार और भाजपा महिला आरक्षण के नाम पर देश को भ्रमित कर रही है। संसद में जो बिल लाया गया वह महिला आरक्षण नहीं बल्कि सीटों की संख्या बढ़ाने का बिल था। भाजपा किसी भी तरह से सत्ता में बना रहना चाहती है। इसलिए अपनी सुविधा के अनुसार सीटों की बढ़ाना चाहती थी। महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष अंजू मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से महिला सशक्तिकरण के पक्ष में रही है और महिलाओं को आगे बढ़ाने का काम किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेश प्रताप राणा ने कहा कि महिला आरक्षण को लेकर भाजपा की नीयत साफ नहीं है। भाजपा की नीयत साफ होती तो 2023 में महिला आरक्षण बिल लागू कर देती। प्रेसवार्ता में पूर्व पार्षद राजीव भार्गव, नलिनी दीक्षित, पार्षद हिमांशु गुप्ता आदि भी मौजूद रहे।

# भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भेल भूमिहार ब्राह्मण परिषद ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव इंटरनेशनल क्लब में बहुत ही धूमधाम से मनाया। हर वर्ष की तरह परिषद का वार्षिक उत्सव भी मनाया गया जिसमे भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात परिषद के महासचिव राधेश्याम सिंह ने तथा अध्यक्ष नवीन तिवारी जी ने कार्यक्रम में शामिल वरिष्ठ सदस्यों को माला पहनाकर कर स्वागत अभिनन्दन किया। कार्यक्रम का संचालन शशी रंजन चौधरी जी किया।कार्यक्रम में परिषद् के बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जिसकी सभी उपस्थित लोगों ने खूब सराहना की। कार्यक्रम में परिषद् के संस्थापक सदस्य शिवाजी चौधरी ने बच्चों को परीक्षा में अच्छे नम्बर लाने के लिए विभिन्न तरीकों को विस्तार से बताया। कार्यक्रम में भूमिहार ब्राह्मण परिषद परिवार के बच्चों द्वारा शिक्षा, खेलकूद आदि विभिन्न उपलब्धियां प्राप्त करने के लिए उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाले बच्चों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया। परिषद के महासचिव राधेश्याम सिंह ने परिषद द्वारा वर्ष भर में किये गये आयोजनों का विवरण दिया जिसमें वृक्षारोपण, पिकनिक तथा होली मिलन कार्यक्रम शामिल हैं तथा आने वाले समय में किये जाने वाले कार्यों का व्यौरा भी दिया अंत में परिषद के अध्यक्ष नवीन तिवारी जी ने सभी मेहमानों और सदस्यों का धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में विभिन्न अतिथियों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग प्रमुख रूप से भाग लिया उनमें शिवाजी चौधरी, राजेन्द्र राय, श्री राम प्रसाद, सरोज शर्मा, प्रभात राय, अजय कुमार, प्रवीन राय, दुर्गेश राय, अमित साही, अतुल राय, के एन राय, मुरारी पांडेय , हरे राम पांडेय, अमृत रंजन, पवन शर्मा, प्रदीप राय, कुन्दन सिंह, चन्द्र मनी राय आदि शामिल रहे।

# 5वें दिन 2949 श्रद्धालुओं ने कराया रजिस्ट्रेशन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** चारधाम यात्रा को लेकर हरिद्वार में बनाए गए ऋषिकुल मैदान स्थित यात्री पंजीकरण केंद्र पर श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। पंजीकरण के पांचवें दिन कुल 2949 यात्रियों ने चारधाम यात्रा के लिए अपना पंजीकरण कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यमुनोत्री धाम के लिए 608, गंगोत्री धाम के लिए 621, केदारनाथ धाम के लिए 852 तथा बद्रीनाथ धाम के लिए 868 यात्रियों ने पंजीकरण कराया। वहीं हेमकुंड साहिब के लिए इस दिन कोई पंजीकरण दर्ज नहीं हुआ। प्रशासन के अनुसार, विभिन्न राज्यों से हरिद्वार पहुंचे श्रद्धालु बड़ी संख्या में चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण करवा रहे हैं। पंजीकरण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया जा रहा है, जिससे यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# जगद्गुरु आद्य शंकराचार्य की 1238वीं जयंती पर संतों ने श्रद्धासुमन किए अर्पित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जगद्गुरु आद्य शंकराचार्य का 1238वां जयंती समारोह जगद्गुरु आद्य शंकराचार्य स्मारक समिति के महामंत्री श्रीमहंत देवानंद सरस्वती के संयोजन में शंकराचार्य चौक पर श्री विग्रह पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। जिसमें महामंडलेश्वर स्वामी गिरधर गिरी, भारत माता मंदिर के श्रीमहंत एवं निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी, महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद, स्वामी शरदपुरी सहित संत समाज ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके पश्चात श्रीकृष्ण निवास आश्रम में भगवान आद्य शंकराचार्य महाराज के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने हेतु निर्वाण पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानंद भारती की अध्यक्षता एवं श्रीमहंत देवानंद सरस्वती के संचालन में



श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में कार्यक्रम के अध्यक्ष निर्वाण पीठाधीश्वर स्वामी विशोकानंद भारती महाराज ने कहा कि आद्य शंकराचार्य शिव स्वरूप थे। उन्होंने भारत को धार्मिक सांस्कृतिक एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया। सनातन हिंदू धर्म का जो स्वरूप आज दृष्टिगोचर हो रहा है, यह उन्हीं की देन है। श्रीकृष्ण निवास आश्रम के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी गिरधर गिरी ने कहा कि आदि शंकराचार्य भगवान ने भारत को सनातन हिंदू राष्ट्र बने रहने में जो योगदान दिया तथा विपरीत परिस्थितियों में जिस प्रकार नागा संन्यासियों की सेना गठित कर धर्म की रक्षा की। उसके लिए वे सदैव स्मरण किए जाते रहेंगे। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महानिर्माणी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि भगवान आद्य शंकराचार्य भारतीय संस्कृति के प्राण है। 1238 वर्ष पूर्व केरल में जन्म लेकर उत्तर भारत को धार्मिक एकता के सूत्र में पिरोकर जहां उन्होंने सनातन वैदिक हिंदू धर्म को पुनः प्रतिष्ठित किया। वहीं सन्यास परंपरा का भी सृजन किया। श्रद्धांजलि समारोह में म.मं. स्वामी हरिचेतनानंद, म.मं. स्वामी संतोषी माता, म.मं. एवं भारत माता मंदिर के श्रीमहंत स्वामी ललितानंद गिरी, महामंडलेश्वर अनंतानंद, महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद, महामंडलेश्वर स्वामी अभ्यानंद, महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश सहित संत महंत जनों ने भगवान आद्य शंकराचार्य के चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में आए हुए संत महंतों का स्वागत करते हुए जगतगुरु आद्य शंकराचार्य स्मारक समिति के महामंत्री श्रीमहंत देवानंद सरस्वती ने समस्त संत समाज का आभार प्रकट किया तथा कार्यक्रम को भव्य रूप से संपन्न करवाने के लिए श्री कृष्ण निवास आश्रम के परमाध्यक्ष म.मं. स्वामी गिरधर गिरी महाराज को साधुवाद दिया। इस अवसर पर महंत रविदेव शास्त्री, महंत दिनेश दास, महंत मोहन सिंह, महंत दुर्गेशानंद सरस्वती, स्वामी हंसानंद, स्वामी कमलानंद आईडी शर्मा शास्त्री, शिवदास दुबे, पार्षद सचिन अग्रवाल, ललितांबा देवी ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी अनिरुद्ध भाटी सहित बड़ी संख्या में संत महंत जन उपस्थित रहे।

# 6.75 ग्राम अवैध स्मैक साथ तस्कर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली रानीपुर क्षेत्र में पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्रवाई करते हुए एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 6.75 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत कोतवाली रानीपुर पुलिस लगातार अपराधियों के खिलाफ अभियान चला रही है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक मनोहर सिंह भण्डारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मंगलवार को गैस प्लांट क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने नहर पटरी से जमालपुर खुर्द जाने वाले कच्चे रास्ते पर एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली। तलाशी में उसके पास से 6.75 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आबिद हुसैन पुत्र नसीर मिस्त्री निवासी दादूपुर गोविंदपुर, कोतवाली रानीपुर बताया। पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोहर सिंह भण्डारी, उपनिरीक्षक चरण सिंह (चौकी प्रभारी गैस प्लांट), हे. कां. शिवराज शर्मा, कां. अजय कुमार शामिल रहे।

# पड़ोसियों के बीच खूनी विवाद, परिवार पर जानलेवा हमला करने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली ज्वालापुर क्षेत्र स्थित ब्रह्म सिंह एन्क्लेव, सीतापुर में पड़ोसियों के बीच हुए विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। पीड़ित हर्षित कुमार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि पड़ोसियों ने उनके घर में घुसने का प्रयास करते हुए परिवार पर जानलेवा हमला किया।

पीड़ित के अनुसार, आरोपित पक्ष द्वारा आवासीय क्षेत्र में अवैध रूप से "विश्वकर्मा फर्नीचर" के नाम से वर्कशॉप संचालित की जा रही है, जिसमें लकड़ी कटान और मशीनों का कार्य होता है। इसको लेकर पूर्व में सीएम हेल्पलाइन और अन्य विभागों में शिकायत भी की गई थी। शिकायत के बाद से ही आरोपित पक्ष लगातार उन्हें और उनके परिवार को धमका रहा था। घटना 15 अप्रैल की शाम की बताई जा रही है, जब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की जांच के दौरान दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। पीड़ित का आरोप है कि आरोपितों ने मौके पर ही गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान पीड़ित, उसकी पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट की गई, महिला के कान के कुंडल भी छीन लिए गए और वाहन में तोड़फोड़ की गई। हमले से बचने के लिए परिवार घर की ओर भागा, जहां आरोपितों ने घर में घुसने का भी प्रयास किया। पीड़ित का कहना है कि पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। घटना की सूचना डायल 112 पर देने के बावजूद पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने का आरोप भी लगाया गया है।

पीड़ित परिवार ने पुलिस पर आरोपितों से मिलीभगत का भी आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। साथ ही परिवार ने अपनी जान को खतरा बताते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है। इस मामले में अभी तक पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। वहीं, क्षेत्र में इस घटना के बाद दहशत और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

# रोडीबेलवाला में बाबा की हत्या से सनसनी लाठी डंडों से दिया गया हत्याकांड को अंजाम

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली क्षेत्र में रोडीबेलवाला स्थित दीनदयाल पार्किंग के पास एक बाबा की हत्या से सनसनी मच गई। अज्ञात हमलावर ने दिनदहाड़े बाबा के सिर पर डंडे और पत्थर से वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया और फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, मंगलवार दोपहर को कुलदीप पुत्र हरदीयान निवासी मोहनपुरा रुड़की, हाल निवासी रोड़ीबेलवाला ने पुलिस को सूचना दी कि दीनदयाल पार्किंग के अंडरपास के ऊपर दोनों हाईवे के बीच पीपल के पेड़ के पास रहने वाले बाबा के साथ एक नेपाली व्यक्ति मारपीट कर रहा था। सूचना मिलते ही दरोगा नवीन सिंह चौहान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर करीब 40 से 45 वर्षीय अज्ञात बाबा गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा मिला। उसके सिर और माथे पर गहरी चोटें थीं। पुलिस ने उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद

घटना की सूचना मिलते ही फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलन किए। नगर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि मृतक बाबा कई दिनों से रोड़ीबेलवाला क्षेत्र में रह रहा था। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है। मृतक की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं। अब तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी है।

# मारपीट व जानलेवा हमले के मामले में तीन बरी

## अधिवक्ता सोपिन चौधरी की मजबूत पैरवी निर्णय में रही अहम

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल थाना क्षेत्र में वर्ष 2018 के जमीनी विवाद से जुड़े मारपीट और जानलेवा हमले के मामले में अदालत ने तीन आरोपियों को0 दोषमुक्त करार दिया है। चतुर्थ अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन)/न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्योति सिंह की अदालत ने यह निर्णय सुनाया। मामले में बचाव पक्ष के अधिवक्ता सोपिन चौधरी की प्रभावी पैरवी भी निर्णय में अहम साबित हुई।

प्राप्त जानकारी अभियोजन पक्ष के अनुसार, ग्राम जमालपुर कलां निवासी मनोज कुमार ने परमिल कुमार पुत्र काशीराम, जितेंद्र कुमार (अब मृतक) पुत्र रामकुमार, विकास चौहान पुत्र जयप्रकाश तथा अंकित चौहान पुत्र सतीश चौहान, निवासीगण ग्राम सीतापुर (कोतवाली ज्वालापुर) के खिलाफ मारपीट और जान से मारने के प्रयास का आरोप लगाते हुए कनखल थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस जांच के उपरांत आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया, जिस पर संज्ञान लेते हुए अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलों को विस्तार से सुना और प्रस्तुत साक्ष्यों का परीक्षण किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष आरोपों को साबित करने के लिए ठोस साक्ष्य प्रस्तुत करने में असफल रहा। अदालत ने सभी तथ्यों और साक्ष्यों के सम्यक मूल्यांकन के बाद तीनों आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया। इस दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता सोपिन चौधरी की सशक्त एवं प्रभावी पैरवी निर्णय में महत्वपूर्ण साबित हुई।

# परिवारों को खोखला कर रहा है नशा : मिगलानी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हाईकोर्ट के अधिवकता ललित मिगलानी ने कहा कि नशा परिवारों का खोखला कर रहा है। नशे की चपेट में आकर कई परिवार तबाह हो चुके हैं। एडवोकेट ललित मिगलानी ने कहा कि नशा समाज के बीच एक अदृश्य शत्रु की तरह है। जिसके सामने हम अपने आपको विवश समझ रहे हैं। समाज को नासूर की तरह खोखला कर रहे नशे के खिलाफ काफी कानून में कई सख्त प्रावधान हैं। नशे के कई रूप हैं। पहले चरस, गांजा, अफीम का नशा प्रचलित था। लेकिन अब आधुनिक युग में दवाईयों के रूप में नशे का व्यापार किया जा रहा है, जो समाज के लिए अधिक घातक है। उन्होंने कहा कि नशे के लिए प्रयोग की जाने वाली प्रतिबंधित दवा बेचने पर दुकान का लाईसेंस रद्द हो सकता है। साथ ही बीस साल से लेकर उम्र कैद तक की सजा हो सकती है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि नशे के कारोबार के संबंध में काई भी जानकारी हो तो तुरंत पुलिस से संपर्क करें ताकि नशीली दवाएं बेचने वाले व्यक्ति पर सख्त कार्रवाई हो सके।

# जेईई मेन परीक्षा में आकाश एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

## 99.92 परसेंटाइल के साथ आयुष बर्दिया ने हासिल की 1271 ऑल इंडिया रैंक

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जेईई मेन परीक्षा में आकाश एजुकेशनल इंस्टीट्यूट हरिद्वार के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित जेईई मेन सेशन-2 में इंस्टीट्यट के आयुष बर्दिया ने 99.92 परसेंटाइल के साथ 1271 ऑल इंडिया रैंक हासिल की। इशिता गुप्ता ने 99.15 परसेंटाइल, इंद्रनील गांगुली ने 99.6 परसेंटाइल, भाव्या अग्रवाल ने 99.2 परसेंटाइल और अद्रिजा साहा ने 99.00 परसेंटाइल प्राप्त किए। कार्तिक गुप्ता 98.94, अनुभव नेगी 98.90, प्रांशु गुप्ता 98.65, नित्यांत गुप्ता 98.65, एकांश पटेल 98.48, अर्णव बंसल 98.46, आदित्य नौटियाल 98.45, एकाग्र



जैन 98.32, आद्या अग्रवाल 98.31, नवनीत ध्यानी 98.24, देवांश नेगी 98.19, भव्या गुप्ता 98.12, शिवांशु यादव 98.05, कनिष्क गर्ग 98.01, आदित्य शर्मा 97.82, मैत्रेयी दीक्षित 97.81, गौरव सिंह 97.59, फैज अहमद 97.15, ध्रुव कुमार 97.11, आकाश सिंह 97.06, अनिक कुमार चौधरी 96.66, सोहम वार्ष्णेय. 96.17, लक्ष्य सिंह चौहान 96.17, विपंची त्यागी 96.14, अंश कुमार 95.37, लकी सैनी 95.33, और जीतेन्द्र सिंह ने 95.04 परसेंटाइल प्राप्त किए।

इंस्टीट्यूट के अध्यापकों ने परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। इंस्टीट्यूट के एकेडमिक हेड अमित कुमार ने बताया कि छात्रों की शानदार सफलता उनकी मेहनत और आकाश के सशक्त शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। छात्र-छात्राओं की लगन, निरंतर प्रयास और सुधार की भावना ने इन शानदार परिणामों को संभव बनाया है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। फैकल्टी विकास एवं श्रीकांत शर्मा ने भी छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

# श्री अखंड परशुराम अखाड़े ने जगद्गुरु शंकराचार्य को किया नमन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जगद्गुरु आदि शंकराचार्य की जयंती के अवसर पर श्री अखंड परशुराम अखाड़े के अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक ने अखाड़े के कार्यकर्ताओं के साथ शंकराचार्य चौक स्थित जगतगुरु शंकराचार्य की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर पंडित अधीर कौशिक ने कहा कि जगद्गुरू शंकराचार्य ने भारत के चारों कोनों चार मठों की स्थापना कर पूरे देश को एकता के सूत्र में बांधा। देश की एकता अखंडता को मजबूत करने में निर्णायक भूमिका निभाने वाले महान समाज सुधारक वेदों के ज्ञाता जगद्गुरु आदि शंकराचार्य के जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है। पंडित अधीर कौशिक ने कहा कि शंकराचार्य ने समाज को ढोंग पाखंड के प्रति जागरूक किया और नया दृष्टिकोण दिया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी वेदों का अध्ययन कर देश को सनातन संस्कृति की ओर प्रेरित करें। उन्होंने युवा पीढ़ी से आह्वान किया कि जगतगुरु आदि शंकराचार्य के पद चिन्हों पर चलकर राष्ट्र की एकता में भागीदारी बने। स्वामी कार्तिक महाराज एवं भागवताचार्य पंडित पवन कृष्ण शास्त्री ने कहा कि जगदगुरु आदि शंकराचार्य का जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने देश सेवा के मार्ग पर चलकर समाज को एकता के सूत्र में बांधा और आडंबरों के प्रति लोगों को सचेत किया। सभी को उनके जीवन दर्शन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस दौरान सुनील प्रजापति, विनोद मिश्रा, कुलदीप शर्मा, आचार्य विष्णु, ऋषि शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।

**सैफ सलमानी**

ब्यूरो चीफ

**शाह टाइम्स हरिद्वार**

कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार

मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# 'शून्य होम डिलीवरी' के लिए सख्त निर्देश

■ टीम भावना से कार्य करने पर जोर

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** विकासखंड चकराता के अंतर्गत मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयुष्मान आरोग्य मंदिर, क्वानू में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक समन्वयक महाव. ीर सिंह राणा ने की, जिसमें क्षेत्र की एएनएम, आशा फैसिलिटेटर एवं आशा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति एवं चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में ब्लॉक समन्वयक महावीर राणा ने अपने हालिया क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान प्राप्त फीडबैक पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कुछ



गांवों में अभी भी गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण चौथे या पांचवें महीने में किया जा रहा है, जो गंभीर विषय है। उन्होंने निर्देश दिए कि गर्भावस्था की पुष्टि होते ही तत्काल पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि समय पर जांच और टीकाकरण किया जा सके।

उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं को स्थानीय भाषा में जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि ग्रामीण समुदाय में उनकी पहुंच और विश्वास सबसे अधिक है। ऐसे में वे घर-घर जाकर उन परिवारों को जागरूक करें, जहां अब भी घर पर प्रसव कराने की पुरानी परंपरा प्रचलित है, और संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित करें।

बैठक में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं (एचआरपी) की पहचान कर उनकी अलग सूची तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। महावीर राणा ने कहा कि ऐसी महिलाओं की नियमित निगरानी की जाए और समय-समय पर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श के लिए भेजा जाए, ताकि किसी भी प्रकार की जटिलता से बचा जा सके। कार्य में लापरवाही बरतने वालों को चेता. वनी देते हुए उन्होंने कहा कि जागरूकता अभियान और गृह भ्रमण का पूरा रिकॉर्ड लिखित रूप में रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि दस्तावेजों के अभाव में इसे कार्यक्षमता की कमी माना जाएगा। उन्होंने लक्ष्य रखा कि सभी गांवों को 100 प्रतिशत संस्थागत प्रसव वाला बनाया जाए। अंत में उन्होंने एएनएम, आशा, फैसिलिटेटर और कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर को टीम भावना के साथ कार्य करने की अपील की। बैठक में आशा फैसिलिटेटर उर्मिला तोमर, एएनएम रश्मि थपलियाल सहित आशा कार्यकर्ता मुन्नी देवी, पुलमा चौहान, रीता तोमर, शर्मिला नेगी, सपना नौटियाल, गीता देवी, शीला चौहान और सावित्री चौहान सहित अन्य उपस्थित रहे।

### तोमर ने आईपीएल खिलाड़ी को दिया अवार्ड

**कालसी।** चण्डीगढ में आयोजित आईपीएल 2 इंडियन प्रीमियर लीग के अंतर्गत आयोजित टाटा आईपीएल 2026 के 29वें मैच में पंजाब किंग व लखनऊ सुपर जाइंट्स के बीच रोमांचक मुक. ाबला खेला गया। इस अवसर पर 'मैच डे अवॉर्ड" के तहत पूरे मैच में सर्वाधिक चौके लगाने वाले खिलाड़ी को सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया एनपीसीआई द्वारा प्रायोजित है। इस सम्मान को प्रदान करने के लिए कैनरा बैक के अंचल प्रमुख चंदर सिंह तोमर महाप्रबंधक एनपीसीआई, की ओर से विशेष अवसर प्राप्त हुआ।

मैच में सर्वाधिक चौके लगाने का पुरस्कार पंजाब किंग्स के कुपर कनोली को प्रदान किया गया। उन्होंने अपनी शानदार बल्लेबाजी में 87 रन बनाए, जिसमें 8 चौके शामिल रहे।

# गैस सिलेंडरों की सप्लाई समय पर न होने पर आक्रोश

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** चारधाम यात्रा के आगाज के बीच श्रीनगर नगर क्षेत्र में व्यावसायिक एलपीजी गैस सिलेंडरों की किल्लत ने होटल कारोबारियों की चिंता बढ़ा दी है। मंगलवार को नगर के होटल संच. ालकों की एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें समय पर गैस आपूर्ति न होने को लेकर आक्रोश देखने को मिला।

बैठक में होटल व्यवसायियों ने एक स्वर में कहा कि लगातार बाधित हो रही कमर्शियल गैस सप्लाई के कारण उनके सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है। होटल संचालक संजय जैन, अमित बिष्ट और जितेंद्र धिरवाण ने बताया कि गैस सिलेंडर समय पर न मिलने से होटल संच. ालन प्रभावित हो रहा है, जिससे न केवल व्यापार पर असर पड़ रहा है बल्कि होटल में काम करने वाले

■ होटलर्स ने गैस एजेंसियों पर लगाया कालाबाजारी का आरोप

कारीगरों की आजीविका भी खतरे में पड़ गई है। होटल व्यवसायियों ने आरोप लगाया कि नगर क्षेत्र में पंजीकृत उपभोक्ताओं को डीएससी नंबर जारी होने के बावजूद गैस की नियमित आपूर्ति नहीं हो रही है। ऐसे में चारधाम यात्रा जैसे महत्वपूर्ण सीजन में व्यवस्थाओं का चरमराना चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि पूरे वर्ष होटल कारोबारी इस यात्रा सीजन का इंतजार करते हैं, लेकिन इस बार अव्यवस्थाओं के चलते उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है। बैठक में गैस एजेंसियों पर कालाबा. जारी के आरोप भी लगाये गये। होटल संचालकों ने मांग की कि इस पर तत्काल रोक लगाई जाए और गैस सिलेंडरों की आपूर्ति तय समयसीमा के अनुसार सुनिश्चित की जाए। इस दौरान इंडियन गैस के एरिया सेल्स मैनेजर मयंक सैनी ने आश्वस्त किया कि गैस एजेंसियों के आपूर्ति संबंधी अभिलेखों की जांच की जा रही है और सभी जरूरी दस्तावेज एकत्र किए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, श्रीनगर क्षेत्र में होम डिलीवरी व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश भी एजेंसियों को दिए जाएंगे।

बैठक में पूर्ति निरीक्षक विजय कुमार कैंतुरा, व्यापार सभा अध्यक्ष दिनेश असवाल, जिला उद्योग व्यापार संघ के जिलाध्यक्ष वासुदेव कंडारी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लखपत भंडारी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## डिग्री बनाम स्किल्स: वाणिज्य विभाग ने की वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डाकपत्थर के वाणिज्य विभाग द्वारा "डिग्री बनाम स्किल्सरू आज की अर्थव्यवस्था में क्या अधिक महत्वपूर्ण?" विषय पर एक प्रभावशाली वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपने विचारों को तार्किक, प्रभावशाली एवं आत्मविश्वासपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में समसामयिक विषयों के प्रति जागरूकता, तार्किक चिंतन, अभिव्यक्ति क्षमता तथा विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण का विकास करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा राठौर ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी एवं वैश्विक अर्थव्यवस्था के दौर में केवल शैक्षणिक डिग्री ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यावहारिक कौशल, संप्रेषण क्षमता, तकनीकी दक्षता और व्यक्तित्व विकास भी सफलता के महत्वपूर्ण आधार बन चुके हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को ज्ञान और कौशल, दोनों के संतुलित विकास के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेश कुमार द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में बी.कॉम. षष्ठ सेमेस्टर के एक छात्र/छात्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मानसी सिंह, एम.कॉम. ने द्वितीय तथा वंशिका, एम.कॉम. ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के लगभग 80 छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# जोशी ने उपनल कर्मचारी के परिजनों को सौंपा 50 लाख की बीमा राशि का चेक

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने अपने कैंप कार्यालय में दिवंगत उपनल कर्मचारी कविता गुसाईं के परिजनों को उपनल द्वारा पंजाब नेशनल बैंक के सहयोग से 50 लाख की शेष बीमा राशि का चेक प्रदान किया। इस दौरान दिवंगत कर्मचारी की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक के साथ हुए एमओयू के तहत उपनल कर्मचारियों के लिए 50 लाख का आकस्मिक दुर्घटना बीमा कवर सुनिश्चित किया गया है। ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर आश्रितों को यह सहायता राशि प्रदान की जाती है।



■ सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा, राज्य सरकार उपनल कर्मचारियों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए लगातार प्रयासरत

उन्होंने कहा कि अब तक 8 पीड़ित आश्रितों को यह बीमा राशि दी जा चुकी है। उन्होंने इस सहयोग के लिए पीएनबी बैंक के अधिकारियों का आभार भी व्यक्त किया।

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार उपनल कर्मचारियों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने यह भी बताया कि इस बीमा राशि को 50 लाख से बढ़ाकर ध्1 करोड़ करने पर भी विचार किया जा रहा है, ताकि प्रभावित परिवारों को और अधिक राहत मिल सके। गौरतलब है कि 10 जुलाई को कविता गुसाईं ड्यूटी से घर लौटते समय रायपुर-लाडपुर मार्ग पर एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई थीं, जिनकी बाद में मृत्यु हो गई थी। इस अवसर पर दिवगंत कर्मचारी की माता निर्मला देवी, निदेशक ब्रिगेडियर जेएनएस बिष्ट (सेवानिवृत्त), डीजीएम कर्नल राजेश नेगी (सेवा. निवृत्त) एवं डीजीएम मेजर हिमांशु रौतेला (सेवानिवृत्त) पीएनबी बैंक जोनल मैनेजर अनुपम, डीजीएम पीएनबी अभिनंदन सिंह, एजीएम चर्तुभुज, आशीष सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**एक नजर .......**

## नेत्र शिविर में 86 लोगों की जांच, 8 मरीजों को ऑपरेशन को भेजा गया

**चकराता।** श्री सत्य साई सेवा समिति, ओली चकराता के तत्वावधान में विवेकानंद अस्पताल देहरादून द्वारा एक दिवसीय निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के कुल 86 लोगों की आंखों की जांच कर आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। जांच के दौरान 12 लोगों में मोतियाबिंद की समस्या पाई गई, जिनमें से 8 मरीजों को निशुल्क ऑपरेशन के लिए विवेकानंद अस्पताल, देहरादून भेजा गया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अमृता मौर्य ने मरीजों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया।

इस अवसर पर श्री सत्य साई सेवा समिति के संयोजक सूरज प्रकाश कॉल ने लोगों से अपनी आंखों की नियमित जांच कराने और उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि समय पर जांच से गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है। विवेकानंद अस्पताल से आए बलजीत सिंह, मनोज कुमार और अरविंद का विशेष सहयोग रहा। साथ ही, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चकराता के स्टाफ ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कचटा धाम में डोरिया महाराज के आगमन पर उमड़ा आस्था का सैलाब

■ भजन-कीर्तन से पूरा क्षेत्र हुआ भक्तिमय

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** जौनसार-बावर क्षेत्र की समृद्ध देवपरंपरा एक बार फिर जीवंत हो उठी, जब दोहा गांव से डोरिया महाराज का भव्य आगमन कचटा धाम में हुआ। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालु देवता के दर्शन के लिए कचटा पहुंचे, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल बन गया।

डोरिया महाराज की यह प्रवास यात्रा खत कोरु क्षेत्र के लिए विशेष धार्मिक महत्व रखती है। देवता के



कचटा पहुंचते ही जयकारों और ढोल-नगाड़ों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया। ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ देवता का स्वागत किया। महिलाओं ने घी, दूध, फल-फूल सहित पारंपरिक भेंट अर्पित कर आस्था प्रकट की। मंदिर में विधिवत प्रतिष्ठा के बाद लोकगीतों और भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें क्षेत्र के युवक-युवतियों और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहीं, जिसमें स्थानीय ग्रामवासियों की भूमिका सराहनीय रही।

खत कोरु के सदर स्याणा सुनील जोशी ने बताया कि डोरिया महाराज का यह आगमन क्षेत्रीय एकता और धार्मिक आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि देवता के आशीर्वाद से क्षेत्र में सुख-समृद्धि और शांति बनी रहती है।

श्रद्धालुओं में भी भारी उत्साह देखने को मिला और कई लोगों ने इसे अपनी आस्था और मनोकामनाओं से जोड़ा। उधर, आगामी 7 मई को चालदा महाराज की प्रवास यात्रा भी प्रस्तावित है।

कचटा में उनके आगमन को लेकर स्थानीय स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। माना जा रहा है कि इस अवसर पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे, जिससे क्षेत्र की धार्मिक गतिविधियों को और बल मिलेगा।

# कोटी कनासर में स्वास्थ्य शिविर संपन्न, 180 ग्रामीणों को मिला लाभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** विकासखंड चकराता के दुर्गम क्षेत्र कोटी कनासर स्थित राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को एक विशाल स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

शिविर में दूर-दराज के गांवों से आए लगभग 180 ग्रामीणों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गईं। शिविर के दौरान मातृ स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया गया।

■ विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दी लोगों को सलाह

कुल 35 गर्भवती महिलाओं की विस्तृत जांच की गई, जिनमें से दो महिलाओं को हाई रिस्क (उच्च जोखिम) श्रेणी में चिन्हित कर उन्हें आवश्यक उपचार एवं विशेष देखभाल के लिए निर्देशित किया गया।

चिकित्सकों ने इस दौरान ग्रामीणों को घर पर प्रसव के खतरों के प्रति जागरूक करते हुए संस्थागत प्रसव को अपनाने की अपील की। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विपिन सिंह तोमर ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करना और घर पर प्रसव की प्रथा को समाप्त करना है। शिविर में ब्लॉक प्रबंधक अश्वनी कुमार, फार्मासिस्ट संदीप सिंह, मुख्य फार्मेसी अधिकारी मनोज सिंह, क्षेत्र की एएनएम, आशा फैसिलिटेटर एवं सभी आशा कार्यकर्ता सक्रिय रूप से उपस्थित रहीं और शिविर के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**सूचना**

मेरे ड्राईविंग लाईसेन्स नं.-UK-1320110001262 में नाम श्री हर्षवर्धन सिंह (SHRI HARSHABARDAN SINGH) अंकित हो गया है, जबकि वास्तविक एवं सही नाम हर्षवर्धन सिंह (HARSHBARDHAN SINGH) है। जो आधार कार्ड में भी अंकित है।

**हर्षवर्धन सिंह, पुत्र सते सिंह, ग्राम- सतेरा, पो.-सतेराखाल, तहसील व जिला-रुद्रप्रयाग, उत्तराखण्ड**

न्यायालय श्रीमान सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी नरेन्द्रनगर टिहरी गढवाल।
राजस्व वाद संख्या-24 सन् 2024-25
वादी- कृपाल सिंह
बनाम
प्रतिवादी- छुमा देवी
नोटिस बनाम- श्रीमती छुमा देवी पत्नी स्व0 माधू सिंह उर्फ माधवा निवासी ग्राम आर्स पट्टी-धमांदस्यू तहसील नरेंद्रनगर जिला टिहरी गढवाल।

चूंकि वादी कृपाल सिंह पुत्र स्व0 दुमा निवासी ग्राम आर्स पट्टी-ध ामांदस्यू तहसील नरेंद्रनगर जिला टिहरी गढवाल ने इस न्यायालय में उक्त वाद में प्रतिवादी सं0 1 के रूप में प्रतिउत्तर देने के लिए आपके विरूद्व उक्त वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख- 30.04.2026 को दिन के 10 बजे उसका उत्तर देने के लिए व्यक्तिगत रूप से या अधिवक्ता द्वारा उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए समन किया जाता है जिसमें असफसल रहने पर वाद/आवेदन का एकपक्षीय निस्तारण किया जाएगा। यह आज दिनांक- 09.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**आज्ञा से**
**सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी नरेन्द्रनगर टिहरी गढवाल।**

# भाजपा महिलाओं के नाम पर कर रही वोट की राजनीति: असवाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** कांग्रेस के देवप्रयाग जिलाध्यक्ष उत्तम असवाल ने भाजपा पर महिलाओं के मुद्दों को लेकर तीखा हमला बोला है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा महिलाओं के नाम पर सिर्फ वोट की राजनीति कर रही है, जबकि वास्तविक मुद्दों पर गंभीरता नहीं दिखा रही। मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में असवाल ने कहा कि यदि भाजपा वास्तव में महिलाओं की हितैषी है, तो उसे वर्ष 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम को तत्काल प्रभाव से लागू करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस विधेयक को पारित करने के लिए विशेष सत्र बुलाया गया, लेकिन एनडीए गठबंधन के कुछ सांसदों ने ही इसका समर्थन नहीं किया। असवाल ने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि वे कांग्रेस पर आरोप लगाने में व्यस्त हैं, जबकि सच्चाई यह है कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रयास पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के समय शुरू हुआ था। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने वाला बिल राज्यसभा में पास हुआ था और एनडीए का गठबंधन मजबूत होने चलते लोकसभा में यह बिल लटक गया। बताया कि कांग्रेस के समय पंचायत चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने का कार्य किया है। उन्होंने भाजपा से सवाल करते हुए कहा कि यदि सरकार महिलाओं के प्रति संवेदनशील है, तो अंकिता भंडारी हत्याकांड, मणिपुर और हाथरस जैसी घटनाओं पर चुप्पी क्यों साधी गई। असवाल ने आरोप लगाया कि इन गंभीर मामलों में सरकार की निष्क्रियता उसकी नीतियों पर सवाल उठाती है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता साबित करते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम को जल्द लागू करे। इस मौके पर गम्मा सिंह, मुकेश बहुगुणा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# महिला आरक्षण बिल को लेकर जनता में भ्रम फैला रही भाजपा :किशोर

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी पछवादून के अध्यक्ष संजय किशोर ने भारतीय जनता पार्टी पर महिला आरक्षण बिल को लेकर देश की जनता के बीच भ्रम फैलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा यह झूठा प्रचार किया जा रहा है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महिला विरोधी है और उसने संसद में महिला आरक्षण बिल का विरोध किया, जबकि सच्चाई यह है कि महिला आरक्षण बिल 2023 में ही संसद द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया जा चुका है।

संजय किशोर ने बताया कि भाजपा सरकार द्वारा लाया गया संवैधानिक (131वां संशोधन) बिल, जो



महिला आरक्षण को लागू करने के नाम पर सीटों की संख्या बढ़ाने और परिसीमन से जोड़ने का प्रयास था, वह लोकतंत्र में असफल रहा है। कांग्रेस पार्टी का स्पष्ट मत है कि वर्तमान सीटों के आधार पर ही संसद और राज्य विधानसभाओं में महिला आरक्षण को तुरंत लागू किया जाना चाहिए। संजय किशोर ने कहा कि महिला आरक्षण को परिसीमन से जोड़ना और सीटों की संख्या बढ़ाना छोटे राज्यों के हितों के खिलाफ है और इससे देश की संघीय व्यवस्था कमजोर होगी। उन्होंने भाजपा पर इस मुद्दे को जानबूझकर लंबित रखने और राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार, जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला मुख्यालयों पर प्रेस वार्ता आयोजित कर भाजपा के इस "झूठे प्रचार" का पर्दाफाश किया जाएगा। साथ ही, सोशल मीडिया और जनसंपर्क अभियानों के माध्यम से सच्चाई को जनता तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया है।

प्रेस वार्ता में ब्लॉक अध्यक्ष अभिनव ठाकुर, नगर अध्यक्ष विकास शर्मा, हरबर्टपुर अध्यक्ष आशीष पुंडीर, महिला ब्लॉक अध्यक्ष शशि चौहान, नगर अध्यक्ष कुसुम कौशल, पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश अग्रवाल, शम्मी प्रकाश, हर्षुल शर्मा, हरीश ग्रोवर, उमेद सिंह, राकेश राठौर, नीरज रोहिल्ला, असद खान, शिवली जेदी आदि उपस्थित रहे।

# लोकगायक नेगी उत्तराखण्ड की संस्कृति के सबसे बड़े आलोक स्तम्भ: डोभाल

■ युवा गायकों ने नरेंद्र नेगी के गानों को गुनगुनाकर दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** गढ़वाल विवि के लोक कला एवं निष्पादन केंद्र में चल रहें लोकगायक नरेंद्र नेगी सप्ताह के अंतर्गत पांचवें दिन युवा गायकों ने नरेंद्र नेगी के गीतों को गुनगुना कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

नरेन्द्र संगीत पर केन्द्रित सात दिवसीय कार्यशाला के पांचवें दिन का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि रंगकर्मी और वरिष्ठ पत्रकार दीपक डोभाल ने कहा कि नरेन्द्र सिंह नेगी जिनके संगीत पर केन्द्रित यह कार्यक्रम है वे उत्तराखण्ड की संस्कृति के सबसे बड़े आलोक



स्तम्भ हैं। कहा कि वे यहां की लोक-संस्कृति के एकमात्र स्तम्भ है उनके इर्द-गिर्द कोई दूसरा नही है इस बात को स्वीकार करने में गुरेज नहीं होना चाहिए।

डोभाल ने कहा कि लोक कला एवं संस्कृति निष्पादन केन्द्र के इस प्रेक्षागृह ने श्रीनगर को उत्तराखण्ड के रंगमंच के नक्शे पर स्थापित किया। इसको लेकर हमारी अपनी संकल्पनाएं रहीं हैं। उत्तराखण्ड का रंगमंच समृद्ध रंगमंच है।

यहां का चक्रव्यूह,पाण्डव नृत्य, मुखौटा शैली अनुपम है। लोगों ने महाभारत को शब्दों में देखा है, लेकिन उत्तराखंड में तो महाभारत के जीते-जागते प्रतीक हैं। यहां के लिए पाण्डव किंवदंती नहीं हैं। कहा कि नरेन्द्र सिंह नेगी के गीतों में अभिनय से हम स्टारडम बने। साहित्य के मंच पर पहली बार नरेंद्र नेगी के सानिध्य में ही प्रवेश करने का सौभाग्य मिला और उनके संगीत पर केन्द्रित इस कार्यक्रम में सम्मिलित होना गौरव की बात है। संगीत कार्यशाला के पांचवे दिन कलाकारों ने लोक संस्कृति पर केन्द्रित नेगी के लिखे गीतों की विविधता से सतरंगी छटा बिखेरी।

अखिलेश कोहली ने अबरि दौं तू लम्बी छुट्टि ल्हेकी ऐई गीत गाकर जलमग्न टिहरी की यादों को ताजा कर दिया। प्रिया ठक्कर ने घौरै रौ घौरै रौ राणी बलम्पा ,अंशिका पंवार ने तेरी पिड़ा मा द्वी आंसु मेरा भी तौरी जाला,अंजलि रावत ने ओटूवा बेलेण ,ओटूवा बेलेण, हार्दिक कण्डारी ने त्यारा रूप की झौळ मा नौणी सि ज्यू म्यारु, राजेन्द्र जोशी ने मेळा खौळों मा रौळा थौळौं मा, कुसुम खत्री ने छान्यूं मा कर्यूं डेरू घर गौंउ छोड्यूं चा, किरन जोशी ने जै अम्बा जगदम्बा जै माता राणी, शालिनी डालिया ने तेरो भाग त्वे दगड़ीमेरो भाग मैं दगड़ी, प्रमीत कुमार ने मेरा औण से हर्ष हो कै त ह्वे ल्यो न हो मेरा जाणा को दुख कै न हो गाया। दिव्यांग कलाकार जो दृष्टि विहीन हैं सौरभ थपलियाल ने मुल-मुल केकू हैंसणी छै तू हे कुळैं की डाळी गाकर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी।

## डा. गौतम बने गढ़वाल विवि के स्थायी परीक्षा नियंत्रक

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में लंबे समय से रिक्त चल रहे परीक्षा नियंत्रक के पद पर आखिरकार स्थायी नियुक्ति हो गई है। बीएसएम पीजी कॉलेज, रुड़की के डॉ. गौतम कुमार का चयन किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, यह नियुक्ति हाल ही में देहरादून में आयोजित साक्षात्कार के आधार पर की गई है। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद कुल. पति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने सोमवार को औपचारिक रूप से परिणाम घोषित करते हुए डॉ. गौतम कुमार के नाम पर मुहर लगाई। गौरतलब है कि वर्ष 2022 में तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक प्रो. अरुण रावत को छात्र विरोध के चलते पद से हटाए जाने के बाद से यह पद खाली चल रहा था। इस दौरान परीक्षा नियंत्रक की जिम्मेदारी अस्थायी रूप से बीज विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. जेएस चौहान संभाल रहे थे। विश्वविद्यालय समुदाय को उम्मीद है कि डॉ. गौतम कुमार के नेतृत्व में परीक्षा प्रणाली अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी और समयबद्ध बनेगी।

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
विद्युत वितरण खण्ड, बड़कोट CAN- UA 40109 UP 2001 SGC 025867

**निविदा सूचना**

अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, बड़कोट के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों को कराने हेतु ठेकेदारों /आपूर्तिकर्ता जो आयकर, जी०एस०टी० विभाग में पंजीकृत हों, यूटीलिटी/मैक्स जो कि श्री यमुनोत्री धाम यात्राकाल छःमाह हेतु सम्बन्धित कार्यों को संतोषजनक पूर्ण करने का अनुभव रखते हों से मुहरबन्द निविदायें दो भागों में निर्धारित प्रपत्र में प्रथम भाग में धरोहर धनराशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक में सी०डी०आर०/एफ०डी०आर०, जी०एस०टी० पंजीकरण, सम्बन्धित प्रपत्र नियम शर्तें एवं द्वितीय भाग में निर्धारित प्रपत्र में दरें आमन्त्रित की जाती है, जो कि दिनांक 07/05/2026 को 14:00 बजे तक निविदा प्रपत्र विक्रय की जायेगी एवं 08/05/2026 को अपरान्ह 16:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निविदा खुलने की तिथि से एक दिन पूर्व तक (निविदा शुल्क + जी०एस०टी० सहित), नकद जमा करने पर प्राप्त किये जा सकते हैं। धरोहर राशि सी०डी०आर०/एफ०डी०आर० / राष्ट्रीय बचतपत्र, जो कि निविदा प्रकाशन होने के पश्चात की तिथि होनी अनिवार्य है, जिसकी वैधता कम से कम छः माह तक हो एवं अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, बड़कोट के नाम देय हो। निविदा का प्रथम भाग अपूर्ण होने पर द्वितीय भाग नही खोला जायेगा। अधोहस्ताक्षरकर्ता को किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। यदि निविदा खुलने की तिथि को राजकीय अवकाश घोषित होता है, तो निविदायें अगले कार्य दिवस को खोली जायेंगी।

**निविदा सं 06/2026-27** चारधाम यात्रा के अन्तर्गत ओ० एण्ड एम० मद में श्री यमुनोत्री धाम में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए 01 नग हल्के यूटिलिटि/मैक्स वाहन मय चालक सहित 06 माह की अवधि के लिए किराये पर लिए जाने हेतु।

**धरोहर धनराशि रू० 8000.00 (निविदा शुल्क 250+ जी०एस०टी०)**

'विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें'

पत्रांक: 1444/वि०वि०ख०ब०/टी 7 दिनांक: 21/04/2026 **अधिशासी अभियन्ता**

'राष्ट्र हित में बिजली बचायें' टोल फ्री नं0 1800-419-0405

**सूचना**

श्री दयाराम सिंह पुत्र श्री कूडे सिंह निवासी गोला निवास, टर्नर रोड, नियर शिव मंदिर, क्लेमेंन्टाउन देहरादून उत्तराखण्ड पिन 248002 हम आम जनता को सूचित करना चाहेंगे कि आईपी का मूल प्रति विलेख सं0 1297 दिनांक 05.02.1990, भूमिधरी भूमि खाता संख्या 00171 खसरा सं० 141 मि० क्षेत्रफल 297.28 वर्गमीटर या 0.075 एकड़ स्थित मौजा, सेवला खुर्द परगना केन्द्रीयदून, तहसील व जिला देहरादून पर स्थित है। कुल क्षेत्रफल 297.28 वर्गमीटर इस प्रकार परिबंधित है। पूरब मे-भूमि विक्रेता, सीमा में माप 80 फीट, पश्चिम मे 30 फीट चौडी सड़क व तत्पश्चात् पार्क, सीमा में माप 80 फीट, उत्तर मे-भूमि श्रीमती रमा गुप्ता, सीमा में माप 40 फीट, दक्षिण मे 30 फीट चौडा सडक, सीमा में माप 40 फीट। बही नं0 1 जिल्द 2694 पेज 108 ए०डी०एफ० बुक नं० 1 जिल्द 3643 पेज 251 से 274 दस्तावेज सं० 1297 दिनांक 05.02.1990 पर सब रजिस्ट्रार प्रथम पर पंजीकृत श्रीमती मंजू रानी पत्नी श्री जितेन्द्र पाल गुप्ता निवासी - 38 सी, तिलक रोड, देहरादून के पक्ष में खो गए हैं और अप्राप्य है इसके अलावा पंजाब नेशनल बैंक, शाखा कार्यालय क्लॉक टावर, देहरादून में उपरोक्त सम्पत्ति को गिरवी रखने का इरादा रखता है। यदि कोई व्यक्ति इसे पाता है, या सम्पत्ति में किसी हित या स्वामित्व का दावा करता है तो इस प्रकाशन की तारीख से 7 दिनों के भीतर पंजाब नेशनल बैंक, शाखा कार्यालय क्लॉक टावर, से संपर्क करने का अनुरोध किया जाता है।

# उत्तराखंड के शहरों को मिलेगा अर्बन चैलेंज फंड का लाभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशों में उत्तराखंड के शहरी क्षेत्रों के समग्र विकास, आधुनिक आधारभूत ढांचे के निर्माण और नगर निकायों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अर्बन चौलेंज फंड राज्य के लिए बड़ी सौगात साबित होने जा रही है। राज्य सचिवालय में आवास सचिव डॉ आर राजेश कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें अपर सचिव आवास विनोद गिरी सहित आवास व शहरी विकास के उच्चाधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इस महत्वपूर्ण बैठक में शहरी विकास निदेशालय, उत्तराखंड शासन द्वारा योजना को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके तहत राज्य के नगर निकाय प्रतिस्पर्धात्मक आधार पर परियोजनाएं तैयार कर केंद्र सरकार को भेजेंगे।



### पर्वतीय राज्य होने के कारण उत्तराखंड को मिलेगा अतिरिक्त फायदा

उत्तराखंड को इस योजना में विशेष लाभ इसलिए मिलेगा क्योंकि पर्वतीय राज्य होने के कारण यहां के सभी 108 नगर निकाय क्रेडिट रीपेमेंट गारंटी योजना के दायरे में आएंगे। इससे छोटे नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतें भी बैंक ऋण लेकर बड़े विकास कार्य शुरू कर सकेंगी। जिन निकायों की वित्तीय क्षमता सीमित है, वे भी अब विकास योजनाओं को गति दे सकेंगे।

### तीन क्षेत्रों में भेजे जाएंगे विकास प्रस्ताव

योजना के अंतर्गत नगर निकायों से तीन प्रमुख क्षेत्रों में परियोजनाएं मांगी गई हैं। पहला, जल एवं स्वच्छता, जिसमें पेयजल आपूर्ति, सीवरेज नेटवर्क, सीवेज ट्रीटमेंट, वर्षा जल निकासी और कूड़ा निस्तारण शामिल हैं। दूसरा, रचनात्मक पुनर्विकास, जिसके तहत पुराने शहर क्षेत्रों, बाजारों, विरासत स्थलों और सार्वजनिक स्थानों का कायाकल्प किया जाएगा। तीसरा, सिटीज ऐज ग्रोथ हब्स, जिसमें शहरों को पर्यटन, शिक्षा, उद्योग और व्यापार के केंद्र के रूप में विकसित करने वाली योजनाओं को प्राथमिकता मिलेगी।

### एक लाख करोड़ की राष्ट्रीय योजना, उत्तराखंड को विशेष लाभ

भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित इस योजना के तहत देशभर में 1 लाख करोड़ की केंद्रीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। यह योजना वर्ष 2025-26 से 2030-31 तक लागू रहेगी और आवश्यकता पड़ने पर तीन वर्ष तक बढ़ाई जा सकती है। योजना का उद्देश्य शहरों में बड़े निवेश को आकर्षित कर उन्हें विकास के नए केंद्रों के रूप में स्थापित करना है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उत्तराखंड के नगर निकाय इस योजना का अधिकतम लाभ उठाएं और समयबद्ध तरीके से उच्च गुणवत्ता वाले प्रस्ताव तैयार करें, ताकि राज्य के शहरों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा सके।

### राज्य के कई शहरों को मिलेगा लाभ

राज्य सरकार द्वारा संभावित परियोजनाओं के उदाहरण भी तय किए गए हैं। ऋषिकेश, देहरादून, हरिद्वार, हल्द्वानी, काशीपुर, रुड़की, श्रीनगर, रामनगर और रुद्रपुर जैसे शहरों में औद्योगिक, तीर्थाटन पर्यटन और शैक्षिक इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े प्रस्ताव तैयार किए जा सकते हैं।

### पचास प्रतिशत मार्केट फाइनेंस अनिवार्य

योजना की सबसे महत्वपूर्ण शर्त यह है कि कुल परियोजना लागत का कम से कम 50 प्रतिशत हिस्सा मार्केट फाइनेंस यानी बैंक ऋण, बॉन्ड या पीपीपी मॉडल से जुटाना होगा। केंद्र सरकार 25 प्रतिशत और शेष 25 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार अथवा नगर निकाय वहन करेंगे। इससे नगर निकायों में वित्तीय अनुशासन और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा।

प्रदर्शन आधारित होगी फंडिंग फंड जारी करने की प्रक्रिया भी चरणबद्ध और प्रदर्शन आधारित रखी गई है। स्वीकृति के बाद केंद्रीय सहायता तीन किस्तों में मिलेगीख्रपहली किस्त 30 प्रतिशत, दूसरी 50 प्रतिशत और अंतिम 20 प्रतिशत। आगे की किस्तों के लिए परियोजना की भौतिक प्रगति, जियो टैगिंग और स्वतंत्र सत्यापन आवश्यक होगा।

### सुधारों की शर्तें भी लागू योजना के साथ कई

सुधारात्मक शर्तें भी जोड़ी गई हैं। नगर निकायों को संपत्ति कर सुधार, ऑडिटेड वित्तीय लेखे, डिजिटल नागरिक सेवाएं, जीआईएस आधारित सर्वे, ऑनलाइन मॉनिटरिंग, जलापूर्ति सुधार, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और जलवायु अनुकूल शहरी नियोजन जैसे कदम उठाने होंगे।

### उत्तराखंड के शहरी भविष्य का रोडमैप

अर्बन चौलेंज फंड उत्तराखंड के शहरों के लिए केवल एक योजना नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों के शहरी विकास का रोडमैप साबित हो सकता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में यह योजना राज्य के शहरों की तस्वीर बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# पहाड़ की कन्दराओं में प्रतिभा को तलाशने की आवश्यकता:कैंतुरा

**खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्षन करने वाली छात्राओं को किया सम्मानित**

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** नगर निगम क्षेत्रांर्गत आरसी मेमोरियल पब्लिक स्कूल की छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर खेल प्रतिभावान छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गये। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि धीरेन्द्र कुमार कैंतुरा ने कहा कि हमारे पहाड़ की कन्दराओं में प्रतिभा की कमी नही है, जरुरत है तो सिर्फ उसको तलाशने की आवश्यकता है, जो देवेन्द्र गौड़ विगत तीन दशकों से कर रहे हैं। कहा कि इसी का परिणाम है कि आज हमारे बालिकाएं राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं।

कहा कि जब से देवेन्द्र गौड ने तीन दशक पहले माध्यमिक वर्ग बालिका और महिला क्रिकेट की नीव रखी तब से अब हमारे पहाड़ों की बालिकाए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निरंतर अपना परचम लहरा रही हैं। कार्यक्रम मे आरसी मैमोरियल विद्यालय की प्रधानाचार्या कुशुमलता बिष्ट ने कहा कि हमारे विद्यालय में छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ खेल एवं तमाम गति. विधियों को लेकर हरसंभव प्रेरित किया जाता है।

यही कारण है हमारे अध्ययनरत नौनिहाल हर संभव एक्कीस देने की संभावना रखते हैं। माध्यमिक वर्ग बालिका, महिला क्रिकेट के संस्थापक देवेन्द्र गौड़ ने कहा कि छात्र-छात्राओं को पढाई के साथ-साथ शारीरिक खेलों मे रुची लेने की. अति आवश्यकता. है। खेलों से सकारात्मक सोच की उत्पत्ति होती है।

इस मौके पर अरविंद सिंह नेगी, अनसूया बडोनी, सुषमा बिष्ट, नवल किशोर, रोहित, भीम सिंह, अर्चना रावत, संगीता रावत, गीता, विनीता, अंजू बिष्ट, रजनी और मेघा सहित आदि मौजूद थे।

# केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तैयारियां पूर्ण, पंचमखी डोली धाम पहुंची

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक केदारनाथ धाम के कपाट खुलने से पूर्व परंप. रानुसार भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह डोली गौरीकुंड से रवाना होकर आज भव्य स्वागत के बीच केदारनाथ धाम पहुंच गई। डोली के साथ बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी स्वयं पैदल यात्रा कर धाम पहुंचे, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। डोली प्रस्थान से पूर्व हेमंत द्विवेदी ने गौरीकुंड स्थित गौरी माता मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर यात्रा की सफलता की कामना की। उनके साथ बीकेटीसी उपाध्यक्ष विजय कप्रवाण भी मौजूद रहे। डोली यात्रा सोमवार को प्रथम पड़ाव फाटा से सेना के बैंड-बाजों की मंगलध्वनि के साथ गौरीकुंड पहुंची थी, जहां से आज इसे केदारनाथ धाम के लिए रवाना किया गया। केदारनाथ धाम में कपाट उद्घाटन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कपाट आज सुबह प्रात: 8 बजे श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले जाएंगे। इस ऐतिहा. सिक अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। धाम पहुंचने के बाद बीकेटीसी अध्यक्ष ने यात्रा व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने यात्रा मार्ग पर स्थित विश्राम गृहों, ऑनलाइन पूजा बु. कंग प्रणाली और दर्शन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित यात्रा अनुभव उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। इससे पूर्व उन्होंने यात्रा मार्ग पर विभिन्न पड़ावों का निरीक्षण किया तथा धारी देवी मंदिर में भी दर्शन किए। यात्रा के दौरान उन्होंने तीर्थयात्रियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि यमुनोत्री धाम और गंगोत्री धाम के कपाट 19 अप्रैल को खुल चुके हैं, जिससे चारधाम यात्रा ने गति पकड़ ली है। केदारनाथ धाम के बाद बीकेटीसी अध्यक्ष 23 अप्रैल को प्रात: 6:15 बजे खुलने वाले बदरीनाथ धाम के कपाट समारोह में भी शामिल होने के लिए प्रस्थान करेंगे। चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

### नशे के हालत में हंगामा करने पर एक युवक गिरफ्तार

**श्रीनगर।** कीर्तिनगर थाना पुलिस ने नशे के हालत में गाली ग्लौज करने और शांतिभंग करने पर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कीर्तिनगर संजय मिश्रा ने बताया कि डायल 112 पर सूचना मिली कि चौरास क्षेत्र के डंगवाल गधेरा रोड पर एक व्यक्ति शराब के नशे में हंगामा कर स्थानीय लोगों को धमका रहा है।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मोहित बिष्ट उर्फ राहुल, निवासी मढ़ी चौरास, को नशे की हालत में गाली-गलौज करते के मामले में गिरफ्तार किया है। बताया कि जांच में सामने आया कि आरा. पी पूर्व में हत्या के मामले में जेल जा चुका है और वर्तमान में जमानत पर है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक आशीष रावत, हेड कांस्टेबल प्रदीप और कांस्टेबल हरीश चंद्र आदि शामिल थे।

# रुद्रप्रयाग में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग संपंन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत जनपद रुद्रप्रयाग के चंद्रपुरी में दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को अंत्योदय, एकात्म मानववाद और संगठनात्मक मूल्यों के आधार पर वैचारिक रूप से सशक्त बनाना तथा राष्ट्र सेवा की भावना को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना रहा।



**कार्यकर्ताओं को वैचारिक मजबूती पर दिया गया जोर**

प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेश महामंत्री (संगठन) अजेय कुमार ने "कार्य विस्तार" विषय पर अपने संबोधन में कहा कि कार्य विस्तार का अर्थ केवल सदस्य संख्या बढ़ाना नहीं, बल्कि संगठन को बूथ स्तर से लेकर केंद्र स्तर तक सुदृढ़ और सक्रिय बनाना है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं। भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, इसलिए अनुशासन, समर्पण और व्यवस्थित कार्यशैली के माध्यम से कार्यकर्ताओं को जनता और संगठन के बीच सेतु का कार्य करना चाहिए। साथ ही उन्होंने सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में कार्यकर्ताओं की भूमिका को अहम बताया। इससे पूर्व पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ किया और भाजपा के इतिहास एवं विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। "हमारा वैचारिक अधिष्ठान" विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि एकात्म मानववाद और अंत्योदय का दर्शन ही पार्टी की विचारधारा का मूल आधार है, जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की परिकल्पना करता है। प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार ने "विचार परिवार" विषय पर अपने विचार रखते हुए राष्ट्र सेवा, सांस्कृतिक मूल्यों, अंत्योदय और भारतीय परिवार प्रणाली को सुदृढ़ करने पर बल दिया। वहीं कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी ने "सरकार की गरीब कल्याण योजनाएं एवं संगठन की भूमिका" विषय पर कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें गरीबों के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही हैं और कार्यकर्ताओं को इन योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। प्रशिक्षण वर्ग में अन्य वक्ताओं ने भी विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। प्रदेश मंत्री नलिन भट्ट ने भाजपा का इतिहास और विकास, राज्य मंत्री रामचंद्र गौड़ ने कार्यकर्ता विकास एवं अपेक्षाएं, प्रदेश प्रकोष्ठ संयोजक कोस्तुभानंद जोशी ने कार्य पद्धति, राज्य मंत्री बलवीर घुनियाल ने देश के समक्ष राजनीतिक एवं सामाजिक चुनौतियां, प्रदेश कार्य समिति सदस्य रघुवीर बिष्ट ने व्यवहारिक सत्र को संबोधित किया।

# संस्थागत प्रसव संबंधी जागरुकता के लिए फील्ड में उतरे सीएमओ देहरादून

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** स्वास्थ्य विभाग देहरादून द्वारा धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड ब्रह्मपुरी छठ पार्क क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के लिए स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शि. विर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत आयोजित इस शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ तथा जनरल फिजिशियन द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गयी। इसके अतिरिक्त लाभार्थियों को नि:शुल्क औषधि वितरण किया गया तथा रक्तजांच सेवाएं भी दी गयी।

शिविर में 137 गर्भवती महिलाओं और 16 बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई। गर्भवती महिलाओं में 15 एच आर पी तथा 6 नई ए एन सी पंजीकृत किए गए।



**ब्रह्मपुरी-माजरा क्षेत्र में एन.एन.सी. जांच व संस्थागत प्रसव जागरूकता शिविर का आयोजन**

शिविर में लाभार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य एवं सुरक्षित प्रसव की जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग की है, जो समुदाय की सहभागिता से ही संभव है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं हेतु संचा. लित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित परिवारजनों से भी आह्वान किया कि गर्भवती महिलाओं की 4 ए.एन.सी. जांचें अवश्य करवायें तथा प्रसव सिर्फ अस्पताल में ही करवायें। उन्होंने उपस्थित जन प्रतिनिधियों से भी अपील की कि वे अपने क्षेत्र में होम डिलीवरी के प्रचलन को हतोत्साहित करें तथा संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित करें। शिविर में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एन.एच.एम. डॉ निधि रावत ने आशा कार्यकत्रियों को घर-घर अभियान के तहत आगामी तीन माह में प्रसव की संभावित तिथि वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनके स्वास्थ्य की निरंतर निगरानी करने की बात कही। शिविर में ब्रह्मपुरी के पार्षद सतीश कश्यप, लोहिया नगर के पार्षद मुकीम अहमद भूरा, निरंजनपुर की पार्षद पूनम पुंडीर आदि उपस्थित रहे। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ प्रताप रावत, वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ मंजू रावत, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रश्मि रावत, सीयूएचओ राकेश बिष्ट, ब्लॉक आशा समन्वयक पंचम सिंह बिष्ट, सुमित उनियाल, यूपीएचसी समन्वयक सारिका बहुगुणा सहित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र माजरा के चिकित्सा अधिकारियों तथा पैरामेडिकल स्टाफ,आशा कार्यकत्रियों, आशा फैसिलिटेटर एवं समाजसेवी नीतू वालिया द्वारा प्रतिभाग किया।

संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने तथा प्रसवपुर 4 ए एन सी स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने के लिए जनपद के चकराता ब्लॉक स्थित कोटी कनसर क्षेत्र में भी मंगलवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। होम डिलीवरी के प्रचलन को रो. कने, अस्पताल में प्रसव को बढ़ावा देने तथा उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें उचित उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हसनपुर शेरपुर में भी आज स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

# एम्स के दीक्षांत समारोह में आएंगे उपराष्ट्रपति

शाह टाइम्स संवाददाता

**ऋषिकेश।** एम्स ऋषिकेश में गुरूवार को छठवां दीक्षांत समारोह आयोजित होगा। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन मुख्य अतिथि होंगे। राज्यपाल गुरमीत सिंह , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल भी समारोह में शामिल होंगी।

मंगलवार को कार्यकारी निदेशक एम्स प्रो. मीनू सिंह और डीन एकेडमिक प्रो. सौरभ वार्ष्णेय ने संस्थान में आयोजित प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह दीक्षांत समारोह न सिर्फ विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों का उत्सव है, बल्कि देश को समर्पित, सक्षम व नैतिक स्वास्थ्य पेशेवरों के निर्माण की दिशा में एम्स ऋषिकेश की प्रतिबद्धता का प्रतीक भी है। बताया कि समारोह में संस्थान के विभिन्न पाठ्यक्रमों के 386 छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान की जाएगी। एमबीबीएस बैच 2019 समेत पूर्व बैच के 2 छात्र, बीएससी नर्सिंग बैच 2021, एमडी, एमएस, एमडीएस बैच जुलाई 2022 और जनवरी 2023, एमएससी नर्सिंग बैच 2023, एमएससी मेडिकल बैच 2022, एमपीएच बैच जनवरी 2024, डीएम, एमच बैच जुलाई 2022 व जनवरी 2023 के साथ ही पीएचडी के विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। कार्यकारी निदेशक ने बताया कि कुल 23 पदक प्रदान किए जाएंगे, जिनमें विभिन्न पाठ्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 13 स्वर्ण, पांच रजत व पांच कांस्य पदक शामिल हैं। 21 सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस, पांच सर्टिफिकेट ऑफ अप्रिसिएशन और 13 सर्टिफिकेट ऑफ ऑनर भी प्रदान किए जाएंगे।



**23 अप्रैल को आयोजन में विभिन्न पाठ्यक्रमों के 386 छात्र-छात्राओं को प्रदान करेंगे डिग्री**

## गढ़वाल विवि की सम सेमस्टरों के परीक्षाओं की तिथि घोषित

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय ने सम सेमेस्टर परीक्षाओं की तिथि घोषित कर दी है। आगामी चार मई से विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं आयोजित होगी। परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए विवि द्वारा तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। गढ़वाल विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों समेत संबद्ध कालेजों, महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के लिए सम सेमेस्टर परीक्षा की घोषणा कर दी गई है। इस संबंध में विवि के परीक्षा नियंत्रक ने अधिसूचना जारी की है। जारी आदेश के अनुसार चार मई को पांच वर्षीय एमबीए पाठ्यक्रम की परीक्षाएं आयोजित होंगी, जबकि बीए, बीएससी, बीकाम, बीबीए, बीए मास काम, बीएससी फारेस्ट्री व हार्टिकल्चर की परीक्षाएं पांच मई से शुरू होगी। पांच वर्षीय एमएससी बायोटेक्नोलाजी सम सेमेस्टर परीक्षा 11 मई आईटेप विषय के बीए बीएड, बीकाम बीएड व बीएससी बीएड की परीक्षा नौ मई से होगी। इधर बीएड, एमएड की परीक्षा 14 मई से व बीपीएड की परीक्षा 21 मई से आयोजित होगी।

## हिमोत्थान सोसाइटी ने किए जा रहे कार्यो की जानकारी डीएम को दी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में टाटा ट्रस्ट्स की नोडल संस्था हिमोत्थान सोसाइटी की जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई जिसमें हिममोत्थान सोसाइटी ने पीपीडी के माध्यम से जनपद के तीन विकासखंड जौनपुर, चंबा एवं थौलधार किए जा रहे कार्यों का विस्तार से प्रदर्शित करते हुए जिलाधिकारी को अवगत कराया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल, डीडीओ मो.असलम,डीपीओ मोहम्मद मुस्तफा खान के अलावा अन्य अधिकारी एवंहिममोत्थान सोसाइटी के पदाधिकारियों उपस्थित रहे।

# केदारनाथ धाम में ड्रोन उड़ाने पर सख्त एक्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जनपद पुलिस पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद नजर आ रही है। धाम क्षेत्र की अत्यधिक संवेदनशीलता को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां लगातार निगरानी बनाए हुए हैं। इसी क्रम में नियमों का उल्लंघन कर बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए दो ड्रोन मौके पर ही जब्त कर लिए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, केदारनाथ धाम में तैनात पुलिस टीम द्वारा नियमित चेकिंग और निगरानी अभियान के दौरान कुछ व्यक्तियों को बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के ड्रोन संचालित करते हुए पाया गया। जैसे ही यह मामला संज्ञान में आया, पुलिस टीम ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए कार्रवाई की और नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों से दो ड्रोन जब्त कर लिए। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि केदारनाथ धाम एक अत्यधिक संवेदनशील धार्मिक एवं सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यहां सुरक्षा कारणों के चलते ड्रोन संच. ालन पर पूर्ण प्रतिबंध लागू है। बिना जिला प्रशासन की पूर्व अनुमति के किसी भी प्रकार का ड्रोन कैमरा उड़ाना पूरी तरह अवैध है और इसे गंभीर उल्लंघन माना जाएगा। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की गतिविधियां न केवल सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावित करती हैं, बल्कि श्रद्धालुओं की आस्था और धाम की गरिमा को भी ठेस पहुंचा सकती हैं। इसलिए ऐसे मामलों में जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है। रुद्रप्रयाग पुलिस ने सभी तीर्थयात्रियों से अपील करते हुए कहा कि धाम की मर्यादा और सुरक्षा नियमों का पूर्णत: पालन करें। बिना लिखित अनुमति के ड्रोन या किसी भी प्रकार के उड़ने वाले कैमरा उपकरण का प्रयोग न करें। फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी के लिए जारी दिशा-निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से करें।

पुलिस ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि कोई व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करता पाया जाता है तो संबंधित उपकरण को जब्त करने के साथ-साथ उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। चारधाम यात्रा के दौरान सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रशासन द्वारा लगातार सख्ती बरती जा रही है, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से दर्शन कर सकें।



**पुलिस ने दो ड्रोन किए जब्त, उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई**

### महिला आरक्षण बिल पर सियासत तेज

**उत्तरकाशी।** महिला आरक्षण विधेयक को लेकर देशभर में राजनीतिक बयानबाजी जारी है। इसी क्रम में उत्तरकाशी जिला कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रदीप रावत ने की। बैठक के दौरान नव-नियुक्त पदाधिकारियों भटवाड़ी ब्लॉक अध्यक्ष मनोज पंवार, डुंडा ब्लॉक अध्यक्ष आनंद प्रकाश गौतम और नगर अध्यक्ष दिवाकर प्रसाद भट्ट का माल्यार्पण कर स्वागत और अभिनंदन किया गया। सभी को नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी पर महिला आरक्षण बिल को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2023 में महिला आरक्षण विधेयक पूर्ण बहुमत से पारित हो चुका है, ऐसे में अब किस मुद्दे पर भ्रम फैलाया जा रहा है। बैठक में बी.एल. घालवान, दिनेश गौड, कमल सिंह राव, विज. ेंद्र नौटियाल, विजय सेमवाल, कविता जोगेला, बीना शाह, कमलेश मेहता, एकादशी, राखी राणा, मधु रावत, सुधीश पंवार और चमन लाल आदि मौजूद रहे।

# सरकार प्रदेश में कर रही ध्रुवीकरण की राजनीति: धस्माना

**कहा, मदरसा बोर्ड भंग करने का निर्णय असली मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रपंच**

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड की भाजपा सरकार के मदरसा बोर्ड भंग करने के निर्णय पर प्रतिक्रिया देते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य व उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि प्रदेश की जनता का मुख्य मुद्दों महंगाई, रसोई गैस की किल्लत, महिलाओं पर लगातार बढ़ रही हिंसा व अपराध, अवैध खनन, आबकारी घोटाला, स्मार्ट सिटी घोटाला, नकल और पेपर लीक तथा चरम पर बेरोजगारी जैसे ज्वलंत मुद्दों पर जनता को जवाब नहीं दे पा रहे इसलिए धार्मिक ध्रुवीकरण में पूरी ताकत लगाए हुए हैं और इसीलिए अब मदरसा बोर्ड भंग करने का ऐलान कर रहे हैं।



धस्माना ने कहा कि वर्ष 2005 में नारायण दत्त तिवारी की सरकार ने प्रदेश के अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय में शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए उत्तराखंड मुस्लिम एजुक. ेशन मिशन का गठन किया था जिसे बाद में खण्डूडी सरकार में मदरसा बोर्ड में मर्ज किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य मदरसों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को दीनी शिक्षा के अलावा दुनियावी तालीम भी दी जाए और तब से आज तक प्रदेश में संचालित सभी मदरसों का मदरसा बोर्ड में पंजीकरण अनिवार्य कर मदरसों में इस्लामी दीनी तालीम के अलावा एनसीआरटी का कोर्स भी पढ़ाया जा रहा है, जो आरएसएस व भाजपा के लोगों को पसंद नहीं।

# कार्यालय नगर निगम ऋषिकेश देहरादून

पत्रांक : 261/ भवनकर/2026-2027 दिनांक : 21/04/2026

नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213 (क) व (ख) के अन्तर्गत भवनकर अभिलेखों में नामान्तरण हेतु आवश्यक सूचना।

| क्रम सं0 | रसीद संख्या | बुक संख्या | सम्पत्ति संख्या | क्षेत्र का नाम | कर निर्धारण पंजिका में दर्ज नाम | आवेदक का नाम | आवेदन दिनॉक | नामान्तरण हेतु आधार | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 34 | 2796 | 13 | मानवेन्द्र नगर | श्री एस0के0 सिंघल, श्री अजय कुमार सिंघल एवं श्री अभय कुमार | श्री अभय कुमार सिंघल व श्री अजय कुमार सिंघल पुत्रगण स्व0 श्री सुरेन्द्र कुमार सिंघल | 17/03/2026 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र, अनापत्ति प्रमाण-पत्र, एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग |
| 2 | 83 | 2787 | 259/258/2 | वीरभद्र मार्ग | श्रीमती मधु गुप्ता पत्नी श्री तरूण गुप्ता | श्रीमती शशी गुप्ता पत्नी श्री अवधेश गुप्ता | 20/08/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (23.75 वर्ग मी0) |
| 3 | 84 | 2787 | 259/258/2 | वीरभद्र मार्ग | श्रीमती मधु गुप्ता पत्नी श्री तरूण गुप्ता | श्रीमती शशी गुप्ता पत्नी श्री अवधेश गुप्ता | 20/08/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (83.61 वर्ग मी0) |
| 4 | 35 | 2796 | 45/24 | हीरालाल मार्ग | श्री मानव जौहर पुत्र श्री मनजीत जौहर | प्रियांशी अग्रवाल पुत्री श्री अशोक कुमार अग्रवाल | 10/03/2026 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (125.46 वर्ग मी0) |
| 5 | 36 | 2796 | 67/2 | तिलक मार्ग | मै0 जितेन्द्र कुमार एण्ड सन्स | श्री पुनीत कुमार मित्तल एवं श्री राजन मित्तल | 09/06/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (20.44 वर्ग मी0) |
| 6 | 31 | 2796 | 306ए/148/1 | देहरादून मार्ग | श्रीमती कमलेश पत्नी श्री सीता राम कुमार | श्री आदित्य कुमार एवं श्री मोहित कुमार पुत्रगण श्री प्रदीप कुमार | 28/02/2026 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, रजि0 वसीयत एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (167.28 वर्ग मी0) |
| 7 | 40 | 2796 | 552 | चन्द्रेश्वर नगर | श्री राम वृक्ष पुत्र श्री सिंहासन | श्री गुलाब चन्द पुत्र स्व0 श्री सिंहासन | 18/08/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (10.87 वर्ग मी0) |
| 8 | 42 | 2796 | 59/297 | चन्द्रेश्वर मार्ग | श्री महेन्द्र प्रसाद पुत्र श्री दहारी | कु0 मुस्कान पुत्री श्री विजय साहनी | 19/02/2026 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (41.82 वर्ग मी0) |
| 9 | 44 | 2796 | 76ए | चन्द्रेश्वर मार्ग | श्री रामनाथ पुत्र श्री तेजा सिंह | श्री रमेश कुमार पुत्र स्व0 श्री राम नाथ सिंह | 10/10/2025 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र, अनापत्ति प्रमाण-पत्र, एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग |
| 10 | 9 | 2796 | 88/45 | अद्वैतानन्द मार्ग | श्री तिलक राज डंग पुत्र स्व0 श्री जगन्नाथ डंग | श्रीमती अन्नु गुप्ता पत्नी श्री राधा बल्लभ | 28/03/2026 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (74.44 वर्ग मी0) |
| 11 | 33 | 2796 | 349/172 | चन्द्रेश्वर मार्ग | श्री महन्त छविराम दास गोविन्द, गोपाल कुटीर वनवासी | अभिरामदास शिष्य साकेत वासी श्री महन्त रामगोपाल दास एवं साधु संजीवन दास शिष्य छविराम दास | 17/05/2025 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, विरक्त वैष्णव मण्डल समिति ऋषिकेश(रजि0), महान्ताई नामा एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग |
| 12 | 3 | 2796 | 304/146 | देहरादून मार्ग | श्री अब्बल सिंह मिश्रवाण पुत्र श्री कुन्दन सिंह | श्री गजपाल सिंह मिश्रवाण पुत्र स्व0 श्री अब्बल सिंह मिश्रवाण | 10/02/2026 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र, अनापत्ति प्रमाण-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग |
| 13 | 2 | 2796 | 26/9 | हीरालाल मार्ग | श्री नवीन लूथरा पुत्र श्री दर्शन लाल लूथरा | श्रीमती भूमिका राणा पत्नी श्री श्वेतांक वर्मा पुत्री श्री विजय राणा | 10/12/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (28.65 वर्ग मी0) |
| 14 | 21 | 2796 | 45/24 | हीरालाल मार्ग | श्री मानव जौहर पुत्र श्री मनजीत जौहर | श्री पवन कुमार पुत्र श्री होशियार सिंह | 10/03/2026 | रजि0 दान-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (74.34 वर्ग मी0) |
| 15 | 72 | 2787 | 597 | चन्द्रेश्वर नगर | श्री राजेश अग्रवाल पुत्र श्री रमेश कुमार अग्रवाल | श्रीमती कुंती देवी पत्नी री पंकज प्रसाद | 24/03/2026 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (25.09 वर्ग मी0) |
| 16 | 71 | 2787 | 597 | चन्द्रेश्वर नगर | श्री राजेश अग्रवाल पुत्र श्री रमेश कुमार अग्रवाल | श्रीमती संगीता देवी पत्नी श्री महन्त यादव पुत्र श्री बाबूलाल यादव | 23/03/2026 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (29.28 वर्ग मी0) |
| 17 | 97 | 2787 | 839/381 | गंगा नगर | श्री रघुनन्दन प्रसाद थपलियाल पुत्र स्व0 श्री रामेश्वर लाल | श्रीमती सुनीता देवी पत्नी श्री सुनील कुमार पंडिता | 22/02/2026 | रजि0 विक्रय-पत्र, रजि0 दाननामा-विलेख, मुख्तारनामा एवं शपथ-पत्र | एक भाग (52.69 वर्ग मी0) |
| 18 | 87 | 2787 | 205/14/4/180 | नेहरू मार्ग | श्री वृन्दावन भट्ट पुत्र श्री भवानी शंकर भट्ट | श्री सुरज प्रकाश भट्ट, श्री चन्द्र शेखर भट्ट एवं श्रीमती रेणुका अनिल कुमार टोडरिया पुत्रगण/पुत्री स्व0 श्री वृंदावन भट्ट | 25/02/2026 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग |
| 19 | 13 | 2787 | 101/90 | तिलक मार्ग | श्री विजय प्रकाश पुत्र स्व0 श्री कुन्दन लाल शर्मा | कमला शर्मा व डोली शर्मा पुत्रीगण स्व0 श्री कुन्दन लाल शर्मा | 27/01/2020 | उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग |
| 20 | 14 | 2787 | 191 | देहरादून मार्ग | श्री विजय प्रकाश पुत्र स्व0 श्री कुन्दन लाल शर्मा | कमला शर्मा व डोली शर्मा पुत्रीगण स्व0 श्री कुन्दन लाल शर्मा | 27/01/2020 | उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग |
| 21 | 16 | 2787 | 693-/348/2 | गंगा नगर | श्री कन्हैया लाल अरोडा पुत्र स्व0 श्री सुगन चन्द अरोडा | श्री सूरज प्रसाद चौरसिया पुत्र श्री लक्ष्मी प्रसाद चौरसिया एवं श्री चन्द्र प्रकाश चौरसिया पुत्र श्री सूरज प्रसाद चौरसिया | 26/11/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (123.85 वर्ग मी0 |
| 22 | 64 | 2787 | 55ए/50 | मनीराम मार्ग | श्री अमित कुमार जैन पुत्र श्री रमेश चन्द्र जैन | श्री रमन अरोड़ा पुत्र श्री हरि ओम अरोड़ा | 28/09/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (32.48 वर्ग मी0 |
| 23 | 91 | 2787 | 420/397 | हरिद्वार मार्ग | श्री कृष्ण मोहन शर्मा पुत्र श्री रविन्द्र प्रकाश | श्री आदित्य प्रकाश पुत्र स्व0 श्री रविंन्द्र प्रकाश शर्मा | 02/09/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (56.21 वर्ग मी0 |
| 24 | 8 | 2795 | 100/92 | सोमेश्वर नगर | श्रीमती सुशीला देवी पत्नी श्री शिवदत्त बलूनी | श्री राकेश चन्द बलूनी व श्री अरविन्द बलोनी पुत्रगण स्व0 श्री शिवदत्त बलूनी | 01/05/2025 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र, अनापत्ति प्रमाण-पत्र, एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग |
| 25 | 5 | 2796 | 118/1/75 | नेहरू मार्ग | श्री नरेन्द्र सिंह रौतेला पुत्र स्व0 श्री गजे सिंह रौतेला | श्रीमती रोशनी जोशी पत्नी श्री सुरेश चन्द्र जोशी | 08/12/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (167.28 वर्ग मी0) |
| 26 | 65 | 2787 | 55ए/50 | मनीराम मार्ग | श्री अमित कुमार जैन पुत्र श्री रमेश चन्द्र जैन | श्री रमन अरोड़ा पुत्र श्री हरि ओम अरोड़ा | 22/09/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (105.94 वर्ग मी0) |
| 27 | 1 | 2796 | 55/26/5 + 55/26/4 +58/26/10 | हीरालाल मार्ग | श्री दिनेश लूथरा, श्री संजीव लूथरा, श्री नवीन लूथरा, श्री संजय लूथरा एवं श्री अजय लूथरा | श्री श्वेतांक वर्मा पुत्र स्व0 श्री सुधीर कुमार वर्मा | 10/12/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (46.77 वर्ग मी0) |
| 28 | 94 | 2787 | 42/37 | आदर्श नगर | श्री आत्माराम पुत्र श्री जोधाराम | श्री राजकुमार अरोड़ा पुत्र श्री आत्माराम | 04/02/2026 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र, रजि0 दाननामा-विलेख एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (560 वर्ग गज) |
| 29 | 93 | 2787 | 455/6 | बनखण्डी ग्राम | श्री तिलक राज चमोली पुत्र श्री पीताम्बर चमोली | श्री अभिषेक चमोली पुत्र श्री ओम प्रकाश चमोली | 05/03/2024 | रजि0 उपहार-विलेख एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (106.10 वर्ग मी0) |
| 30 | 7 | 2787 | 50/42+43 | सदानन्द मार्ग | श्री रमेश कुमार डंग पुत्र श्री जसवन्त राम डंग | श्री चन्दन देव अवधूत आश्रम स्वामी श्री रघुवर दयाल शास्त्री धीसा पंथी ट्रस्ट द्वारा अध्यक्ष स्वामी अखंडानंद शिष्य ब्रहमलीन स्वामी रघुवर दयाल शास्त्री | 03/12/2024 | रजि0 विक्रय-पत्र,रजि0 उपहार-विलेख एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (334.57 वर्ग मी0) |
| 31 | 73 | 2782 | 391/446 | गंगा नगर | श्री मंत्री प्रसाद मंमगाई पुत्र श्री सुरजमणी | श्रीमती सुधा ममगांई पत्नी स्व0 श्री मंत्री प्रसाद ममगांई | 27/07/2024 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र, अनापत्ति प्रमाण-पत्र, एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग |
| 32 | 59 | 2787 | 122/7 | अद्वैतानन्द मार्ग | श्रीमती ज्ञान कौर पत्नी स्व0 श्री हरदयाल सिंह | श्री रविन्द्र सिंह पुत्र श्री हर दयाल सिंह | 25/02/2026 | रजि0 उपहार विलेख एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (122.67 वर्ग मी0) |
| 33 | 90 | 2784 | 45/24 | हीरालाल मार्ग | श्री मानव जौहर पुत्र श्री मनजीत जौहर | श्रीमती रितु अग्रवाल पत्नी श्री नवीन अग्रवाल | 10/03/2026 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (280.55 वर्ग मी0) |
| 34 | 31 | 2787 | 94/87 | जीवनी माई मार्ग | श्री रवि राज मखीजा पुत्र स्व0 श्री भगत राम | श्री धीरज मखीजा पुत्र श्री रवि राज मखीजा | 16/03/2026 | रजि0 उपहार विलेख एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (276.21 वर्ग मी0) |
| 35 | 32 | 2787 | 300/216 | गंगा नगर | श्री वचन सिंह रावत पुत्र श्री गुमान सिंह रावत | श्री सुनील कुमार सिंह पुत्र स्व0 श्री बचन सिंह रावत एवं श्री शिवम रावत पुत्र स्व0 श्री पदवेन्द्र सिंह रावत | 23/09/2025 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र, अनापत्ति प्रमाण-पत्र, एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग |
| 36 | 49 | 2796 | 69/71 | अद्वैतानन्द मार्ग | श्री नरेन्द्र मोहन सिंह पुत्र श्री विरेन्द्र सिंह | श्रीमती पुष्पा सिंह पत्नी स्व0 श्री नरेन्द्र मोहन सिंह | 07/01/2026 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र, अनापत्ति प्रमाण-पत्र, एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग |
| 37 | 31 | 2795 | 26/21 | चन्द्रेश्वर मार्ग | श्री शिवम पुरोहित | श्रीमती रक्षा मल्होत्रा पत्नी श्री कंवलजीत मल्होत्रा | 19/02/2026 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (73.60 वर्ग मी0) |
| 38 | 83 | 2796 | 378 | आवास विकास | श्री विशाल भल्ला पुत्र श्री एम0एल0 भल्ला | श्रीमती ज्योति पत्नी श्री राहुल बरस्वाल पुत्री श्री लक्ष्मी नारायण | 10/03/2026 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (25.05 वर्ग मी0) |
| 39 | 15 | 2795 | 313/23 + 311सी0/20 | चन्द्रेश्वर नगर | श्री ओम प्रकाश चौरसिया पुत्र श्री सूरज प्रकाश एवं श्री सूरज प्रकाश चौरसिया पुत्र श्री लक्ष्मी प्रसाद चौरसिया | श्री किशोर कुमार दास पुत्र श्री जयराम दास | 06/12/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (318.13 वर्ग मी0) |
| 40 | 84 | 2796 | 487/452 | चन्द्रेश्वर नगर | श्री राम बहादुर पुत्र श्री किर्तिराम | श्री दिलबहादुर पुत्र स्व0 श्री राम बहादुर | 04/02/2026 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, रजि0 वसीयत एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (22.21 वर्ग मी0) |
| 41 | 73 | 2796 | 15 | मानवेन्द्र नगर | श्रीमती राजेश चन्द्र पत्नी श्री महेश चन्द्र | श्री सोनम सहाय सक्सेना पुत्र श्री महेश चन्द सक्सेना | 06/12/2025 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र, अनापत्ति प्रमाण-पत्र, एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग |
| 42 | 35 | 2795 | 136/17/7 | गंगा नगर | श्रीमती चमनो देवी पत्नी श्री चरण सिंह | श्री मनोज कुमार पुत्र श्री चरण सिंह | 22/02/2026 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र, रजि0 उपहार पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (113 वर्ग मी0) |
| 43 | 37 | 2795 | 155/1 | गंगा नगर | श्री हरि मोहन गुल्हाटी, श्री तेज प्रकाश, श्री हिमांशु गुल्हाटी, श्री जितेन्द्र मोहन, श्री चन्द्रमोहन | श्रीमती हेमा गुल्हाटी पत्नी श्री चन्द्र मोहन गुल्हाटी | 21/02/2026 | रजि0 दाननामा-विलेख एवं शपथ-पत्र | एक भाग (161.43 वर्ग मी0) |

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम ऋषिकेश।

# अभिषेक ने छुड़ाए दिल्ली के छक्के

## हैदराबाद ने दिल्ली को दिया 243 रन का टारगेट

**हैदराबाद, वार्ता।** अभिषेक की शतकीय पारी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद (आरएच) ने आईपीएल में मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को 243 रन का टारगेट दिया है। राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। आरएच ने 20 ओवर में दो विकेट पर 242 रन बनाए। अभिषेक शर्मा ने नाबाद 135 रन की शतकीय पारी खेली। उन्होंने 68 गेंद की पारी में 10 चौके और 10 छक्के लगाए।

हेनिरक क्लासन ने नाबाद 37 रन बनाए। दोनों ने नाबाद 66 रन की पार्टनरशिप की। अभिषेक के अलावा, ट्रैविस हेड ने 37, ईशान किशन ने 25 रन का योगदान दिया। दिल्ली की ओर से अक्षर पटेल ने एक विकेट लिया। एक बल्लेबाज रनआउट हुआ। हैदराबाद की पारी के आखिरी ओवर से 20 रन आए। इसमें 3 चौके ओर एक छक्का लगा। आखिरी बाल पर आए चौके के दम पर हैदराबाद ने 20 ओवर में 242 रन बना डाले और दिल्ली को 243 रन का टारगेट दिया। 18वें ओवर में लुंगी एनगिडी ने 14 रन खर्च कर दिए। हेनरिक क्लासन ने उनकी चौथी और 5वीं बाल पर लगातार दो छक्के लगाए। बाकी के रन सिंगल के जरिए आए। 17वें ओवर में हैदराबाद ने 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। अभिषेक ने नटराजन के ओवर की आखिरी बाल पर रिवर्स स्वीप करके चौका लगाया। इसी चौके से टीम का स्कोर 200 पार हो गया। 16वें ओवर में लुंगी एनगिडी ने महज 6 रन दिए। उनके इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं आई है। सभी रन सिंगल और डबल के जरिए बने। 15वें ओवर में हैदराबाद ने दूसरा विकेट गंवाया। नीतीश की चौथी बाल पर ईशान किशन रनआउट हो गए। बाल नीतीश के हाथ से लगकर नान स्ट्राइक के स्टंप पर लगी। ईशान 25 रन ही बना सके। इसी के साथ अर्धशतकीय साझेदारी टूट गई। नीतीश राणा ने इस ओवर में 23 रन आए। 15वें ओवर में अभिषेक शर्मा ने शतक पूरा किया। उन्होंने नीतीश राणा की शुरुआती दो बाल पर लगातार दो छक्के लगाए और 47 बाल पर शतक पूरा किया। अभिषेक ने अपने आईपीएल करियर में दूसरा शतक लगाया।

उनके टी-20 क्रिकेट में 9 शतक हो गए हैं। 14वें ओवर में अभिषेक शर्मा को जीवनदान




मिला। टी. नटराजन की बाल पर डीप बैकवर्ट पाइंट पर नीतीश राणा ने कैच ड्राप किया। यहां अभिषेक शर्मा 86 रन के स्कोर पर खेल रहे थे। 13वें ओवर में अभिषेक शर्मा ने ईशान किशन के साथ दूसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली। उन्होंने मुकेश कुमार की आखिरी बाल पर छक्का लगाकर साझेदारी को 50 पार पहुंचाया। इसी के साथ हैदराबाद का स्कोर भी 150 पार हो गया। 11वें ओवर में कुलदीप यादव ने 21 रन खर्च कर लिए। उनके इस ओवर में 4 बाउंड्री लगी। इनमें दो चौके और दो छक्के शामिल रहे। 9वें ओवर की पहली बाल पर अभिषेक शर्मा ने हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। उन्होंने अक्षर पटेल की पहली बाल को मिडविकेट की ओर खेला और अर्धशतक पूरा किया। अभिषेक ने 25 बाल पर फिफ्टी पूरी की। इसी ओवर में अक्षर पटेल ने 5वीं बाल पर ट्रैविस हेड को समीर रिजवी के हाथों कैच कराया। यहां फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक हुई। हेड 37 रन बनाकर आउट हुए। टॉस हारकर बैटिंग कर रही हैदराबाद ने मजबूत शुरुआत की है। टीम ने पावरप्ले के 6 ओवर में 67 रन बना लिए थें।

# टी-20 वर्ल्ड कप में प्रोटियाज के लिए अच्छे संकेत

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी विमेंस टी-20 प्लेयर रैंकिंग के लेटेस्ट अपडेट के बाद दक्षिण अफ्रीका की टॉप परफॉर्मर बड़ी विनर रही हैं। दक्षिण अफ्रीका और भारत अभी इंग्लैंड और वेल्स में 12 जून से होने वाले महिला टी-20 वर्ल्ड कप के लिए अपनी तैयारियों को फाइनल कर रहे हैं, जिसमें पांच मैचों की सीरीज होगी और दोनों टीमों के प्लेयर्स को अपडेटेड रैंकिंग में बड़ी बढ़त मिली है।

प्रोटियाज की कप्तान लॉरा वोल्वार्ट भारत के खिलाफ सीरीज के दूसरे गेम में शानदार हाफ-सेंचुरी के बाद टी-20 बैटर्स की अपडेटेड रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वोल के बाद पांचवें स्थान पर बनी हुई हैं, जबकि टीम की साथी एनेरी डर्कसेन (18 पायदान ऊपर 33वें स्थान पर) और सुने लुस (आठ पायदान ऊपर 35वें स्थान पर) भी डरबन मुकाबले में अच्छे योगदान के बाद इसी लिस्ट में जगह बनाने में कामयाब रही।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, नरेन्द्र नगर, टिहरी गढवाल।

पत्रांक: 83/ कोटेशन/न0पा0प0/2025-2026 दिनांक: 21/04/2026

### अल्पकालीन कोटेशन सूचना

नगर पालिका परिषद्, नरेन्द्र नगर के द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण-2026-27 के अन्तर्गत दिये गये दिशा-निर्देशों के क्रम में नगर क्षेत्र के वार्ड संख्या-01 किनवानी के अन्तर्गत कुम्हार खेडा में वेस्ट-टू-वंडर पार्क पर लगने वाली सामग्रीयों का क्रय किये जाने हेतु अनुभवी फर्मो/संस्थानों/व्यक्तियों/उक्त कार्य को करने वाली संस्थाओं से कोटेशन के माध्यम से दरें आंमत्रित की जाती है, जो दिनांक 28 अप्रैल, 2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक सीलबन्द लिफाफे में कोटेशन नगर पालिका परिषद्, नरेन्द्र नगर के कार्यालय में आमत्रित किये जाते है जो उसी दिन अपरान्ह 02:30 बजे उपस्थित कोटेशनदाताओं के समक्ष निविदा समिति द्वारा पालिका कार्यालय में खोले जायेगें। निर्धारित तिथि एंव समय के पश्चात् प्राप्त कोटेशनों पर विचार नही किया जायेगा। कोटेशन से सम्बन्धित नियम एंव शर्तो की जानकारी किसी भी कार्य दिवस को पालिका कार्यालय से ज्ञात की जा सकती है। कोटेशनों को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार प्रशासक, नगर पालिका परिषद्, नरेन्द्र नगर को निहित होगा।

| क्र0सं0 | कार्य का विवरण | दर |
|---|---|---|
| 1 | वेस्ट-टू-वंडर पार्क हेतु स्थलीय निरीक्षण के उपरान्त फर्म के द्वारा आकर्षक सामग्रीयों की दरें भरी जायेगी। | प्रति नग |

एमल सिंह रावत
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
नरेन्द्र नगर, टि0ग0।

# RR का मुकाबला संघर्षरत लखनऊ से

**लखनऊ, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स आईपीएल 2026 के इस जरूरी मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ काफी कॉन्फिडेंस के साथ उतरेगी, और यह सही भी है। उनका क्रिकेट फीयरलेस यंग बैटिंग और एक बैलेंस्ड बॉलिंग अटैक से चला है, जिसने अक्सर अच्छा परफॉर्म किया है।

दूसरी ओर, लखनऊ अपने होम ग्राउंड पर काफी प्रेशर में लौटा, लगातार निराशाजनक नतीजों के बाद रिदम और कंसिस्टेंसी की तलाश में। यह मुकाबला, कई मायनों में, स्टाइल में एक क्लासिक कंट्रास्ट है। एक तरफ राजस्थान का फीयरलेस यूथ-ड्रिवन अप्रोच है, और दूसरी तरफ लखनऊ, जो अपने सीजन को होम ग्राउंड



पर और गहरे संकट में जाने से रोकने की बहुत कोशिश कर रहा है। लखनऊ ने अब तक 6 मैचों में से सिर्फ 2 जीते हैं, और वे अभी तीन मैचों में हार का सिलसिला जारी रखे हुए हैं। हालांकि कुछ इंडिविजुअल पल क्वालिटी के रहे हैं, लेकिन वे एक यूनिट के तौर पर पूरा परफॉर्मेंस नहीं दे पाए हैं। यही उनकी सबसे बड़ी चिंता रही है। वहीं, राजस्थान ने 6 मैचों में से 4 जीते हैं। भले ही उन्हें हाल ही में कुछ झटके लगे हों, लेकिन इस मैच में उनका ओवरऑल स्ट्रक्चर, बैलेंस और फॉर्म अभी भी अपने अपोनेंट्स से ज्यादा मजबूत दिख रहा है। लखनऊ के लिए, बैटिंग यूनिट सबसे बड़ी चिंता का विाय रही है। मिचेल मार्श और एडेन मार्करम ने अच्छी शुरुआत दी है, लेकिन उस शुरुआत को बड़े, मैच जिताने वाले योगदान में नहीं बदला है। निकोलस पूरन एक मुश्किल सीजन से गुजर रहे हैं, मिडिल ऑर्डर में टाइमिग और कंसिस्टेंसी के लिए संर्घा कर रहे हैं। कप्तान, ऋाभ पंत ने कुछ असरदार कैमियो के साथ इरादा दिखाया है, लेकिन एक कमांडिग पारी जो सच में टीम को संभाले, इस सीजन में अभी तक नहीं आई है। मुकुल चौधरी और अब्दुल समद ने कभी-कभी योगदान दिया है, लेकिन उनमें भी कंसिस्टेंसी की कमी रही है।

## तहसील रुड़की में सौंदर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण व बालिकाओं को कंप्यूटर शिक्षा पहल का

# मंत्री प्रदीप बत्रा व डीएम मयूर दीक्षित ने किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** किसी भी दैवीय आपदा की घटना गठित होने पर त्वरित राहत एव बचाव कार्य हेतु आपदा प्रबन्धन टीम को सूचना उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने किया तहसील रूड़की में आपदा कंट्रोल रूम शुभारंभ किया।

जिलाधिकारी ने तहसील रूड़की कार्यालय परिसर का निरिक्षण कर साफ सफाई व्यवस्था बेहतर रखने के दिए निर्देश'

तहसील परिसर रुड़की में किये गये सौन्दर्यकरण एवं पेंटिंग कार्यों का परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा एवं जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने किया लोकार्पण इस अवसर पर बालिकों हेतु कम्प्यूटर शिक्षा की पहल कर सुभारंभ किया गया। इस अवसर पर परिवहन मंत्री ने कहा कि रूड़की तहसील में आने वाले आम जनमानस को साफ-स्वच्छ वातावरण उपलब्ध हो तथा तहसील परिसर के फुटपाथ पर कोई अतिक्रमण न हों एवं तहसील कार्यालय में आने वाले आमजनमानस



को कोई परेशानी न हों इसके लिए जिलाधिकारी के निर्देशन एवं संयुक्त मजिस्ट्रेट रुड़की के नेतृत्व में तहसील परिसर कार्यालय का सौन्दर्यकरण कार्य करवाया गया एवं फुटपाथ को सुव्यवस्थित करते हुए वॉलपेंटिंग की गयी जो कि बहतर ढ़ग से कार्य किया गया। तथा तहसील कार्यालय में आने वाले आमजन को किसी प्रकार की कोई परेशानी नही होगी इसी के साथ ही स्थानीय बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए कम्प्यूटर शिक्षा का सुभारंभ किया गया है जा एक सरहानीय पहल है। इस अवसर पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि जनपद में किसी भी सरकारी सम्पत्ति पर किसी तरह से कोई अतिक्रमण न हो तथा फुटपाथ पा आमजनमानस को आवाजाही में कोई परेशानी न हो इसके लिए तहसील परिसर रूड़की का सौन्दर्यकरण का कार्य करवाया गया इसके अतिरिक्त तहसील कार्यालय परिसर के मुख्य गेट में वॉलपेंटिंग कराई यह कार्य संयुक्त मजिस्ट्रेट रूड़की के देख रेख में किया गया तथा कार्य बेहत्तर ढ़ग से किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी सरकारी सम्पति एवं फुटपाथ पर अतिक्रमण न हो इसके लिए निरन्तर कार्यवाही की जा रही है। तथा मुख्य चौराहों सार्वजनिक स्थलों का सौन्दर्यकरण एवं वॉलपेपेटिंग हेतु कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा बालिकाओं, विशेषकर सरकारी विद्यालयों की छात्राओं, को कंप्यूटर शिक्षा से सशक्त बनाने हेतु एक विशेष पहल का भी शुभारंभ किया गया। तहसील परिसर में स्थापित कंप्यूटर कक्ष में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, रुड़की की प्रथम बैच की 15 चयनित छात्राओं को अध्ययन सामग्री वितरित की गई। इन छात्राओं का चयन विद्यालय स्तर पर आयोजित परीक्षा के माध्यम से किया गया है। चयनित छात्राओं को कंप्यूटर शिक्षा में दक्ष एवं डिजिटल रूप से साक्षर बनाने हेतु विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

# तहसीलदार ने सुनी जन समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** आज लक्सर तहसील सभागार में तहसील दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता नवनियुक्त तहसीलदार दीवान सिंह राणा ने की। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 15 शिकायतें दर्ज की गईं। प्रशासन का दावा है कि इनमें से अधिकांश समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जिनमें मुख्य रूप से राजस्व, विद्युत, शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े मामले शामिल थेशिकायतकर्ता राजपाल सिंहने दी आंदोलन की चेतावनी तहसील दिवस की कार्रवाई के बावजूद कुछ शिकायतकर्ता असंतुष्ट नजर आए क्षेत्र के निवासी राजपाल सिंह ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने बतायावह पिछले 1 साल से लगातार क्षेत्र की जनसमस्याओं के लिए शिकायत कर रहे हैंबरसात के मौसम में लक्सर में बाढ़ जैसे हालात बन जाते हैं क्योंकि जल निकासी के रास्तों पर अतिक्रमण कर उन्हें बंद कर दिया गया है। राजपाल सिंह ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो वह लक्सर प्रशासन के खिलाफ उच्च न्यायालय की शरण लेंगे। यह मेरी निजी समस्या नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र की समस्या है। एक साल से आश्वासन मिल रहा है, लेकिन जमीन पर कोई काम नहीं हुआ। राजपाल सिंह शिकायतकर्ता तहसीलदार का पक्ष मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए तहसीलदार दीवान सिंह राणाने कहा कि उन्होंने कल ही पदभार ग्रहण किया है इसलिए राजपाल सिंह का पुराना मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं था उन्होंने आश्वस्त किया कि वह व्यक्तिगत रूप से इस मामले की जांच करेंगे और त्वरित गति से कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# कस्बे में ईमानदारी से बिना भेदभाव कराया जा रहा विकास : चेयरमैन

## सभाषदों के लगाए गए आरोप बेबुनियाद : डा. नसीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** नगर पंचायत लंढौरा चेयरमैन डा. नसीम ने सभाषदों द्वारा उन पर लगाये गये आरोपों को पूरी तरह बेबुनियाद व निराधार बताते हुए कहा कि वह पूरी ईमानदारी जिम्मेदारी से नगर पंचायत क्षेत्र का विकास करा रहे हैं। सरकार की योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा लाकर विकास कार्य कराये जा रहे हैं। जो सभाषद या अन्य लोग उन पर आरोप लगाये रहे हैं वह अपने लालच में आरोप लगा रहे हैं लेकिन वह किसी के भी दबाव में न आकर जनहित के लिए ईमानदारी से काम कर रहे है। चेयरमैन डा.



नसीम अहमद ने बताया कि कुछ लोग झूठे बेबुनियाद आरोप लगाकर कस्बे का विकास अवरूद्ध करना चाह रहे हैं लेकिन ऐसा नहीं होगा। वह पूरी ईमानदारी के साथ नगर पंचायत के सभी वार्डो मे बिना भेदभाव के कार्य करा रहे हैं। उनका कहना है कि जो भी विकास हो रहा है वह पूरे नियम कानून के साथ कराया जा रहा है। किसी भी सभाषद व किसी भी वर्ग की आवाम के साथ कोई भेदभाव व पक्षपात नहीं किया जा रहा है। कस्बे के बुनियादी वासि के लिए वह ईमानदारी जिम्मेदारी से काम कर रहे हैं। कुछ लोग अपने लालच व सियासत चमकाने के लिए बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। लेकिन किसी के दबाव में न आकर वह ईमानदारी जिम्मेदारी से पूर नगर पंचायत क्षेत्र का बुनियादी विकास कराने से पीछे नहीं हटेंगे।

# डॉ. सुधीर चौधरी लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित

## बाल रोग विशेषज्ञ के तौर पर बच्चों को स्वस्थ रहने के लिए हमेशा करते रहते हैं जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ सुधीर चौधरी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। देवभूमि पीडियाट्रिक्स कांफ्रेंस (पेडिकॉन) 26 देहरादून में आयोजित की गई जिसमें डॉक्टर सुधीर चौधरी को एम्स की डायरेक्टर डॉ मीनू सिंह द्वारा लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

डॉ चौधरी ने मेरठ मेडिकल कॉलेज से 1982 में पीडियाट्रिक्स में एमडी की डिग्री प्राप्त की साथ ही 2013 में एफआईएपी प्राप्त करने वाले उत्तराखंड के पहले बाल रोग विशेषज्ञ बने। डॉक्टर चौधरी पूर्व में इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स बोर्ड के पांच बार उत्तराखंड से मेंबर रहे व उन्होंने उत्तराखंड के बच्चों के भविष्य के लिए बहुत ही सराहनीय कार्य किए। डॉक्टर चौधरी पूर्व में 1985 से 1991 के बीच लीबिया में मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल अल्जीबिल लीबिया में पीडियाट्रिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष



भी रह चुके है। डॉक्टर चौधरी ने रोटरी क्लब रुड़की के अध्यक्ष , अस्सिटेंट गवर्नर व अन्य पदों पर रहते हुए बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर कई बड़े कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का कार्य किया है। डॉक्टर चौधरी अभी तक विश्व भर में 11 बार रोटरी इंटरनेशनल कन्वेंशन में प्रतिभाग करने के साथ ही वह दो वर्ष पूर्व रोटरी के मेडिकल मिशन में उव्रंउइपुनम गए थे। डॉक्टर चौधरी बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर बहुत सजग और प्रयत्नशील है। पिछले कई दशकों से डॉक्टर चौधरी शिक्षा नगरी रुड़की में देहरादून रोड स्थित चिरंजीव चाइल्ड हॉस्पिटल को संचालित करते हुए रुड़की नगर व आसपास के क्षेत्र के नन्हे मुन्ने बच्चों का बेहतर इलाज कर रहे है। बच्चों के डॉक्टर में डॉक्टर चौधरी वर्तमान समय में एक सुप्रसिद्ध नाम है। इस अवसर पर डॉक्टर चौधरी ने बताया कि वह बच्चों में आए दिन हो रही नित नई नई बीमारियों को लेकर पूरी तरह सजग हैं और बच्चों के इलाज के साथ साथ वह बच्चों के अभिभावकों को बच्चों को मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के नए नए टिप्स देते है जिसमें आजकल जंक फूड व मोबाइल के इस्तेमाल न करने की सलाह देते हैं जिससे बच्चों का मानसिक व शारीरिक विकास अच्छे से हो सके।

# गुड वर्क : लक्सर पुलिस ने ट्रांसफार्मर से तेल चुराने वाला शातिर चोर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस ने क्षेत्र में सक्रिय एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए ट्रांसफार्मर से तेल चोरी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में चोरी का तेल और घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद किए हैंबीती 15 फरवरी 2026 को विद्युत उपसंस्थान लक्सर के अवर अभियंता मनोज कुमार सैनी ने नंदपुर रायसी में एक नलकूप के ट्रांसफार्मर से तेल चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी एसएसपी हरिद्वार के कड़े निर्देशों के बाद पुलिस ने टीमों का गठन कर रात में खेतों और सुनसान जगहों पर निगरानी बढ़ा दी थीचोरी का हाईटेक तरीका और गिरफ्तारी

पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की मदद से जाल बिछाया19 अप्रैल 2026 को पुलिस



ने एक अभियुक्त आशू 24 वर्ष निवासी महाराजपुर खुर्द को दबोचा आरोपी अपनी अपाचे बाइक और हुंडई इयोन कार में चोरी का तेल परिवहन कर रहा थाअंधेरे का फायदा उठाकर उसके दो साथी मौकेसेफरारहोनेमेंकामयाबरहेपुलिस बारामती का विवरणपुलिस ने अभियुक्त के पास से निम्नलिखित सामान बरामद किया हैचोरी का तेललगभग240तेलमोटरसाइकिल सहित अन्य सामान बरामद हुआ पकड़े गए आरोपों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।सराहनीय भूमिका पुलिस टीमसफलता पाने वाली टीम में उपनिरीक्षक अजय कुमार, हेड कांस्टेबल रविंद्र नागर, कांस्टेबल महेंद्र सिंह, अनिल वर्मा और राजेंद्र सिंह शामिल रहे।

# हर्ष विद्या पीजी कॉलेज की प्राध्यापिका डॉ. पूनम चौधरी ने किया नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** हर्ष विद्या मंदिर पी. जी. कॉलेज रायसी के लिए यह अत्यंत हर्ष, गौरव एवं उपलब्धि का विषय है कि महाविद्यालय की प्रख्यात प्राध्यापिका एवं अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम चौधरी को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (प्ब्ैै), नई दिल्ली द्वारा वित्तपोषित प्रतिष्ठित शोध परियोजना ¶Pilgrimage] Youth and Social Values: An Anthropological Study पद Uttarakhand, स्वीकृत हुई है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि न केवल महाविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता को दर्शाती है, बल्कि क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर संस्थान की बढ़ती प्रतिष्ठा का भी परिचायक है।

यह शोध परियोजना उत्तराखंड के प्रमुख तीर्थ स्थलों के संदर्भ में युवाओं के सामाजिक मूल्यों, सांस्कृतिक दृष्टिकोण, जीवन-दृष्टि एवं परंपरागत मान्यताओं के साथ उनके संबंधों का गहन एवं व्यापक अध्ययन प्रस्तुत करेगी। वर्तमान परिवेश मे जहाँ आधुनिकता और परंपरा के मध्य संतुलन एक महत्वपूर्ण विषय



बन गया है, यह अध्ययन समाज में हो रहे सांस्कृतिक एवं वैचारिक परिवर्तनों को समझने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा। डॉ. पूनम चौधरी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न विषयों पर अनेक सेमिनारों का आयोजन किया जा चुका है, जो उनकी सक्रिय अकादमिक भागीदारी एवं शोध के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। महाविद्यालय परिवार को पूर्ण विश्वास है कि डॉ. पूनम चौधरी अपने अनुभव, नेतृत्व क्षमता एवं शोध कौशल के बल पर इस परियोजना को सफलतापूर्वक पूर्ण करेगी तथा अपने निष्कर्षों के माध्यम से समाज, शिक्षाजगत एवं नीति-निर्माताओं को उपयोगी दिशा

**❖आईसीएसएसआर दिल्ली वित्त पोषित प्रतिष्ठित शोध योजना स्वीकृत**

प्रदान करेगी। उनके इस प्रयास से महाविद्यालय के विद्यार्थियों को भी शोध के प्रति प्रेरणा एवं मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. के.पी. सिंह, उपाध्यक्ष श्रीमती प्रभावती, लक्सर ब्लॉक प्रमुख व सचिव डॉ. हर्ष कुमार दौलत तथा प्राचार्य प्रो. आदित्य गौतम ने डॉ. पूनम चौधरी को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होने कहा कि यह उपलब्धि महाविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान संस्कृति एवं नवाचार को निरंतर प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थियों ने भी इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डॉ. पूनम चौधरी के सफल, सार्थक एवं समाजोपयोगी शोध कार्य की कामना की है।

# 8 घंटे विद्युत कटौती होने से लोग रहे परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** गर्मी शुरू होते ही कस्बा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत कटौती 8 घंटे से भी ऊपर हो रही है। लगभग 50000 की जनता विद्युत कटौती की मार झेल रही है। सुबह को जहां 5:00 बजे बिजली गुल हो जाती है वही शाम होते ही बिजली गुल हो जाती है। इसके बाद रात्रि 10:00 बजे के बाद ही विद्युत आपूर्ति हो पाती है। इतना ही नहीं इसके बाद भी बीच-बीच में आंख मिचौली का खेल चलता है। जिससे कस्बा व क्षेत्र के लोगों में रोष व्याप्त है।

कस्बा व क्षेत्रवासी चौधरी बिरम सिंह सुखबीर सिंह इंद्रेश कुमार मुकेश कुमार यशवीर सिंह रोहित कुमार भोला सिंह विक्रम सिंह जमशेद अहमद शमशाद अली सुलेमान मलिक आदि का कहना है कि गर्मी शुरू होते ही ऊर्जा विभाग द्वारा अपनी मनमानी शुरू कर दी गई है। शाम लगभग 6:00 बजे विद्युत आपूर्ति ठप हो जाती है इसके 4 घंटे बाद रात्रि 10:00 बजे के बाद विद्युत आपूर्ति हो पाती है। इसी प्रकार सुबह के चार बजते ही विद्युत आपूर्ति ठप्प हो जाती है तथा 7:00 के बाद ही विद्युत आपूर्ति हो पाती है। सुबह के समय बिजली गुल होने से लोगों के आवश्यक काम भी सुचारू रूप से नहीं हो पाते ।चौधरी बिरम सिंह व सुलेमान मलिक का कहना है कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को जनता के दुख सुख से कोई मतलब नहीं रह गया है। विद्युत आपूर्ति की समस्या हो या अन्य लोगों की समस्याओं की तरफ से जनप्रति निधि आंख मूंदे हुए हैं। जन प्रतिनिधियों के प्रति भी लोगों में आक्रोश है क्षेत्रीय किसान राजपाल सिंह नीरज कुमार बाबूराम जयवीर सिंह आदि का कहना है कि गेहूं कटाई के बाद जो खेत खाली हो रहे हैं उनमें गन्ना बुवाई तथा पशु चारा बुवाई का काम किसान कर रहे हैं इसके लिए पानी की आवश्यकता होती है। लेकिन विद्युत आपूर्ति कई घंटे की कटौती के कारण किसान भी परेशान है। झबरेड़ा विद्युत उपखंड पर कार्यरत एसडीओ रिजवान अहमद का कहना है कि रुड़की से ही रोस्टिंग होने पर विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है। विद्युत आपूर्ति सुचारु करने के प्रयास किए जाएंगे।

# दहेज उत्पीड़न में सास ससुर सहित नौ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव में दहेज लोभियों द्वारा एक विवाहिता को न केवल दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया, बल्कि मांग पूरी न होने पर उसके ऊपर पेट्रोल डालकर जिंदा जलाकर मारने का प्रयास भी किया गया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति, सास-ससुर समेत 9 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। झबरेडा थाना क्षेत्र के ग्राम कोटवाल आलमपुर निवासी शना द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका निकाह 12 फरवरी 2023 को सद्दाम पुत्र इसरार के साथ हुआ था। पीड़िता के पिता गुलशेर अली ने बताया कि उन्होंने सामर्थ्य से बढ़कर बेटी की शादी में करीब 40 लाख रुपये खर्च किए थे, जिसमें 4 लाख नकद और भारी मात्रा में सोने-चांदी के जेवर दिए गए थे। आरोप है कि निकाह के कुछ समय बाद ही पति सद्दाम, सास मोहसीना, ससुर इसरार और अन्य परिजनों ने एक कार और 10 लाख रुपये नकद की अतिरिक्त मांग शुरू कर दी। पीड़िता के अनुसार, सितंबर 2025 में पुत्री श्सुमायराश के जन्म के बाद ससुराल वालों का व्यवहार और क्रूर हो गया। वे बच्ची को श्बोझश बताकर ताने देने लगे। आरोप है कि रमजान के महीने में भी पीड़िता को भूखा-प्यासा रखकर उसके साथ मारपीट की गई। 17 अप्रैल 2026 को विवाद उस समय गहरा गया जब ससुराल पक्ष के लोगों ने पीड़िता को लाठी-डंडों से पीटा और उस पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने का प्रयास किया। पीड़िता ने भागकर खुद को कमरे में बंद किया और परिजनों को सूचना दी। जब पीड़िता के माता-पिता और मामा वहां पहुंचे, तो आरोपितो ने उन्हें भी बंधक बनाकर पीटा। ग्रामीणों के हस्तक्षेप के बाद उनकी जान बच सकी। आरोप है कि इसी दौरान आरोपित पति सद्दाम ने पीड़िता को ष्तलाक, तलाक, तलाकष् कहकर घर से निकाल दिया और दोबारा आने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने अपने घायल मामा के साथ रुड़की के सरकारी अस्पताल में मेडिकल कराया और थाने में तहरीर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर सद्दाम, मोहसीना, इसरार, मुनीर, बाजीन, अनीस, नबील, फरमान और अलतमस के खिलाफ तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।


**हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी, हरिद्वार**

पत्रांक : मीमो/2025-26 **आवश्यकता है** दिनांक 20.04.2026

हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी, हरिद्वार में आईसीएसएसआर (ICSSR) परियोजना हेतु प्रोजेक्ट आफ स्टाफ (रिसर्च असिस्टैंट, फील्ड इन्वेस्टिगेटर, डाटा हेंडलिंग-भर्ती) के आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक अभियर्थी अपना आवेदन-पत्र एवं संबंधित प्रमाण पत्रों की छाया प्रति सहित अंतिम तिथि 26 अप्रैल 2026 तक ई-मेल-drpoonamhvm@gmail.com के माध्यम से प्रषित करें। अधिक जानकारी के लिए मो. नं. 8533886611 पर सम्पर्क करें।

**डा. आदित्य गौतम ( प्राचार्य )**


# डीएम ने तहसील में आपदा प्रबंधन कन्ट्रोंल रूम का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोई भी दैविया आपदा की घटना घटित होने पर त्वरित राहत एवं बचाव कार्य एवं आवश्यक जानकारी हेतु जिलाधिकारी ने तहसील रूड़की में आपदा प्रबन्धन कन्ट्रोंल रूम का सुभारंभ किया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि कन्ट्रोल रूम में किसी भी घटना की सूचना प्राप्त होने पर इसकी सूचना सम्बन्धित को तत्काल दी जाय, जिससे कि तत्काल आवश्यक कार्यवाही की जा सके। जिलाधिकारी द्वारा तहसील परिसर का निरीक्षण करते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिये है कि तहसील में अपनी समस्याओं एवं कार्यो के लेकर आने वाले आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए तथा सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वाहन संवेदनशीलता से करें। तथा तहसील कार्यालय एवं परिसर में बेहत्तर साफ-सफाई रखने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिलाधिकरी द्वारा आमजन की समस्याओं को भी सुना तथा उनकी समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये। इस अवसर पर संयुक्त मजिस्ट्रेट रुड़की दीपक रामचंद्र सेठ, तहसीलदार रुड़की एवं अपर तहसीलदार रुड़की सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एक शराब तस्कर व एक सटोरिया पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** कोतवाली मंगलौर' ऑपरेशन प्रहार में 'पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही, 01 शराब तस्कर और 02 सटोरिए गिरफ्तार' ऑपरेशन प्रहार के तहत की जा रही कार्यवाही के क्रम में कोतवाली मंगलौर पुलिस की अलग-अलग टीमों ने छापेमारी व सघन चौकिंग करते हुए 05 लीटर कच्ची शराब के साथ पोपिन कुमार नामक युवक को तथा नगदी व ताश की गड्ड़ी के साथ 02 सट्टेबाजों को दबोचा। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।'विवरण आरोपित-पोपिन कुमार पुत्र ज्ञान चन्द निवासी ग्राम अकबरपुर ढाढेकी कोत0 मंगलौर ि शाहनजर पुत्र जिन्दा निवासी मौ0 लालबाडा कस्बा मंगलौर हरिद्वार 2-हरीश पुत्र जनेश्वर निवासी मौ0 खालसा कोत0 मंगलौर को पकडा गया है।

# भाविप ने दिव्यांगों को फ्री कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने को सेवा शुरू की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भारत विकास परिषद, शाखा रुड़की द्वारा आज से सेवा प्रकल्प का शुभारंभ किया गया। आगामी तीन माह तक चलने वाले इस कार्यक्रम के शुभारंभ से पूर्व संस्था के पदाधिकारियों ने गौशाला में पहुंचकर गौ सेवा की। इस दौरान गौ पूजन किया गया तथा गौ माता को चारा अर्पित किया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने गौशाला सभागार में प्रेसवार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रकल्प के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद दिव्यांगों को निशुल्क कृत्रिम अंक उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे वह आत्मनिर्भर बन सके तथा सम्मान पूर्वक अपना जीवन यापन कर सके।संस्था की अध्यक्ष आशा चंद्रा ने परिषद के आगामी सेवा प्रकल्पों की जानकारी देते हुए कहा कि कृत्रिम अंग सेवा प्रकल्प शीघ्र ही व्यापक स्तर पर संचालित किया जाएगा।संयोजक सचिन गुप्ता ने इस योजना के उद्देश्य,प्रकिया एवं लाभार्थियों के चयन संबंधी जानकारी विस्तार पूर्वक दी।वरिष्ठ समाजसेविका पूजा गुप्ता ने बताया कि कोई भी इच्छुक एवं पात्र लाभार्थी संस्था के सदस्यों से संपर्क कर सकते हैं तथा अपनी दो फोटो,आधार कार्ड की प्रति एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र जमा कर निशुल्क कृत्रिम अंक प्राप्त कर सकते हैं।सत्येंद्र गुप्ता ने बताया कि भारत विकास परिषद अनेक वर्षों से समाज सेवा का कार्य निरंतर




करती आ रही है,जिसमें स्वास्थ्य शिविर,कृत्रिम अंग वितरण तथा अन्य सामाजिक कार्य प्रमुख रूप से किए जाते रहे हैं।संस्था की सचिव निधि शांडिल्य ने लाभार्थियों के आवेदन हेतु संस्था के अशोक गुप्ता,इंदु रावल,वीणा जैन तथा कमलेश अग्रवाल से संपर्क कर पंजीकरण करवा सकते हैं,जिसके लिए उन्होंने निम्न मोबाइल नंबर-9411100380, 9997841319 भी जारी किए। प्रेसवार्ता में अजय सिंघल,शशिकांत अग्रवाल,सौरभ सिंघल,सावित्री मंगला,पारुल गोयल,कमलेश अग्रवाल,इंदू रावल,वीणा जैन,प्रमोद गोयल,ललिन तायल,मयंक गुप्ता,संजय सिंघल,आराध्या गोयल,अनिल जैन,संदीप गुप्ता आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 22 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# वार्ता पर संशय खत्म

इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच पहले दौर की शांति वार्ता फेल होने के बाद दोनों देशों के बीच तनातनी और बढ़ गई है, लेकिन इस बीच अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अगले दो दिनों में ईरान के साथ अमेरिका की बातचीत हो सकती है और इन वार्ताओं के लिए पाकिस्तान फिर से संभावित स्थान हो सकता है। ट्रम्प के दावों के बीच अमेरिका मीडिया ने दावा किया है कि जेडी बैंस अभी अमेरिका में ही हैं और उनका पाकिस्तान जाना संभव नहीं है। पहले दौर की वार्ता के बाद जेडी बैंस अमेरिका लौट गए थे और उन्होंने कहा था कि युद्ध की धमकी के बाद फिर से वार्ता करने का कोई मतलब नहीं है। जिस यूरेनियम को लेकर अमेरिका भड़का और उसने इजरायल को ईरान से युद्ध के लिए भड़काया, अब वही अमेरिका वार्ता का दबाव बना रहा है, हालांकि ईरान ने साफ कर दिया है कि जब तक अमेरिका उसकी बात नहीं मानता, तब तक वार्ता का कोई औचित्य नहीं है। ईरान का यह कहना था कि अमेरिका पहले होर्मुज से अपनी नाकाबंदी हटाए, तभी वार्ता संभव है। इसी से समझ में आता है कि न तो अमेरिका ने नाकाबंदी हटाई है और न ही ईरान वार्ता के लिए तैयार है। हालांकि अमेरिका और ईरान दोनों देशों को होर्मुज से अपनी-अपनी दावेदारी हटा देनी चाहिए, क्योंकि इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। अमेरिका और ईरान के बीच दूसरे दौर की शांति वार्ता को लेकर भारी सस्पेंस बना हुआ है और तनाव बढ़ गया है। 21 अप्रैल 2026 तक की स्थिति के अनुसार ईरान ने अमे. रिका के साथ दूसरे दौर की बातचीत से इन्कार कर दिया है और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर संघर्षविराम के उल्लंघन का आरोप लगाया है। पाकिस्तान में मध्यस्थों के माध्यम से बातचीत की कोशिशें हो रही थीं, लेकिन ईरान ने इसे ठुकरा दिया। 22 अप्रैल 2026 को समाप्त होने वाले दो सप्ताह के नाजुक सीजफायर पर अब बड़ा खतरा मंडरा रहा है। वार्ता में मुख्य अड़ंगा यूरेनियम एनरिचमेंट को लेकर है। अमेरिका चाहता है कि ईरान यूरेनियम संवर्धन पूरी तरह बंद करे, जबकि ईरान ने 5 साल तक रोकने का प्रस्ताव दिया था, जिसे अमेरिका ने ठुकराकर 20 साल तक रोकने की मांग की है। ईरान ने अमेरिकी सैन्य कार्रवाइयों को समुद्री डकैती करार दिया है और होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरानी जहाजों को रोकने के जवाब में जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है। इससे पहले इस्लामाबाद में हुई लंबी वार्ता किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी थी, क्योंकि परमाणु कार्यक्रम और प्रतिबंधों में राहत जैसे मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाई थी। वर्तमान में अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम होने के बजाय और गहरा गया है।

## संसद की गरिमा आहत हुई



राष्ट्र संबोधन में पीएम ने सांसदों पर आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिससे संसद की गरिमा आहत हुई, यह लो. कतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन है, खासकर 131वें संविधान संशोधन बिल पर चर्चा के बाद, यह मामला बेहद गंभीर है क्योंकि यह सिर्फ किसी व्यक्ति पर हमला नहीं, बल्कि संसद और लोकतंत्र की गरिमा से जुड़ा मुद्दा है, लोकसभा अध्यक्ष मामले में तुरंत कार्रवाई करें, सांसदों के अधिकारों की रक्षा और संसद की गरिमा बनाए रखना जरूरी है, ताकि भविष्य में ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति न हो, यह संबोधन पहले से तय परंपराओं के खिलाफ था और इसमें विपक्ष पर कई राजनीतिक हमले किए गए।

**-केसी वेणुगोपाल, कांग्रेस सांसद**

# धधकती धरती : विकास की अंधी दौड़ या विनाश का काउंटडाउन



योगेश कुमार गोयल



धरती आज केवल गर्म नहीं हो रही, वह मानो भीतर ही भीतर धधक रही है और यह आग प्राकृतिक नहीं, मानवीय लालसाओं की उपज है। हर साल 22 अप्रैल को मनाया जाने वाला 'विश्व पृथ्वी दिवस' मानव सभ्यता के सामने खड़े उस गहन संकट की चेतावनी है, जिसे हमने स्वयं अपने हाथों से जन्म दिया है। विडंबना यह है कि जलवायु परिवर्तन पर वैश्विक मंचों (दोहा, कोपेनहेगन, कानकुन) में वर्षों से चिंतन, विमर्श और संकल्पों की पुनरावृत्ति होती रही है किन्तु धरातल पर परिवर्तन नगण्य है। विकास की परिभाषा जब केवल आर्थिक वृद्धि, उपभोग और संसाधनों के अधिकतम दोहन तक सीमित हो जाए तो प्रकृति का संतुलन बिगड़ना अपरिहार्य हो जाता है। पिछले कुछ वर्षों में प्रकृति अपने विकराल रूप के माध्यम से लगातार संकेत दे रही है कि संतुलन की सीमा लांघी जा चुकी है। कहीं भीषण सूखा, कहीं अनियंत्रित वर्षा, कहीं असामान्य ठंड और कहीं प्रचंड गर्मी, मौसम अब अनुमान का विषय नहीं रहा। उत्तरी ध्रुव के तापमान में असामान्य वृद्धि और पर्वतीय क्षेत्रों में बढ़ती गर्माहट इस संकट की गंभीरता को और स्पष्ट करती है।

विकास के नाम पर हम प्रकृति से भयानक तरीके से जिस तरह का खिलवाड़ कर रहे हैं, उसके परिणामस्वरूप मौसम का मिजाज कब कहां किस कदर बदल जाए, कुछ भी भविष्यवाणी करना मुश्किल होता जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते दुनियाभर में मौसम का मिजाज किस कदर बदल रहा है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उत्तरी ध्रुव के तापमान में एक-दो नहीं बल्कि करीब 30 डिग्री तक की बढ़ोतरी देखी गई। मौसम की प्रतिकूलता साल दर साल किस कदर बढ़ती जा रही है, यह इसी से समझा जा सकता है कि कहीं भयानक सूखा तो कहीं बेमौसम अत्यधिक वर्षा, कहीं जबरदस्त बर्फबारी तो कहीं कड़ाके की ठंड, कभी-कभार ठंड में गर्मी का अहसास तो कहीं तूफान और कहीं भयानक प्राकृतिक आपदाएं, ए सब प्रकृति के साथ हमारे खिलवाड़ के ही दुष्परिणाम हैं और हमें यह सचेत करने के लिए पर्याप्त हैं कि अगर हम इसी प्रकार प्रकृति के संसाधनों का बुरे तरीके से दोहन करते रहे तो हमारे भविष्य की तस्वीर कैसी होने वाली है।

जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे हम शायद कुछ करना ही नहीं चाहते। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के अनुसार हम यह समझना ही नहीं चाहते कि पहाड़ों का सीना चीरकर हरे-भरे जंगलों को तबाह कर हम जो कंक्रीट के जंगल विकसित कर रहे हैं, वह वास्तव में विकास नहीं बल्कि विकास के नाम पर हम अपने विनाश का ही मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। पहाड़ों में बढ़ती गर्माहट के चलते हमें अक्सर घने वनों में भयानक आग लगने की खबरें सुनने को मिलती रहती हैं। पहाड़ों की इसी गर्माहट का सीधा असर निचले मैदानी इलाकों पर पड़ता है, जहां का पारा अब हर वर्ष बढ़ता जा रहा है। धरती का तापमान यदि इसी प्रकार साल दर साल बढ़ता रहा तो आने वाले वर्षों में हमें इसके बेहद गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा क्योंकि हमें यह बखूबी समझ लेना होगा कि जो प्रकृति हमें उपहार स्वरूप शुद्ध हवा, शुद्ध पानी, शुद्ध मिट्टी तथा ढेरों जनोपयोगी चीजें दे रही है, अगर मानवीय क्रियाकलापों द्वारा पैदा किए जा रहे पर्यावरण संकट के चलते प्रकृति कुपित होती है तो उसे सब कुछ नष्ट कर डालने में पल भर की भी देर नहीं लगेगी।

यह केवल आंकड़ों की कहानी नहीं बल्कि उस असंतुलन की सजीव अभिव्यक्ति है, जिसे हमने तथाकथित विकास के नाम पर जन्म दिया है। वनों की अंधाधुंध कटाई ने न केवल जैव विविधता को संकट में डाला है बल्कि कार्बन संत. ुलन को भी गंभीर रूप से प्रभावित किया है। परिणामस्वरूप, वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है। सवाल है कि धरती का तापमान बढ़ते जाने के प्रमुख कारण क्या हैं? 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के मुताबिक इसका सबसे अहम कारण है ग्लोबल वार्मिंग, जो तमाम तरह की सुख-सुविधाएं व संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों की ही देन है। पैट्रोल और डीजल आधारित ऊर्जा स्रोतों ने वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर इतना बढ़ा दिया है कि पृथ्वी की तापीय संत. ुलन प्रणाली चरमराने लगी है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वातावरण में पहले की अपेक्षा 30 फीसदी ज्यादा कार्बन डाईऑक्साइड मौजूद है, जिसकी मौसम का मिजाज बिगाड़ने में अहम भूमिका है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ दशकों में वन-क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील किया जाता रहा है।

धरती के बढ़ते तापमान का प्रभाव अब केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं रहा बल्कि यह मानव अस्तित्व के लिए भी चुनौती बन चुका है। ध्रुवीय क्षेत्रों में तेजी से पिघलती बर्फ समुद्र के जलस्तर को बढ़ा रही है, जिससे विश्व के कई तटीय शहरों के डूबने का खतरा मंडरा रहा है। आने वाले दशकों में तापमान में संभावित 4-5 डिग्री की वृद्धि न केवल जंगलों में आग की घटनाओं को बढ़ाएगी बल्कि विशाल भूभाग को सूखे और मरुस्थलीकरण की ओर धकेल देगी। यह परिदृश्य कोई भविष्यवाणी नहीं बल्कि वर्तमान संकेतों का तार्किक विस्तार है। इस संकट के मूल में केवल औद्योगिक गतिविधियां ही नहीं, अनियंत्रित जनसंख्या वृद्धि और उपभोगवादी जीवनशैली भी प्रमुख कारण हैं। बढ़ती आबादी की आवश्यकताओं ने प्राकृतिक संसाधनों पर असहनीय दबाव डाला है। पृथ्वी का क्षेत्रफल सीमित है लेकिन मानव की इच्छाएं असीमित। यही असंतुलन आज वैश्विक पर्यावरणीय संकट का मूल कारण बन चुका है। प्रसिद्ध भौतिक विज्ञानी स्टीफन हॉकिंग की चेतावनी कि यदि यही प्रवृत्ति जारी रही तो पृथ्वी भविष्य में 'आग का गोला' बन सकती है, केवल एक वैज्ञानिक टिप्पणी नहीं बल्कि गंभीर भविष्यसूचक संकेत है।

अब प्रश्न यह नहीं कि संकट है या नहीं बल्कि यह है कि क्या हम इसे स्वीकार कर समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाने को तैयार हैं? पृथ्वी दिवस हमें केवल जागरूकता का संदेश नहीं देता बल्कि आत्ममंथन का अवसर भी प्रदान करता है। आवश्यकता इस बात की है कि विकास की अवधारणा को पुनर्परिभाषित किया जाए, जहां आर्थिक उन्नति के साथ पर्यावरणीय संतुलन को भी समान महत्व मिले। नवीकरणीय ऊर्जा, वनीकरण, जल संरक्षण और सतत विकास की नीतियां अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता बन चुकी हैं। यदि हम अब भी नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ियां हमें उस पीढ़ी के रूप में याद करेंगी, जिसने अपनी सुविधाओं के लिए पूरी पृथ्वी को संकट में डाल दिया। धरती हमारी विरासत नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों से लिया गया उधार है और इस उधार को सुरक्षित लौटाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

# योग व आयुर्वेद से मधुमेह नियंत्रण पर लगी विज्ञान की मुहर

**अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्थान फ्रंटियर्स इन क्लिनिकल डायबिटीज एंड हेल्थकेयर शोध ने यह प्रमाणित किया है कि केवल इंसुलिन से नहीं बल्कि समग्र इलाज से ही मधुमेह को मात दी जा सकती है। जिसके लिए योग, प्राणायाम, ध्यान, संतुलित आहार, जीवनशैली में सुधार तथा पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को अपनाना होगा। इसी अप्रैल माह में शोध को प्रकाशित किया गया है।**



आचार्य बालकृष्ण

डायबिटीज के इलाज को लेकर पतंजलि के वैज्ञानिकों की ओर से किए गए शोध ने एक क्रांति को जन्म दिया है। जो वैश्विक स्तर पर लंबे समय से टाइप-1 डायबिटीज के मुख्य उपचार इंसुलिन थेरेपी को लेकर नजरिया बदलने को मजबूर कर देगा। अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्थान फ्रंटियर्स इन क्लिनिकल डायबिटीज एंड हेल्थकेयर शोध ने यह प्रमाणित किया है कि केवल इंसुलिन से नहीं बल्कि समग्र इलाज से ही मधुमेह को मात दी जा सकती है। जिसके लिए योग, प्राणायाम, ध्यान, संतुलित आहार, जीवनशैली में सुधार तथा पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को अपनाना होगा। इसी अप्रैल माह में शोध को प्रकाशित किया गया है। शोध में यह भी साबित किया है कि योग-प्राणायाम आदि को अपनाने से मरीजों के शुगर नियंत्रण, तनाव स्तर और जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार देखा गया।

शोध अध्ययन में लगभग 612 शोध पत्रों का विश्लेषण किया गया। इस शोध को पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने लीड किया है। इस शोध ने यह भी प्रमाणित किया है कि पतंजलि वेलनेस का वह मॉडल है, जिससे करोड़ों मरीज पहले से लाभ उठा रहे हैं और अब विज्ञान भी इसे सार्थक बता रहा है।

### शोध में चौंकाने वाले तथ्य

टाइप 1 डायबिटीज मेलिटस (टीवनडीएम) जिसे पहले जुवेनाइल डायबिटीज कहा जाता था, एक दीर्घकालिक जीवनशैली संबंधी रोग है। इसमें अग्न्याशय (पैंक्रियाज) की इंसुलिन बनाने वाली कोशिकाओं का नाश हो जाता है, जिससे शरीर में इंसुलिन की पूर्ण कमी हो जाती है और रक्त शर्करा (ब्लड ग्लूकोज) का स्तर अनियंत्रित हो जाता है। कुछ मामलों में अग्न्याशय से संबंधित ऑटोएंटीबॉडी कम मात्रा में पाए जाते हैं, इसलिए इसे इडियोपैथिक T1b डायबिटीज भी कहा जाता है। विश्व में हर पांच में से एक बच्चा, जिसे टीवनडीएम होता है, भारतीय मूल का होता है। यह रोग आमतौर पर बचपन या किशोरावस्था में शुरू होता है, लेकिन वयस्कों में भी हो सकता है, जहां इसके लक्षण धीरे-धीरे और हल्के होते हैं। हर साल लगभग 65,000 बच्चों में इसका निदान होता है और इसकी दर हर साल लगभग 3 प्रतिशत बढ़ रही है।

### शोध को चार मुख्य विषयों में बांटा

शोध को मजबूत मानकों पर जांचा गया। शोध का निष्कर्ष निकालने से पहले उसे चार मानकों पर कसा गया। इसमें क्लिनिकल उपचार, योग और वैकल्पिक चिकित्सा, आयुर्वेद और भारत केन्द्रित दृष्टिकोण और व्यायाम और ग्लूकोज नियंत्रण।

### रिसर्च में इनका विशेष योगदान

इस शोध में पतंजलि हर्बल रिसर्च डिवीजन, पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन, हरिद्वार, उत्तराखंड, डिपार्टमेंट ऑफ एलाइड एंड एप्लाइड साइंसेज, यूनिवर्सिटी ऑफ पतंजलि, पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार के वैज्ञानिक जया उप्रेती, मुस्कान चौहान, मयूर चौहान, प्रशांत कटियार, अनुराग डाबस और वेद प्रिया आर्य का विशेष योगदान रहा। इस शोध को पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण के नेतृत्व में किया गया। उनकी भूमिका इसमें सबसे अहम रही।

**कोट**- टाइप वन मधुमेह पर आई नई रिसर्च ने यह साबित कर दिया है कि योग, आयुर्वेद और नेचरोपैथी जैसी इंट्रीग्रेटेड थरेपी मरीजों के लिए बेहद मददगार है। पतंजलि के वैज्ञानिकों ने इस ओर बड़ा पुरुषार्थ किया है। इतना ही नहीं एकीकृत इलाज से स्वास्थ्य पर सकारात्मक असर दिखा है। अब दुनिया भर में इस विषय पर शोध तेजी से बढ़ रही है और भारत ने इसमें अहम भूमिका निभाई है। पतंजलि योग, आयुर्वेद और नेचरोपैथी के जरिए मधुमेह सहित कई जटिल और असाध्य रोगों को लगातार अपने वैज्ञानिक और साक्ष्य आधारित प्रमाणों के साथ शोध कर रहा है।

**( लेखक पतंजलि योगपीठ के महामंत्री हैं )**

# दुनिया के 15 सबसे खूबसूरत पर्यटन स्थल जहां कर सकते हैं एंजॉय

दुनिया भर में प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक धरो. हरों से भरपूर अनगिनत स्थल हैं, जो यात्रा प्रेमियों के दिलों को आकर्षित करते हैं। इन स्थानों पर यात्रा करने से न केवल आत्मा को शांति मिलती है, बल्कि ये स्थान हमें प्रकृति की सुंदरता और मानव सभ्यता के अद्भुत रचनात्मकता का भी अहसास कराते हैं। इस लेख में हम दुनिया के उन 15 सबसे खूबसूरत पर्यटन स्थलों के बारे में बात करेंगे, जो अपने आकर्षण, सांस्कृतिक धरोहर, और प्राकृतिक सौंदर्य के कारण पर्यटकों के बीच लोकप्रिय हैं।

**स्विट्जरलैंड - ज्यूरिक और इंटरलाकेन**

स्विट्जरलैंड, दुनिया के सबसे खूबसूरत देशों में से एक है, जहां बर्फ से ढके पहाड़, हरियाली से भरपूर घाटियां, और झीलों की सुंदरता पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देती हैं। विशेष रूप से इंटरलाकेन और ज्यूरिक शहरों को स्विट्जरलैंड के पर्यटन स्थल के रूप में पहचान मिली है। इंटरलाकेन, दो झीलों के बीच स्थित है, और यह पर्वतारोहण, ट्रैकिंग, और पैराग्लाइडिंग के लिए प्रसिद्ध है। वहीं, ज्यूरिक एक ऐतिहा. सिक शहर है, जहां आपको मध्यकालीन इमारतें और आधु. निक वास्तुकला का शानदार मिश्रण देखने को मिलता है।

**मालदीव**

मालदीव का नाम आते ही हमारे दिमाग में एक तस्वीर बनती है नीले पानी में लहराते सफेद रेतीले किनारे, लक्जरी रिसॉर्ट्स और शानदार समुद्र तट। यह द्वीपसमूह अपने खूबसूरत समुद्र तटों, शान्त वातावरण, और शानदार रिसॉर्ट्स के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है। यदि आप एक ऐसी जगह की तलाश में हैं जहां आप समुद्र के नीले पानी में तैर सकें और समुद्र के नीचे की जादुई दुनिया का अनुभव कर सकें, तो मालदीव एक आदर्श गंतव्य है।

**पेरू - माचू पिचू**

माचू पिचू, पेरू के एंडीज पर्वतों में स्थित एक प्राचीन इंका शहर है, जो अब विश्व धरोहर स्थल के रूप में UNESCO द्वारा मान्यता प्राप्त है। यह स्थल एक असाधारण पुरातात्विक धरोहर है, जो न केवल अपनी वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि यहां की भव्यता और शांति भी पर्यटकों को आकर्षित करती है। माचू पिचू को देखने के लिए यात्रा करना एक अद्वितीय अनुभव है। यहां से दृश्य अद्भुत होते हैं, और यहां का वातावरण यात्रियों को प्राचीन काल में खो जाने का अहसास कराता है।

**फ्रांस - पेरिस**

पेरिस, जिसे श्रोमांस और संस्कृति की राजधानीश भी कहा जाता है, दुनिया भर के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। पेरिस का सबसे प्रसिद्ध स्थल एर्पामिस ज्वूमत है, जो न केवल एक विश्व धरोहर है, बल्कि एक प्रतीक है जो पेरिस की खूबसूरती और भव्यता को दर्शाता है। यहां के ऐतिहासिक संग्रहालय, जैसे लूव्र म्यूजियम, सांसी-लॉरेन, और नोट्रे डेम कैथेड्रल पर्यटकों के लिए खास आकर्षण हैं। पेरिस की सड़कों पर चलना, यहां के कैफे में बैठना, और फेंच व्यंजनों का स्वाद लेना किसी भी यात्रा प्रेमी का सपना होता है।

**आइसलैंड-ब्लू लैगून**

आइसलैंड के जलवायु और अद्वितीय भौगोलिक संरचना ने इस देश को एक अनोखा पर्यटन स्थल बना दिया है। ब्लू लैगून एक प्राकृतिक गर्म पानी का झील है जो अपनी नीली जलधारा के कारण प्रसिद्ध है। यह स्थान विशेष रूप से अपने खनिजों से भरपूर पानी और अद्भुत दृश्य के लिए जाना जाता है। आइसलैंड में गीजर, जलप्रपात और ज्वालामुखी के अद्भुत .श्य भी देखने को मिलते हैं। यहां का थिंगवेलीर नेशनल पार्क और गोल्डन सर्कल ट्रेल भी पर्यटकों के बीच बहुत प्रसिद्ध हैं।

**इटली-वेनिस**

वेनिस इटली का एक ऐतिहासिक और रोमांटिक शहर है, जिसे अपनी अद्भुत नहरों और सुंदर वास्तुकला के लिए जाना जाता है। यहां की गोंडोला नाव यात्रा और सेंट मार्क स्क्वायर पर आकर पर्यटक असली वेनिस की खूबसूरती का अनुभव कर सकते हैं। वेनिस का ऐतिहासिक महत्व और इसकी सड़कों पर चलने का अनुभव पर्यटकों को बहुत आकर्षित करता है। इस शहर की अद्भुत नहरों, ऐतिहासिक चर्चों, और महलों का .श्य अविस्मरणीय होता है।

**अर्जेंटीना-पातागोनिया**

पातागोनिया अर्जेंटीना और चिली का एक विशाल क्षेत्र है, जो अपनी खूबसूरत पहाड़ियों, बर्फीले ग्लेशियर्स और अद्वितीय वन्य जीवन के लिए प्रसिद्ध है। यह जगह उन यात्रा प्रेमियों के लिए आदर्श है जो प्रकृति के बीच शांतिपूर्ण वातावरण का अनुभव करना चाहते हैं। यहां के लोस ग्लेशियर्स नेशनल पार्क और फिट्ज रॉय माउंट की खूबसूरती पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देती है। पातागोनिया में पर्यटक ट्रैकिंग, हाइकिंग, और वाइल्डलाइफ सेंट्री में घूमने का आनंद ले सकते हैं।

**ऑस्ट्रेलिया-ग्रेट बैरियर रीफ**

ग्रेट बैरियर रीफ, जो दुनिया का सबसे बड़ा कोरल रीफ है, ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट से मिलता है। यह स्थल न केवल समुद्र विज्ञानियों के लिए, बल्कि पर्यटकों के लिए भी एक आदर्श गंतव्य है। यहां आप अद्भुत समुद्री जीवन, रंग-बिरंगे कोरल, और मछलियों के झुंडों को देख सकते हैं। स्नॉर्कलिंग और स्कूबा डाइविंग के शौकिनों के लिए यह स्थान स्वर्ग से कम नहीं है।



**कनाडा-बन्फ नेशनल पार्क**

बन्फ नेशनल पार्क, कनाडा के एल्प्स पर्वत में स्थित है, और यह दुनिया के सबसे खूबसूरत नेशनल पार्कों में से एक है। यहां के नीले झीलें, बर्फ से ढके पहाड़, और घने जंगल पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। लेक लुइस और मोरिन झील यहां के प्रमुख आकर्षण हैं। यह स्थल प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है और ट्रैकिंग, हाइकिंग, और स्कीइंग के लिए आदर्श है।

**जापान-फुजी पर्वत**

फुजी पर्वत, जापान का सबसे ऊंचा और पवित्र पर्वत है, जो यात्रा प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल है। यह पर्वत विशेष रूप से अपनी भव्यता और सांस्कृतिक महत्व के लिए जाना जाता है। हर साल हजारों लोग फुजी पर्वत की चोटी पर चढ़ने के लिए आते हैं। इसके अलावा, इसके पास के हाकोन झील और अशी झील भी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

**थाईलैंड-कओ सामुई**

कओ सामुई, थाईलैंड का एक खूबसूरत द्वीप है जो अपनी सफेद रेत, नीले पानी और शानदार समुद्र तटों के लिए प्रसिद्ध है। यहां के बीच रिजॉर्ट्स, जलप्रपात और प्राचीन मंदिर भी पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। समुद्र के किनारे आराम करने और पानी की गतिविधियों में भाग लेने के लिए यह आदर्श स्थान है।

## संक्षिप्त समाचार

### इमरान खान से अमानवीय व्यवहार किया जा रहा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन अलीमा खान ने आरोप लगाया है कि उनके भाई को एकांत कारावास में रखकर अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है और उन्हें पर्याप्त चिकित्सीय सुविधा नहीं दी जा रही। सुखान द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि इमरान खान को 16 अक्टूबर 2025 से एकांत कारावास में रखा गया है। उन्होंने 2025 में केवल दो बार और फरवरी 2026 में एक बार, वह भी सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद, अपने बेटों से बात की थी। बयान के अनुसार, उन्हें पढ़ने के लिए किताबें भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं और जो किताबें भेजी गईं, उनमें से केवल तीन ही उन्हें मिल पाईं।

### नाटो ने एनपीटी प्रतिबद्धताओं के साथ परमाणु स्थिति दोहराई

**न्यूयॉर्क।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) ने मंगलवार को कहा कि वह परमाणु गठबंधन बना रहेगा और परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं का पालन करता रहेगा। नाटो ने अपने बयान में कहा कि वर्तमान 'बिगड़ता सुरक्षा माहौल' एनपीटी के लिए नई चुनौतियां पेश कर रहा है, क्योंकि परमाणु प्रसार से जुड़े संकट लगातार बढ़ रहे हैं। गठबंधन देशों ने एनपीटी के पूर्ण कार्यान्वयन के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता दोहराई। 1970 में लागू होने के बाद से यह संधि वैश्विक स्तर पर परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने में महत्वपूर्ण रही है।

### रूस ने लुगांस्क क्षेत्र पर पूरी तरह नियंत्रण कर लिया: सेना प्रमुख

**मॉस्को।** रूसी जनरल स्टाफ के प्रमुख वैलेरी गेरासिमोव ने मंगलवार को घोषणा की है कि रूसी सेना ने लुगांस्क पीपुल्स रिपब्लिक (एलपीआर) को पूरी तरह से मुक्त करा लिया है। गेरासिमोव ने कहा कि लुगांस्क पीपुल्स रिपब्लिक की मुक्ति का कार्य पूरी तरह संपन्न हो चुका है। इस समय रूसी सेना सभी मोर्चों पर तेजी से आगे बढ़ रही हैं और उनका अभियान जारी है। गौरतलब है कि लुगांस्क पीपुल्स रिपब्लिक (एलपीआर) यूक्रेन के लुहान्स्क क्षेत्र में एक स्वघोषित अलगाववादी क्षेत्र है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र समेत अधिकांश देश इसे यूक्रेन का ही हिस्सा मानते हैं।

### कुब्रा सैत ने की ADHD पर खुलकर बात

**मुंबई।** अभिनेत्री कुब्रा सैत ने हाल ही में अपनी सोशल मीडिया पोस्ट के घरिए अपने अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर (एडीएचडी) के सफर के बारे में खुलकर बात की और इसे अपनी कमी के बजाय अपना 'सुपर पावर' बताया है। वीडियो में कुब्रा ने बताया कि कैसे सालों की सेल्फ-रिफ्लेक्शन और थेरेपी ने उन्हें अपने मन को बेहतर तरीके से समझने में मदद की।



जम्मू-कश्मीर। किश्तवार जिले में सिंथम टॉप तक बर्फ हटाने का काम पूरा हो चुका है, जिसके बाद दकसुम-किश्तवार सड़क को यातायात के लिए फिर से खोल दिया गया।

## ईरान के परमाणु ठिकानों से सामग्री निकालना 'लंबी और कठिन प्रक्रिया': ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के परमाणु स्थलों से सामग्री निकालना 'लंबी और कठिन प्रक्रिया' होगी। ट्रम्प ने दावा किया कि 'ऑपरेशन मिडनाइट हैमर' के तहत ईरान के परमाणु स्थलों को 'पूरी तरह नष्ट' कर दिया गया है और वहां मौजूद समृद्ध यूरेनियम को निकालना आसान नहीं होगा। उन्होंने सोशल मीडिया पर अमेरिकी मीडिया की आलोचना करते हुए कहा कि वह अमेरिकी पायलटों को उनके योगदान का श्रेय देने में विफल रहा है और लगातार उनकी उपलब्धियों को कम करके दिखाता है। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बना हुआ है और 10 दिन का अस्थाई युद्धविराम 22 अप्रैल को समाप्त होने वाला है।

# भारत ने इजरायल की मदद कर कानून तोड़ा: यूएन दूत

## हथियार भेजना नियमों के खिलाफ, इससे ग्लोबल सिस्टम कमजोर हो रहा: फ्रांसेस्का अल्बनीज

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में भारत पर अंतर्राष्ट्रीय कानून के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इजरायल के साथ उसके संबंध और युद्ध के समर्थन को लेकर भारत की कानूनी और नैतिक जिम्मेदारी बनती है।

'टार्चर एंड जेनोसाइड' नाम की इस रिपोर्ट को यूएन स्पेशल दूत फ्रांसेस्का अल्बनीज ने 23 मार्च को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में पेश किया। द हिंदू से बात करते हुए उन्होंने भारत पर आरोप लगाया कि इजरायल के साथ करीबी संबंधों के चलते भारत अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों का उल्लंघन कर रहा है और उसे इसकी जिम्मेदारी उठानी पड़ सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि इंटरनेशनल कोर्ट आफ जस्टिस ने इजरायल के कब्जे को गलत बताया है और देशों से हथियारों का लेन-देन रोकने को कहा है। इसके बावजूद भारत का हथियार भेजना नियमों के खिलाफ हो सकता है। उन्होंने कहा कि कानून के साथ-साथ भारत की नैतिक जिम्मेदारी भी बनती है। उनका मानना है कि भारत का इतिहास और न्याय की सोच ऐसे फैसलों के खिलाफ खड़ी होती है, लेकिन अभी सरकार का रुख उससे अलग नजर आ रहा है। टार्चर एंड जेनोसाइड रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अक्टूबर 2023 से इजरायल ने गाजा और डिटेंशन सेंटर्स में फलस्तीनियों के खिलाफ व्यवस्थित यातना का इस्तेमाल किया। रिपोर्ट में गाजा को बहुत बड़ा यातना शिविर बताया गया है। इसी रिपोर्ट के आधार पर अल्बनीज ने भारत की भूमिका पर टिप्पणी करते हुए कहा कि इजरायल के साथ करीबी संबंधों के चलते भारत अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों का उल्लंघन कर रहा है और उसे इसकी जिम्मेदारी उठानी पड़ सकती है। इसी संदर्भ में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फरवरी में इजरायल यात्रा और 'स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' का जिक्र किया। उनके अनुसार, यह संबंध अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को कमजोर करने की दिशा में जाता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि टार्चर केवल जेलों तक सीमित नहीं है। निगरानी, फेस रिकग्निशन, ड्रोन और चेकपाइंट्स के जरिए फिलिस्तीनियों के जीवन पर लगातार नियंत्रण रखा जा रहा है। इससे उनकी रोजमर्रा की जिंदगी भी एक तरह के मानसिक और सामाजिक दबाव में रहती है। अल्बनीज ने बताया कि गाजा में हालात बेहद खराब हैं। करीब 1,90,000 लोग 50 वर्ग किमी से कम इलाके में रह रहे हैं। वहां दवाइयों, साफ-सफाई और सुरक्षा की भारी कमी है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति कंसंट्रेशन कैंप से भी बदतर हो गई है। उन्होंने यह भी कहा कि जेलों के अंदर और बाहर दोनों जगह एक जैसी नीतियां लागू हैं, जैसे भूख से दबाव बनाना और बुनियादी जरूरतों से वंचित रखना। उनके मुताबिक, यह सब लोगों की उम्मीद खत्म करने की कोशिश है।

■ इंटरनेशनल कोर्ट आफ जस्टिस ने इजरायल के कब्जे को गलत बताया है और देशों से हथियारों का लेन-देन रोकने को कहा है: फ्रांसेस्का



# जापान दूसरे देशों को घातक हथियार बेचेगा

## 50 साल बाद टोक्यो ने नीति में बदलाव किया, ऑस्ट्रेलिया के साथ 7 अरब डॉलर का समझौता

**टोक्यो।** जापान ने सेकेंड वर्ल्ड वॉर के बाद अपनी शांतिवादी नीति में बड़ा बदलाव किया है। प्रधानमंत्री साने ताकाइची की कैबिनेट ने घातक हथियारों के निर्यात पर लगी दशकों पुरानी रोक हटा दी है। इसके तहत अब जापान फाइटर जेट, मिसाइल और वारशिप जैसे हथियार दूसरे देशों को बेच सकेगा। मंगलवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए ताकाइची ने कहा कि अब सभी रक्षा उपकरणों का ट्रांसफर संभव होगा। उन्होंने कहा कि हथियार सिर्फ उन देशों को दिए जाएंगे जो यूएन चार्टर (संविधान) के मुताबिक उनका इस्तेमाल करने का वादा करेंगे। जापान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि कई देश जापानी हथियार खरीदने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं।

हाल ही में जापान और आस्ट्रेलिया के बीच 7 अरब डॉलर का समझौता हुआ है। इसके तहत मित्सुबिशी हेवी इंडस्ट्रीज आस्ट्रेलियाई नौसेना के लिए 11 में से पहले 3 वारशिप बनाएगी। इससे पहले 1976 में लागू प्रावधानों के तहत जापान सिर्फ गैर-घातक सैन्य उपकरण ही निर्यात कर सकता था। इनमें निगरानी और माइन स्वीपिंग जैसे उपकरण शामिल थे। आस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस और जापान के रक्षा मंत्री कोइजुमी शिंजिरो ने मेलबर्न में मेमोरेंडम पर साइन किए। सेकेंड वलर्ड वार और हिरोशिमा-नागासाकी परमाणु हमले के बाद जापान ने तय किया कि वह युद्ध से दूर रहेगा। संविधान के आर्टिकल 9 में साफ लिखा गया कि जापान युद्ध नहीं करेगा और सेना सिर्फ आत्मरक्षा तक सीमित रहेगी। इसी वजह से जापान ने सेल्फ डिफेंस फोर्स (एसडीएफ) बनाई। 1976 में जापान ने घातक हथियारों के निर्यात पर लगभग पूरी तरह रोक लगा दी। हालांकि 2014 में थोड़ी ढील दी गई लेकिन सख्त सीमाएं बनी रहीं। अब नए फैसले में जापान ने अपनी शांति नीति में बड़ा बदलाव किया है। अल जजीरा के मुताबिक, इस फैसले के तहत कम से कम 17 देश जापान से हथियार खरीद सकेंगे। इसमें आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, फिलीपींस और इंडोनेशिया जैसे देश शामिल हैं। अगर और देश जापान के साथ समझौते करते हैं तो यह सूची बढ़ सकती है। वहीं, जापानी अखबार असाही के मुताबिक जापान उन देशों को हथियार नहीं बेचेगा जहां फिलहाल युद्ध चल रहा है। हालांकि विशेष परिस्थितियों में जैसे राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला हो तो इसमें छूट दी जा सकती है। बदलते सुरक्षा हालात की वजह से यह बदलाव लाया गया हैं। खासतौर पर इंडो-पैसिफिक में चीन की बढ़ती ताकत, उत्तर कोरिया के मिसाइल टेस्ट और रूस-यूक्रेन युद्ध जैसे घटनाक्रम इसकी बड़ी वजह माने जा रहे हैं। अब जापान सिर्फ शांतिवादी देश नहीं रहना चाहता बल्कि क्षेत्रीय सुरक्षा में एक सक्रिय और जिम्मेदार साझेदार बनना चाहता है। अल जजीरा के मुताबिक, ताकाइची ने इस फैसले को बदलते वैश्विक हालात से जोड़ा। उनके अनुसार, मौजूदा समय में कोई भी देश अकेले अपनी शांति और सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकता इसलिए सहयोग और साझेदारी जरूरी हो गई है। जापान के इस फैसले को सिर्फ विदेश नीति का बदलाव नहीं, बल्कि उसके डिफेंस इंडस्ट्री के लिए बड़ा टर्निंग पाइंट माना जा रहा है। दशकों तक हथियार निर्यात पर रोक होने की वजह से जापान की रक्षा कंपनियां घरेलू आर्डर तक सीमित थीं जिससे उनकी ग्रोथ धीमी रही। अब यह बाधा हटने से कंपनियों के लिए वैश्विक बाजार खुल गया है जिससे घरेलू डिफेंस इंडस्ट्री को स्केल (पैमाना) बढ़ाने का मौका मिलेगा। सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि जापानी कंपनियों को बड़े पैमाने पर नए ग्राहक मिलेंगे। अभी तक अमेरिका, रूस और यूरोपीय देशों का हथियार बाजार पर दबदबा था, लेकिन अब जापान भी इसमें एंट्री कर रहा है। रोजगार और इकोनामी पर भी इसका असर पड़ेगा।



■ हाल ही में जापान और आस्ट्रेलिया के बीच 7 अरब डॉलर का समझौता हुआ है
■ 1976 में जापान ने घातक हथियारों के निर्यात पर लगभग पूरी तरह रोक लगा दी

### ब्रिटेन और फ्रांस परमाणु शुरू कर रहे हैं हथियारों की होड़: रूस

**मास्को।** रूस ने कहा है कि ब्रिटेन और फ्रांस अपनी परमाणु क्षमता में वृद्धि करके परमाणु हथियारों की होड़ को जन्म दे रहे हैं। यह परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के लक्ष्यों के अनुरूप नहीं है। यह बात रूस के उप विदेश मंत्री अलेक्जेंडर ग्रुशको ने रूसी न्यूज एजेंसी स्पुतनिक के साथ साक्षात्कार में कही। उन्होंने कहा कि फ्रांस के नए सैद्धांतिक दृष्टिकोण कई मायनों में एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका की विस्तारित परमाणु निवारण नीति की याद दिलाते हैं और वे खुले तौर पर उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के संयुक्त परमाणु मिशनों में सहायक बनने की योजनाओं को भी उजागर करते हैं। ग्रुशको ने कहा कि ऐसे कदम नाटो के सदस्य देशों की उकसाने वाली सैन्य-परमाणु गतिविधियों के सामान्य पैटर्न के अनुरूप हैं, जो हमारे देश के खिलाफ हैं। ब्रिटेन ने पहले भी अपनी परमाणु क्षमताओं में वृद्धि की घोषणा की थी और वह भी रूस-विरोधी नारों के तहत। यह अपने आप में हथियारों की होड़ को बढ़ाने का काम करता है, जो न केवल एनपीटी के लक्ष्यों के अनुरूप नहीं है, बल्कि संधि के प्रत्यक्ष दायित्वों के भी सीधे तौर पर विपरीत है।

# वेंस के साथ पाकिस्तान में दिखा विवादित करोबारी

**इस्लामाबाद।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की पाकिस्तान यात्रा के दौरान एक विवादित कारोबारी की मौजूदगी ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

उमर फारूक जहूर, जिसे नार्वे में बैंक फ्राड और मनी लान्ड्रिंग के मामलों में वांछित बताया जाता है, इस्लामाबाद में अमेरिकी अधिकारियों के साथ नजर आया। 11 अप्रैल को वेंस के इस्लामाबाद पहुंचने के दौरान सामने आए एक वीडियो में अमेरिकी दूत स्टीव विटकाफ उन्हें एक शख्स से मिलवाते दिखे। बाद में उस शख्स की पहचान जहूर के रूप में हुई। यह मुलाकात ऐसे समय हुई जब वेंस ईरान से जुड़ी शांति वार्ता के लिए पाकिस्तान पहुंचे थे। जहूर पाकिस्तान मूल का कारोबारी है, जिसका जन्म नार्वे के ओस्लो में हुआ और वह फिलहाल दुबई में रहता है। वह खुद को निवेशक और उद्यमी बताता है। हालांकि उसकी छवि अलग-अलग देशों में अलग है। यूरोप में उस पर गंभीर आरोप हैं, जबकि पाकिस्तान में उसे एक सफल निवेशक के तौर पर देखा जाता है। नार्वे की एजेंसियों के अनुसार, जहूर 2010 से नार्डिया बैंक से जुड़े फ्राड केस में वांछित है और उस पर मनी लान्ड्रिंग के आरोप भी हैं। उसे 2003 में गबन के मामले में सजा भी हो चुकी है।

■ जहूर पाकिस्तान मूल का कारोबारी है, जिसका जन्म नार्वे के ओस्लो में हुआ

## जब तक समझौता नहीं हो जाता नहीं हटाएंगे नाकेबंदी: ट्रम्प


**वाशिंगटन।** अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि जब तक ईरान के साथ कोई समझौता नहीं हो जाता, तब तक अमेरिका ईरानी बंदरगाहों से अपनी नाकेबंदी नहीं हटाएगा। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय आया है जब इस बात को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है कि युद्ध खत्म करने को लेकर दोनों देशों के बीच नई बातचीत होगी या नहीं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा है कि एक हफ्ता पहले शुरू हुई यह नाकेबंदी ईरान को पूरी तरह तबाह कर रही है और अमेरिका इस संघर्ष में काफी आगे चल रहा है।

# नोबेल शांति पुरस्कार की बढ़ रही चाहत

## ट्रम्प के बाद अब पाक के पीएम और सेना प्रमुख को भी सम्मानित करने की उठी मांग

**इस्लामाबाद।** पाक के खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा में मंगलवार को एक प्रस्ताव पेश किया गया। इस प्रस्ताव में पाक के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को नोबेल शांति पुरस्कार देने की सिफारिश की गई है।

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) की विधायक फराह खान ने यह प्रस्ताव विधानसभा सचिवालय में पेश किया। प्रस्ताव में कहा गया है कि इन दोनों नेताओं ने अपनी कूटनीति से क्षेत्रीय तनाव को कम करने में बड़ी भूमिका निभाई है। दुनिया और क्षेत्र में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच पाकिस्तान ने बहुत ही जिम्मेदारी और समझदारी से काम लिया। प्रस्ताव के मुताबिक, सदन क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शांति को बढ़ावा देने में पाकिस्तान के योगदान को स्वीकार किया है। इस प्रस्ताव में शहबाज शरीफ और असीम मुनीर के नेतृत्व की जमकर तारीफ की गई है। इसमें उनके दूरदर्शी नेतृत्व, रणनीतिक सूझबूझ और कूटनीतिक प्रयासों को सराहा गया है। प्रस्ताव का दावा है कि इन कोशिशों की वजह से पाकिस्तान की वैश्विक साख बढ़ी है। पाकिस्तान अब दुनिया के सामने एक जिम्मेदार और शांति चाहने वाले देश के रूप में उभरा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पाकिस्तान की इस भूमिका को पहचान मिली है। प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि पाकिस्तान की कोशिशों ने एक संभावित वैश्विक संकट को टालने में मदद की। इससे दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले दबाव को भी कम किया जा सका। इन्हीं योगदानों को देखते हुए शहबाज शरीफ और असीम मुनीर का नाम नोबेल शांति पुरस्कार के लिए भेजने की सिफारिश की गई है। हालांकि, राजनीतिक जानकारों का कहना है कि इस प्रस्ताव पर सदन में चर्चा होने की संभावना कम है। क्योंकि, खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के पास बहुमत है। पीटीआई इस प्रस्ताव का विरोध कर सकती है। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने साल 2022 में असीम मुनीर को सेना प्रमुख बनाने का विरोध किया था।



■ प्रस्ताव में यह भी कहा: पाकिस्तान की कोशिशों ने एक संभावित वैश्विक संकट को टालने में मदद की

# ट्रम्प के ऐलान से पहले दांव लगाकर करोड़ों कमाए

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल के दौरान एक दिलचस्प और विवादित ट्रेंड देखने को मिला है। कई ट्रेडर्स (शेयर बाजार में दांव लगाने वाले लोग) बड़े ऐलान से ठीक पहले करोड़ों डॉलर के दांव लगाते दिखे हैं। बीबीसी ने अलग-अलग फाइनेंशियल मार्केट के ट्रेड डेटा का विश्लेषण किया और उसे ट्रम्प के बड़े बयानों और घोषणाओं के समय से मिलाया। इसमें एक पैटर्न सामने आया कि कई बार उनके बयान आने से कुछ घंटे या मिनट पहले ही ट्रेडिंग में अचानक तेज उछाल दिखा। कुछ एक्सपर्ट का मानना है कि यह इनसाइडर ट्रेडिंग का मामला हो सकता है। यानी सूचनाएं पहले ही लीक हो रही थीं, जिससे आम निवेशकों के भरोसे के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

■ बयान से कुछ मिनट पहले ट्रेडिंग में अचानक तेज उछाल, इनसाइडर ट्रेडिंग का शक गहराया

## धमकियों के बीच अमेरिका से बातचीत नहीं करेगा ईरान: गालिबाफ

**तेहरान।** ईरान ने धमकी के दबाव में अमेरिका के साथ बातचीत करने से इन्कार किया है। ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगर गालिबाफ ने ईरान को समझौता करने के लिए मजबूर करने के मकसद से अमेरिका की ओर से अपनाए जा रहे हथकंडों (जिसमें नौसैनिक नाकेबंदी भी शामिल है) की कड़ी निंदा की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि ईरान युद्ध के मैदान में अपने नए पत्ते खोलने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# भारतीय के हत्यारे को उम्रकैद की सजा सुनाई

## गाजियाबाद यूपी के छात्र कार्तिक वासुदेव को कनाडा के टोरंटो स्थित हाईकोर्ट से मिला इंसाफ

**टोरंटो।** टोरंटो की एक अदालत ने भारतीय छात्र कार्तिक वासुदेव की हत्या के मामले में दोषी व्यक्ति को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी की मानसिक बीमारी के आधार पर आपराधिक जिम्मेदारी से मुक्त किए जाने की मांग खारिज कर दी। टोरंटो की उच्च न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति जेन केली ने आरोपी रिचर्ड एडविन को दो अलग-अलग हत्याओं में प्रथम श्रेणी हत्या का दोषी करार दिया। यह हत्याएं 7 अप्रैल और 9 अप्रैल 2022 को हुई थीं।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अदालत ने उसे बिना पैरोल की संभावना के आजीवन कारावास की सजा दी। मामले में आरोपी ने 21 वर्षीय कार्तिक वासुदेव को गोली मारने की बात स्वीकार की थी। हालांकि बचाव पक्ष ने दलील दी थी कि घटना के समय वह मानसिक बीमारी सिजोफेनिया से पीड़ित था और सही-गलत में फर्क करने की स्थिति में नहीं था, इसलिए उसे आपराधिक रूप से जिम्मेदार न माना जाए। अदालत ने माना कि आरोपी मानसिक बीमारी से जूझ रहा था, लेकिन यह दलील स्वीकार नहीं की कि वह अपने कृत्य की प्रकृति समझने में असमर्थ था। इसी आधार पर अदालत ने एनसीआर (आपराधिक रूप से उत्तरदायी नहीं) की याचिका खारिज कर दी। फैसले में अदालत ने बताया कि कार्तिक वासुदेव शेरबोर्न स्टेशन के पास ब्लूर स्ट्रीट ईस्ट की सीढ़ियों की ओर जा रहे थे, तभी आरोपी तेजी से उनके पास से निकला, फिर वापस मुड़ा और उनकी पीठ पर कई गोलियां दाग दीं। कार्तिक वासुदेव गाजियाबाद के रहने वाले थे और सेनेका कॉलेज में मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहे थे। वह जनवरी 2022 में उच्च शिक्षा के लिए कनाडा गए थे, लेकिन कुछ ही महीनों बाद उनकी हत्या कर दी गई। बताया गया था कि लूटपाट के चलते गोली मारी गई।



■ अदालत ने माना कि आरोपी मानसिक बीमारी से जूझ रहा था

